CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 21-12-2025 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP1 User: cci Time: 12-20-2025 23:36 Color:

महानगर > मुंबई > रविवार, 21 दिसंबर 2025 > मार्गशीर्ष 30, शक संवत 1947, पौष शुक्ल प्रतिपदा, विक्रम संवत 2082 WATCH GOD WATCHDOG वर्ष 17, संख्या 48 > मूल्य ₹6.00 > पेज 14 > आर. एन. आई. पंजीयन नंबर 27562 www.nbt.in



टॉप ऑर्डर में एक विकेटकीपर और नीचे रिंकू या वाशी (वॉशिंगटन) को रखना चाहते थे, इसलिए ऊपर एक एक्स्ट्रा विकेटकीपर रखना पड़ा। गिल की फॉर्म पर कोई सवाल नहीं है। -सूर्यकुमार यादव

# NBT संडे नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 19001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 19001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

हमें पता है कि वह गिल शानदार खिलाड़ी है, लेकिन अभी शायद उनके बल्ले से उतने रन नहीं निकल पा रहे। कॉम्बिनेशन के लिए हम ऐसा विकेटकीपर चाहते थे जो शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी कर सके। -अजित अगरकर



# T20 वर्ल्ड कप की टीम से गिल आउट, ईशान इन

## T20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए शनिवार को किया गया टीम इंडिया का ऐलान, अक्षर पटेल होंगे शुभमान गिल की जगह उपकप्तान, रिंकू सिंह भी टीम में

### ईशान किशन की वापसी

■ पीटीआई, मुंबई: T20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए भारतीय टीम का ऐलान कर दिया गया है। अक्षर पटेल को उपकप्तान बनाया गया है। विकेटकीपर संजू सैमसन को टीम में शामिल किया गया। शानदार फॉर्म में चल रहे ईशान किशन विकेटकीपर बैटर के तौर पर तो एशिया कप जीतने वाली टीम के सदस्य रहे रिंकू सिंह ने जितेश की जगह मुख्य फिनिशर के रूप में वापसी की है। शुभमान गिल को टीम से बाहर कर दिया गया है। इस पर चीफ सिलेक्टर अजित अगरकर ने कहा- चयन में कॉम्बिनेशन का ध्यान रखना होता है। हम ऐसे विकेटकीपर चाहते थे जो शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी कर सके।



**ये खिलाड़ी वर्ल्ड कप टीम में चुने गए।** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल (उपकप्तान), कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, वरुण चक्रवर्ती, ईशान किशन (विकेटकीपर) और रिंकू सिंह।

▸▸खेल पेज 13



मुंबई के BCCI हेडक्वॉर्टर में सिलेक्शन कमिटी की मीटिंग की तस्वीर BCCI ने सोशल मीडिया (X) पर पोस्ट की।

### अक्षर पटेल वाइज कैप्टन



अक्षर पटेल को उपकप्तान बनाया गया है। वह पहले भी टी-20 टीम के उपकप्तान रह चुके हैं, लेकिन बड़े टूर्नामेंट में यह जिम्मेदारी पहली बार दी गई है।

### 7 फरवरी से शुरू हो रहा महामुकाबला

अगले साल 7 फरवरी से आईसीसी मेंस टी20 वर्ल्ड कप 2026 शुरू होगा और फाइनल मैच 8 मार्च को होगा। इस टूर्नामेंट में 20 टीमें हिस्सा लेंगी। टूर्नामेंट भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में 29 दिनों तक आठ जगहों पर खेला जाएगा। इनमें पांच वेन्यू भारत में और तीन वेन्यू श्रीलंका में होंगे।

**भारत-पाकिस्तान**
**U-19 एशिया कप फाइनल आज**
समय - सुबह 10:30 बजे से
टेलिकास्ट: सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क और सोनीलिव पर

---

**खबरों के अंदर की बात**
**NBT Lens**
देखें पेज 12

## अंतर्ज्ञान

मनुष्य की सबसे बड़ी पहचान उसका वचन है। जब आप कोई बात कहते हैं और उसे निभाते हैं, तो आपके शब्दों में ऊर्जा भर जाती है। जो व्यक्ति अपने वचनों का सम्मान करता है, उसका अस्तित्व ही एक शक्ति बन जाता है। अपने हर वचन को देने से पहले सोचिए - क्या मैं इसे निभा पाऊंगा? क्योंकि शब्द एक बार बोले जाएं, तो वे हवा में नहीं, नियति में दर्ज हो जाते हैं। जब वाणी और कर्म एक हो जाएं, तब जीवन में असंभव कुछ नहीं रह जाता। वचन केवल शब्द नहीं, आत्मा की मुद्रा है। उसे सच्चाई से खर्च कीजिए, क्योंकि यही आपके विश्वास का पूंजी-खाता है। मुंह से कोई भी शब्द बिना पूर्व चिंतन-मनन के नहीं निकालें।

## फटाफट खबरें

### नोरा फतेही हादसे में घायल, हालत स्थिर

शनिवार शाम कलाकारा नोरा फतेही अंधेरी में हादसे का शिकार हो गईं।



शाम 7 बजे वह कार से सनबर्न फेस्टिवल में डीजे डेविड गुएटा के साथ कॉन्सर्ट में प्रस्तुति देने जा रही थीं। नशे में धुत कार चालक ने टक्कर मार दी। नोरा का सीटी स्कैन किया गया। उन्हें अंदरूनी चोटें आई हैं।

### मुंबई में पारा लुढ़का, 14.6 डिग्री पहुंचा

उत्तर भारत से आ रही सर्द हवा और कश्मीर-हिमाचल में हो रही बर्फबारी की वजह से मुंबई में ठंड बढ़ गई है। मुंबई का पारा लुढ़क कर 14.6 डिग्री सेल्सियस आ गया है। शुक्रवार की रात सबसे सर्द रात दर्ज की गई। अब मुंबई और महाबलेश्वर के तापमान में सिर्फ दो डिग्री का ही फर्क है। ▸▸पेज 10

### राहुल गांधी के खिलाफ कोर्ट में सुनवाई टली

भिवंडी स्थित एक अदालत ने महात्मा गांधी की हत्या पर टिप्पणी को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ



RSS के एक कार्यकर्ता द्वारा दायर मानहानि मामले की सुनवाई शनिवार को 17 जनवरी तक के लिए स्थगित कर दी। राहुल ने कथित तौर पर बयान दिया था कि गांधी की हत्या के लिए RSS जिम्मेदार था।

### राज्य पर BMC का 10,900 करोड़ बकाया

बीएमसी का राज्य सरकार पर बकाया 10, 900 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। बीएमसी ने राज्य सरकार के उन 20 डिपार्टमेंट्स के हेड को लेटर लिखा है, जिन पर बकाया है। बीएमसी ने कहा है कि हमें फंड की जरूरत है, इसलिए बकाया भुगतान जल्द किया जाए। बकाये में सहायता अनुदान और प्रॉपर्टी टैक्स के लिए 7 हजार करोड़ से ज्यादा की रकम शामिल है।

**मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| कोलाबा | 32.2 | 20.1 |
| सांताक्रूज | 33.8 | 14.6 |
| सूर्यास्त रविवार | 6:06 बजे | |
| सूर्योदय सोमवार | 7:08 बजे | |

संडे नवभारत टाइम्स — सड़क मार्ग अतिरिक्त मूल्य 1.00 रुपया मुंबई, ठाणे और रायगढ़ जिले के बाहर।

---

# एयर इंडिया एक्सप्रेस के पायलट ने यात्री को पीटा

## मंत्रालय ने दिए जांच के आदेश, सस्पेंड

■ मनीष अग्रवाल/अभिषेक गौतम, नई दिल्ली

**दिल्ली एयरपोर्ट** T-1 पर शुक्रवार दोपहर एयर इंडिया एक्सप्रेस के कैप्टन पायलट वीरेंद्र सेजवाल ने यात्री अंकित दीवान को उनकी पत्नी और बच्चों के सामने बुरी तरह पीट दिया। अंकित ने लहूलुहान चेहरा सोशल मीडिया पर साझा किया, जिसके बाद मामला तूल पकड़ा।

अंकित की शिकायत के 12 घंटे बाद नागर विमानन मंत्रालय ने एयरलाइंस को आरोपी पायलट को तुरंत ग्राउंड करने और जांच शुरू करने का आदेश दिया। CISF और BSAS से रिपोर्ट मांगी गई है। एयर इंडिया एक्सप्रेस ने पायलट को ड्यूटी से हटाया है, लेकिन कहा कि नो-फ्लाई लिस्ट में डालने का फैसला इंडिगो और दिल्ली एयरपोर्ट का होगा, क्योंकि वह इंडिगो की फ्लाइट से यात्रा कर रहा था। पुलिस का कहना है, शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी, जो अभीतक मिली नहीं है।

अंकित ने कहा, जब पायलट आपा खो सकते हैं, तो क्या फ्लाइट को उनके भरोसे छोड़ा जा सकता है। एयरपोर्ट पर स्टाफ एंट्री को बच्चों वाले यात्रियों के साथ मिला देना सुरक्षा से भी समझौता है।



**क्या था मामला:** यात्री अंकित ने बताया सिक्युरिटी चेकइन पर लाइन तोड़ने पर आपत्ति जताई तो पायलट वीरेंद्र (कान पर मोबाइल लगाए) ने गाली दी, फिर पीटा।

### 'धैर्य से काम लें'

**साइकोथेरपिस्ट और काउंसलर डॉ रागिनी सिंह का कहना है कि बातचीत में सामने वाला आक्रामक हो तो बहस करने के बजाय धैर्य से काम लें। ऐसे समय में आत्मसम्मान के नाम पर विवाद बढ़ाना सही नहीं होता। लेकिन अधिकारियों से शिकायत किए बिना छोड़ देना सही नहीं।**



### बच्चे को खेलता देख गुस्से में मारी लात

**बेंगलुरु के** त्यागराजनगर में 35 वर्षीय पूर्व जिम ट्रेनर रंजन एम उर्फ रंजीत पर कई बच्चों पर हमला करने के आरोप लगे हैं। 14 दिसंबर की घटना में उसने लालबाग के पास डोड्डामावल्लि में खेल रहे 5 साल के बच्चे को लात मार दी। बच्चे की मां ने CCTV सबूतों के साथ शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने कहा, पूछताछ के दौरान, उसने कई बच्चों पर हमला करने की बात कबूल की, और दावा किया कि सड़क पर बच्चों के चिल्लाने और खेलने से उसे बेचैनी और गुस्सा आता था। रंजन मनोचिकित्सा करवा रहा है। उसे गिरफ्तार कर बेल पर छोड़ दिया गया, जबकि परिवार उसे इलाज के लिए मदुरै ले गया है। उसके मेडिकल रिकॉर्ड जमा किए जा रहे हैं। पुलिस ने अभिभावकों से सतर्क रहने की अपील की है।



# घुसपैठियों को बचाने के लिए SIR के खिलाफ TMC: मोदी

■ भाषा, कोलकाता: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। मोदी ने राज्य में बीजेपी के प्रमुख चुनावी मुद्दे घुसपैठ पर भी बात की और आरोप लगाया कि घुसपैठियों को बंगाल में टीएमसी का समर्थन व संरक्षण मिला हुआ है। टीएमसी एसआईआर प्रक्रिया का विरोध कर रही है ताकि घुसपैठियों को पहचाने जाने से बचाया जा सके। यही पार्टी का असली रूप है।

मोदी ने बाद में असम के गुवाहाटी में भी रैली की और कांग्रेस पर पूर्वोत्तर की उपेक्षा का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने उन घुसपैठियों को संरक्षण दिया, जिन्होंने जमीनों पर कब्जा कर लिया। चुनाव आयोग ने वोटर लिस्ट का विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) इसलिए शुरू किया ताकि पक्का किया जा सके कि घुसपैठिये चुनाव प्रक्रिया से बाहर हों लेकिन 'देशद्रोही' उन्हें बचाने की कोशिश कर रहे हैं।



पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस का 'महाजंगलराज' खत्म कर देंगे। -नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



किसानों, मजदूरों और गरीबों के हक के लिए सरकार से लड़ने को तैयार हैं। -सोनिया गांधी, कांग्रेस नेता

### मनरेगा पर केंद्र का बुलडोज़र: सोनिया

कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने केंद्र पर मनरेगा कानून को कमजोर करने के लिए उस पर बुलडोजर चलाने का आरोप लगाया। कहा, बिना विपक्ष के विश्वास के सरकार ने इसका स्वरूप बदल दिया। वह गरीबों के हक के लिए सरकार से लड़ने को तैयार है। बीजेपी ने कहा कि बिल पर संसद में विस्तार से चर्चा हुई है।

## NCP (अजित) के 8 पूर्व नगरसेवक BJP में शामिल

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: बीजेपी प्रदेश कार्यालय में अजित पवार की एनसीपी के पिंपरी चिंचवड के 8 पूर्व नगरसेवक बीजेपी में शामिल हो गए। पुणे और पिंपरी चिंचवड में दोनों के अलग-अलग चुनाव लड़ने की संभावना है। एनसीपी छोड़ने वालों में स्थायी समिति के पूर्व अध्यक्ष उत्तम वाघेरे, पूर्व उपमहापौर प्रभाकर वाघेरे, राजू मिसाल, पूर्व चेयरमैन प्रशांत शितोले आदि शामिल हैं। ▸▸पेज 2

## कांग्रेस अकेले ही लड़ेगी BMC चुनाव: चेन्निथला

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: महाराष्ट्र कांग्रेस बीएमसी चुनाव अकेले लड़ने के फैसले पर कायम है। पार्टी के प्रदेश प्रभारी रमेश चेन्निथला ने शनिवार को साफ किया कि चुनाव कांग्रेस अपनी ताकत पर लड़ेगी। पार्टी इसकी तैयारी में लग गई है। जल्द पार्टी घोषणापत्र (मैनिफेस्टो) भी जारी करेगी। चेन्निथला ने कहा कि कार्यकर्ताओं की इच्छा है कि स्थानीय चुनाव अकेले लड़े जाएं। ▸▸पेज 2

---

## सीरिया में US की एयरस्ट्राइक, 5 आतंकी ढेर

■ एएफपी, वॉशिंगटन : सीरिया में पिछले हफ्ते अमेरिकी सैनिकों पर हमले का जवाब देते हुए अमेरिका ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई की। अमेरिकी सेना ने लड़ाकू विमानों से इस्लामिक स्टेट (IS) के 70 से ज्यादा ठिकानों पर बमबारी की।

**ट्रंप ने कहा- यह एक गंभीर बदला है**

रिपोर्ट्स के अनुसार, हमले में कम से कम 5 IS आतंकी मारे गए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने इसे गंभीर बदला करार दिया है। दरअसल, 13 दिसंबर को सीरिया के पल्मायरा में एक आतंकी हमले में दो अमेरिकी सैनिकों और एक नागरिक की मौत हो गई थी। इस ऑपरेशन में जॉर्डन की वायुसेना ने भी हिस्सा लिया, ताकि आतंकियों को क्षेत्र की सुरक्षा के लिए खतरा बनने से रोका जा सके। यह हमला पिछले साल दिसंबर में बशर अल-असद की सत्ता गिरने के बाद की पहली बड़ी सैन्य कार्रवाई है। ▸▸पेज 14

## 23 नगर परिषदों-नगर पंचायतों के लिए पड़े वोट

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : राज्य की 23 नगर परिषद, नगर पंचायतों के अध्यक्ष और सदस्य पदों के साथ ही विभिन्न नगर परिषद और नगर पंचायतों में कुल 143 सदस्य पदों के चुनाव के लिए शनिवार को मतदान हुआ। राज्य चुनाव आयोग के अनुसार दिन में 3. 30 बजे तक 47.04% मतदान हुआ। मतदाताओं को धन बांटने और ईवीएम में छेड़छाड़ के आरोपों के बीच ठाणे जिले की अंबरनाथ नगर परिषद के लिए वोटिंग हुई। आयोग ने राज्य की 288 नगर परिषद और नगर पंचायतों के चुनाव का कार्यक्रम 4 नवंबर को घोषित किया था। इसके तहत 2 दिसंबर को 263 नगर परिषद और नगर पंचायतों का चुनाव हुआ। बाकी स्थानों पर 20 दिसंबर को वोटिंग हुई। 23 नगर परिषद और नगर पंचायतों के चुनाव अदालत में अपील और चुनाव प्रक्रिया में विभिन्न बाधाओं की वजह से 20 दिसंबर तक टाल दिए गए थे। सभी 288 नगर परिषद और नगर पंचायतों के चुनावों की मतगणना 21 दिसंबर सुबह 10 बजे से शुरू होगी।

AI Image



### हुआ बोगस मतदान, रोके गए वोटर

राज्य में कुछ स्थानों पर बोगस मतदान के आरोप लगे। कई जगह पैसों का लालच देने की घटनाएं सामने आईं और मतदाताओं को वोट डालने से रोका गया। नांदेड़ के धर्माबाद में महिलाओं को पैसे का लालच दिया गया। कुछ जगह वोटर्स को बहलाया-फुसलाया गया। कोल्हापुर, कोपरगांव और बारामती में भी मतदान के दौरान विवाद और बोगस वोटिंग की घटनाएं सामने आईं। ▸▸पेज 2

## इमरान खान, पत्नी को भ्रष्टाचार मामले में सजा

■ पीटीआई, इस्लामाबाद : पाकिस्तान की अदालत ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को तोशाखाना-2 भ्रष्टाचार मामले में 17-17 साल कैद की सजा सुनाई है। दोनों पर पाकिस्तान दंड संहिता की धारा 409 (आपराधिक विश्वासघात) और भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम की धाराओं के तहत सजा का फैसला हुआ है। दोनों पर 1.64 करोड़ रुपये जुर्माना भी लगाया गया है।



सजा की घोषणा विशेष न्यायाधीश शाहरुख अर्जुमंद ने रावलपिंडी की अदियाला जेल में की, जहां खान और उनकी पत्नी बंद हैं। फैसले में कहा गया है कि अदालत ने सजा सुनाते समय इमरान अहमद खान नियाजी की उम्र के साथ यह भी ध्यान में रखा कि बुशरा इमरान खान एक महिला हैं। इन दोनों तथ्यों को ध्यान में रखते हुए नरमी रुख अपनाकर अधिक सजा की तुलना में कम सजा सुनाई गई।

## नई गाइडलाइंस : एयर क्वालिटी घटेगी, तो ठेकेदारों की जेब कटेगी

Neeraj.Tiwari@timesofindia.com

■ मुंबई : BMC प्रशासन की ओर से वायु प्रदूषण के लिए जारी की गई 28 गाइडलाइन्स का पालन न करनेवालों पर सख्ती बढ़ा दी गई है। BMC कमिश्नर भूषण गगरानी द्वारा मंजूर नए प्रस्ताव के अनुसार, नियम तोड़ने वालों पर 1 लाख रुपये तक की पेनल्टी लगाई जाएगी। नई पेनल्टी कब से लागू की जाएगी, इसकी अधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।

**AQI गाइडलाइन्स नहीं की फॉलो, तो लगेगी 1 लाख की पेनल्टी**

अभी BMC द्वारा कंस्ट्रक्शन साइट पर एयर क्वालिटी नियम का पालन न करने वालों पर 10,000 रुपये की पेनल्टी लगती है। कई बार एक ही कंस्ट्रक्शन साइट पर नियमों का पालन न करने के एक से अधिक मामले पाए गए हैं। ऐसे में नया प्रस्ताव लाया गया है। इसमें यदि कहीं गाइडलाइन का पालन न हो रहा हो तो पहली बार 10,000 रुपये की पेनल्टी लगाई जाएगी। दोबारा ऐसा हुआ, तो 50,000 रुपये की पेनल्टी लगाई जाएगी। फिर भी नियम टूटता है तो 1 लाख रुपये की पेनल्टी लगाई जाएगी।

मुंबई में वायु प्रदूषण को कम करने के लिए BMC प्रशासन द्वारा वर्ष 2023 में 28 गाइडलाइन्स लागू की गई थीं। नियमों का पालन न करने से वर्ष 2025 में अब तक सरकारी और प्राइवेट प्रोजेक्ट्स को प्रशासन की ओर से करीब 10,000 कारण बताओ और काम बंद करने के वर्क स्टॉप नोटिस भेजे जा चुके हैं।

AI Image



**गाइडलाइन्स का पालन न करनेवालों पर बढ़ी सख्ती**

**BMC कमिश्नर भूषण गगरानी ने मंजूर किए नए प्रस्ताव**

### जनवरी से लागू हो सकती है नई पेनल्टी

BMC अधिकारी ने बताया कि मुंबई में आचार संहिता लागू है, इसलिए हमें राज्य चुनाव आयोग से भी इसकी मंजूरी लेनी है। इसके बाद ही नए नियम की आधिकारिक घोषणा होगी। सभी वॉर्ड में इसकी सूचना देना और उनके अंतर्गत आने वाले ठेकेदारों को भी इससे अवगत कराना होगा। इसमें 10 से 15 दिन का समय लगेगा।

---

**इंकलाब मंच की वॉर्निंग** जनाजे में मोहम्मद यूनुस ने कहा- हादी तुम हमेशा याद रखे जाओगे, लोग तुम्हें कभी नहीं भूलेंगे।

# हादी के हत्यारों की गिरफ्तारी पर बांग्लादेश सरकार को मिला 24 घंटे का अल्टिमेटम



**ढाका में कड़ी सुरक्षा** के बीच भारी भीड़ ने जनाजे की नमाज अदा की।

■ भाषा, ढाका: बांग्लादेश में इंकलाब मंच के युवा नेता शरीफ उस्मान हादी को शनिवार को सुपुर्द-ए-खाक किया गया। जनाजे में हजारों समर्थक शामिल हुए। बाद में इंकलाब मंच ने हत्यारों को पकड़ने का 24 घंटे का अल्टिमेटम बांग्लादेश सरकार को दिया है।

अगर रविवार शाम 5:15 बजे तक हादी के हत्यारों की गिरफ्तारी के बारे में सरकार से कोई जवाब नहीं आता है, तो वे शाहबाग में फिर से धरना देंगे। अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस भी जनाजे में शामिल हुए। ▸▸पेज 14

### हिंदू युवक की हत्या के मामले में 7 अरेस्ट

**बांग्लादेश की** अंतरिम सरकार ने शनिवार को कहा कि कथित ईशनिंदा के आरोप में हिंदू युवक की हत्या किए जाने के मामले में सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने कहा कि विभिन्न स्थानों पर अभियानों के दौरान गिरफ्तारियां की गईं और गिरफ्तार लोगों की उम्र 19 से 46 साल के बीच है।

## BSF भर्ती में पूर्व अग्निवीरों का कोटा 50% हुआ

■ पीटीआई, नई दिल्ली: केंद्र सरकार ने सीमा सुरक्षा बल (BSF) में कॉन्स्टेबल भर्ती के लिए पूर्व अग्निवीरों का आरक्षण बढ़ाकर 50% कर दिया है। पहले यह कोटा 10% था। यह बदलाव BSF जनरल ड्यूटी काडर भर्ती नियम, 2015 में संशोधन करके किया गया है। पहले बैच के पूर्व अग्निवीरों को अधिकतम आयु सीमा में 5 साल की छूट मिलेगी। अन्य पूर्व अग्निवीरों को 3 साल की छूट दी जाएगी। नए नियमों के तहत हर भर्ती वर्ष में 50% पद पूर्व अग्निवीरों के लिए आरक्षित होंगे।

**भर्ती नियम, 2015 में किया गया संशोधन**

## असम: ट्रेन से टकराए 7 हाथियों की मौत, 1 घायल

■ भाषा, गुवाहाटी: असम के होजाई जिले में शुक्रवार देर रात हाथियों का एक झुंड सायरंग-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस की चपेट में आ गया। हादसे में सात हाथियों की मौत हो गई। एक अन्य घायल हो गया।

मृत सातों हाथियों का पोस्टमार्टम किया जा रहा है और घायल हाथी का इलाज स्थानीय पशु चिकित्सकों द्वारा किया जा रहा है। हादसा घने कोहरे की वजह से हुआ। इसके बाद, 9 ट्रेनें रद्द कर दी गई हैं और कई का रूट बदला गया है। ट्रेन का इंजन और 5 डिब्बे पटरी से उतर गए थे। कोई यात्री घायल नहीं हुआ है।

**घने कोहरे की वजह से हुआ हादसा, 9 ट्रेनें रद्द की गईं** AFP



अधिकारियों ने बताया कि तड़के दो बजकर 17 मिनट पर हुई इस घटना में कोई यात्री घायल नहीं हुआ है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 21-12-2025 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP10 User: cci Time: 12-20-2025 22:56 Color:



# पुराने स्मार्टफोन से करें ये 7 काम

**आज स्मार्टफोन की लाइफ बहुत कम हो गई है। नया मॉडल, नए फीचर्स आते ही 2-3 साल में नया मोबाइल हाथ में आ जाता है। ऐसे में पुराना फोन अक्सर घर में कहीं पड़ा हुआ धूल खा रहा होता है। कई बार उसे बेचने का विचार मन में आता भी है तो कीमत बहुत कम लगाई जाती है। कई बार डेटा चोरी होने के डर से उसे बेचा ही नहीं जाता। अगर स्मार्ट तरीके से सोचें तो उस पुराने फोन के कई नए-नए इस्तेमाल किए जा सकते हैं। इसी बारे में बता रहे हैं वरुण आनंद**



Adobe Stock

## बदल दें सिक्युरिटी कैमरे में

पुराने स्मार्टफोन का सबसे अच्छा इस्तेमाल सिक्युरिटी कैमरे के रूप में किया जा सकता है। इसके लिए बस एक इंटरनेट कनेक्शन और एक ऐप की जरूरत होती है।

■ **ये ऐप आएंगे काम:** Alfred Home Security Camera, CCTV Security Camera: Visory जैसे कई ऐप आसानी से पुराने फोन को सिक्युरिटी कैमरे में बदल सकते हैं। ये दोनों ही ऐप एंड्रॉइड और iOS दोनों के लिए काम करते हैं।

■ **ऐसे करें यूज:** पुराने स्मार्टफोन को घर के किसी कोने में इस तरह लगा दें कि वह गिरे न और उसमें घर या कमरे का ज्यादा से ज्यादा ज्यादा से ज्यादा एरिया कवर हो रहा हो, जिसकी निगरानी करनी है। इसे दरवाजे के पास या कहीं भी लगा सकते हैं। दोनों फोन में एक ही ऐप इंस्टॉल करना होगा और एक ही अकाउंट से लॉगइन करना होगा। अब पुराना कैमरा सिक्युरिटी कैमरे की तरह और जो फोन यूज कर रहे हैं उसे लाइव स्क्रीन की तरह इस्तेमाल कर सकते हैं।

### इन बातों का रखें ध्यान

पुराने फोन में अक्सर कम स्टोरेज या बैटरी जल्द खत्म होने की परेशानी आती है। इसलिए बेहतर होगा कि उसके लिए ज्यादा स्टोरेज वाला मेमरी कार्ड ले लें। अगर बैटरी ज्यादा नहीं चलती तो उसे बदलवा लें। इसमें कम खर्च आएगा और नए फोन की तरह इन चीजों में इस्तेमाल कर सकेंगे।

## बना दें बच्चों की लर्निंग डिवाइस

आजकल बच्चों की ऑनलाइन पढ़ाई भी होती है। ऐसे में ऑडियो-विडियो लर्निंग और ड्राइंग ऐप काफी आम हैं। पुराने फोन को बच्चों की जरूरत के मुताबिक सेट कर सकते हैं।

■ **इस तरह से करें तैयार:** बच्चे को देने का मकसद लर्निंग या हल्का-फुल्का एंटरटेनमेंट है, इसलिए सबसे पहले उससे सभी सोशल मीडिया ऐप और गैरजरूरी ऐप हटा दें। सिर्फ बच्चों के लिए जरूरी लर्निंग ऐप, पजल्स, स्टोरी ऐप रखें, जैसे: YouTube Kids, Khan Academy Kids, Puzzle Kids: Jigsaw Puzzles, Duolingo: Language Lessons आदि। अगर बच्चे की उम्र कम है तो स्क्रीन टाइम लिमिट सेट करना न भूलें। इससे एक फायदा तो यह होगा कि बच्चा आपका फोन नहीं मांगेगा और दूसरा यह कि वह पुराने मोबाइल में लर्निंग ऐप से पढ़ाई और क्रिएटिव ऐक्टिविटीज कर सकेगा।

### कुछ ऐसे भी कर सकते हैं इस्तेमाल

■ अगर स्क्रीन ठीक है तो पुराने फोन में Kindle ऐप, Google Play Books या कोई PDF रीडर इंस्टॉल करके उसे ई-बुक रीडर बना सकते हैं।

■ उसके वाई-फाई हॉटस्पॉट को ऑन करके घर या ऑफिस में दूसरी डिवाइस में इंटरनेट चला सकते हैं। सभी डिवाइस के लिए अलग-अलग इंटरनेट प्लान लेने की जरूरत नहीं।

■ घर के स्मार्ट बल्ब, स्मार्ट प्लग, स्मार्ट कैमरा या स्मार्ट स्पीकर आदि को कंट्रोल करने के लिए पुराने स्मार्टफोन को स्मार्ट होम कंट्रोलर के रूप में इस्तेमाल कर सकते हैं।

## किचन असिस्टेंट डिवाइस बना दें

पुराने फोन को किचन में रेसिपी देखने, टाइमर सेट करने, नोट्स बनाने और डिजिटल कुकबुक की तरह यूज कर सकते हैं। इससे नया फोन इस्तेमाल नहीं करना पड़ेगा और उस पर घी-तेल आदि गिरने पर खराब होने का डर नहीं रहेगा।

■ **इस तरह करें तैयार:** फोन को ऐसे कवर या स्टैंड में सेट करें जो किचन काउंटर पर मजबूती से टिक सके। इसमें YouTube, Tasty, Cookpad: Find & Share Recipes जैसे रेसिपी ऐप या वेबसाइट से मदद लें। Notepad में अपनी रेसिपी लिस्ट भी सेव कर सकते हैं। कुकिंग टाइमर, यूनिट कन्वर्टर और स्टेप-बाय-स्टेप रेसिपी के लिए यूज कर सकते हैं।

## बन जाएगा कार ट्रैकिंग डिवाइस

पुराने स्मार्टफोन को कार की सेफ्टी बढ़ाने के लिए ट्रैकिंग डिवाइस की तरह भी इस्तेमाल कर सकते हैं। बशर्ते वह लगातार चालू रहे और उसमें इंटरनेट चल रहा हो।

■ **ऐसे करें तैयार:** पुराने फोन में ऐसे ऐप इंस्टॉल करें, जो उसकी लोकेशन लाइव दिखाते हों। गूगल का Find My Device (एंड्रॉइड) और एपल का Find My iPhone (iOS) भरोसेमंद ऑप्शन हैं। एंड्रॉइड में Life360: Live Location Sharing जैसे ऐप भी इस्तेमाल कर सकते हैं। उसे कार के ऐसी जगह छिपा दें जहां से सिग्नल मिल सके, जैसे सीट के नीचे, डैशबोर्ड में। अपने मौजूदा फोन में उसी ऐप से अकाउंट लॉगिन कर लें और कार ट्रैक करें।

## यूनिवर्सल रिमोट बनाकर चलाएं

पुराना फोन यूनिवर्सल रिमोट की तरह भी यूज कर सकते हैं। कई टीवी, सेट-टॉप बॉक्स, AC, स्मार्ट बल्ब और होम डिवाइस मोबाइल ऐप से चल जाते हैं। फोन में IR Blaster है तो और बेहतर।

■ **ये ऐप आएंगे काम:** Mi Remote controller - for TV, Universal Tv Remote- Cast to TV, AC Remote Control जैसे ऐप फोन को रिमोट में बदल देते हैं। फोन में ऐप इंस्टॉल करें। अगर टीवी या AC IR रिमोट से चलता है और पुराने फोन में IR Blaster है तो ऐप खोलते ही डिवाइस चुनकर उसे पेयर किया जा सकता है। स्मार्ट टीवी है तो फोन को उसी Wi-Fi नेटवर्क से कनेक्ट करें और ऐप से टीवी को पेयर कर लें।

## म्यूज़िक सिस्टम या DJ बना लें

पुराने फोन को म्यूजिक प्लेयर या DJ में बदला जा सकता है। अगर फोन इतना पुराना है कि उसमें ऑडियो जैक लगता है और स्पीकर भी पुरानी केबल वाला है तो उसे आसानी से कनेक्ट कर सकते हैं। वहीं, ब्लूटूथ स्पीकर को बहुत आसानी से फोन से कनेक्ट किया जा सकता है।

■ **इन चीजों की होगी जरूरत:** इंटरनेट की जरूरत होगी, जिसे घर के Wi-Fi से या मौजूदा स्मार्टफोन के Hotspot से लें। इंटरनेट से Spotify, YouTube Music या JioSaavn चला सकते हैं। इसके अलावा DJ Music Mixer - Virtual DJ, जैसे ऐप से फोन से गानों को DJ की तरह प्ले कर सकते हैं।

## फिटनेस ट्रैकर का करेगा काम

पुराना स्मार्टफोन फिटनेस मॉनिटर करने में भी काम आ सकता है। इसमें मौजूद सेंसर जैसे स्टेप काउंटर, GPS और एक्सेलेरोमीटर का इस्तेमाल करके वॉकिंग, रनिंग और एक्सरसाइज का रेकॉर्ड रख सकते हैं। अलग से फिटनेस बैंड खरीदने की जरूरत नहीं।

■ **ये ऐप आएंगे काम:** Google Fit: Activity Tracking, Pedometer - Step Counter जैसे कई ऐप पुराने स्मार्टफोन को ऐक्टिविटी ट्रैकर की तरह यूज करने देते हैं। इनमें से कोई इंस्टॉल करके अपने गूगल या ईमेल अकाउंट से लॉगइन कर लें। अब फोन को जेब में रखकर वॉक करेंगे तो वह ट्रैक करेगा।

---

# मुंबई

## 15 साल बाद भी घर के लिए भटक रहा परिवार

### लकड़ावाला डिवेलपर्स के खिलाफ केस हुआ दर्ज

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** एक परिवार से फ्लैट देने का वादा कर करीब 30.87 लाख रुपये लेने और 15 साल बाद भी कब्जा न देने के आरोप में लकड़ावाला डिवेलपर्स प्राइवेट लिमिटेड और उसके पार्टनर्स के खिलाफ भायखला पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। फ्लैट बुक करने वाले खरीदार और उनकी पत्नी की इस दौरान मौत हो चुकी है। अब उनके बच्चों ने पुलिस स्टेशन का रुख किया है।

एफआईआर के अनुसार, इस मामले में नामजद आरोपियों में इस्माइल लकड़ावाला, इब्राहिम लकड़ावाला, सय्यद लकड़ावाला, जाकिर कुरैशिया, मूसा लकड़ावाला, उस्मान लकड़ावाला और आमिर सुलेमान भुवाद शामिल हैं, जो सभी लकड़ावाला डिवेलपर्स से जुड़े बताए जा रहे हैं। शिकायतकर्ता लुबना जहीर अहमद अंसारी (40), ने अपने भाइयों जुनैद अंसारी और जाहिद अंसारी के साथ भायखला पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। FIR के मुताबिक, लुबना के पिता जहीर अहमद अलताबक्श अंसारी ने 2010 में नागपाड़ा के टैंक स्ट्रीट पर प्रस्तावित 'नशेमन बिल्डिंग' में 650 वर्गफीट का फ्लैट बुक किया था, जिसकी कीमत 30,87,500 रुपये तय हुई थी।

आरोप है कि इसमें से 21,87,500 रुपये चेक के जरिए और 10 लाख रुपये नकद इस्माइल और इब्राहिम को दिए गए। छह महीने बाद बताया गया कि नशेमन प्रोजेक्ट कैंसिल हो गया है। उन्हें अन्य प्रोजेक्ट 'हातिम मंजिल' में फ्लैट देने की पेशकश की गई। 2016 तक कोई फ्लैट नहीं मिला। 2017 में इब्राहिम ने देवनार, गोवंडी स्थित 'ईस्टर्न हाइट्स सेंट्रो' प्रोजेक्ट में फ्लैट देने का भरोसा दिलाया। आरोप है कि दो साल में देने का वादा था, जबकि प्रोजेक्ट 2019 में पूरा भी हो गया। बावजूद इसके, पार्टनर्स ने NOC पेंडिंग होने का हवाला देकर फ्लैट किसी अन्य खरीदार को बेच दिया।



### माता-पिता की हो चुकी है मौत

परिवार 2022 तक लगातार फॉलोअप करता रहा, लेकिन डिवेलपर्स कथित तौर पर टालमटोल करते रहे। जून 2022 में जहीर असारी की मौत हो गई। इसके छह महीने बाद लुबना और उनकी मां खैरुननिसा जहीर असारी डिवेलपर के ऑफिस गईं, जहां कथित तौर पर मूसा और उस्मान ने खैरुननिसा के नाम पर एक और फ्लैट के लिए MoU साइन करवाया और रजिस्ट्रेशन के नाम पर 6.5 लाख रुपये और ले लिए, लेकिन फिर भी कब्जा नहीं दिया गया। लगातार मानसिक तनाव के चलते 2024 में खैरुननिसा की भी मौत हो गई। जनवरी 2025 में आरोपियों ने कथित तौर पर बच्चों को भायखला स्थित अपने ऑफिस बुलाया। लुबना के नाम पर NOC मांगी और 6.21 लाख रुपये का एक और चेक लिया, जो कभी क्लियर नहीं हुआ है। परिवार के पास खैरुननिसा की वसीयत होने के बावजूद जब डिवेलपर्स ने हाई कोर्ट से सक्सेशन सर्टिफिकेट लाने पर जोर दिया, तब उन्हें धोखाधड़ी का अहसास हुआ।



## मुंबई में महाबलेश्वर जैसी ठंड का हो रहा अहसास

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** उत्तर भारत से आ रही सर्द हवा के चलते मुंबई का पारा लुढ़ककर 14.6 डिग्री सेल्सियस तक आ गया है। साथ ही, शुक्रवार की रात इस मौसम की सबसे सर्द रात रही। कश्मीर, हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी की वजह से 12 दिसंबर को मुंबई का न्यूनतम तापमान 14.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, जबकि 19 दिसंबर को न्यूनतम तापमान 14.6 डिग्री रहा।

मौसम वैज्ञानिक के अनुसार, उत्तर दिशा से आ रही हवा के चलते मुंबई का मौसम चार-पांच दिन तक इसी तरह रहेगा। मुंबई के न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा अंतर नहीं होगा। हवा की रफ्तार के अनुसार न्यूनतम तापमान में 2 से 4 डिग्री का अंतर आ सकता है। मुंबई का तापमान गिरने से मुंबईकरों को महाबलेश्वर जैसी ठंडी का अहसास होने लगा है।

मौसम विभाग के अनुसार, मुंबई और महाबलेश्वर के न्यूनतम तापमान में केवल 2 डिग्री का अंतर दर्ज किया गया है। 19 दिसंबर की रात महाबलेश्वर का न्यूनतम तापमान 12.6 डिग्री रहा, जबकि मुंबई का तापमान 14.6 डिग्री रहा।

■ न्यूनतम तापमान लुढ़ककर 14.6 डिग्री तक आया

■ शुक्रवार की रात रही मौसम की सबसे सर्द रात

### बोरीवली का AQI सबसे खराब

मुंबई में ठंड बढ़ने के साथ ही शनिवार को मुंबई का एक्यूआई 112 दर्ज किया गया। बोरीवली (पूर्व) की हवा सबसे अधिक प्रदूषित रही। यहां का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 129 दर्ज किया गया। बोरीवली के बाद बीकेसी का एक्यूआई 112 रहा।

## कमर्शल उड़ानें भरने के लिए तैयार है नवी मुंबई एयरपोर्ट

### 25 दिसंबर को पहली फ्लाइट भरेगी उड़ान

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट (NMIA) 25 दिसंबर से कमर्शियल उड़ानें भरने के लिए तैयार है। एयरपोर्ट अथॉरिटी ने शनिवार को बताया कि पिछले एक साल में यहां ऑपरेशनल रेडीनेस एंड एयरपोर्ट ट्रांसफर (ORAT) कार्यक्रम कई बार पूरा किया गया। इस दौरान हफ्ते में लगभग दो बार लाइव ट्रायल किए गए। ट्रायल्स में यात्रियों की संख्या अलग-अलग रही। कुछ में करीब 50 लोग शामिल हुए, जबकि व्यस्त समय जैसे हालात में 1,000 से ज्यादा ट्रायल यात्री भी शामिल किए गए। ओआरएटी एक तय प्रक्रिया है, जिसके जरिए हवाई अड्डे की इमारत, तकनीक, कर्मचारी और काम करने के तरीकों को असली हालात में परखा जाता है, ताकि एयरपोर्ट पूरी तरह संचालन के लिए तैयार हो सके।



ओआरएटी का सबसे अहम हिस्सा लाइव ऑपरेशनल ट्रायल होता है, जिसे एयरपोर्ट की 'फुल ड्रेस रिहर्सल' भी कहा जाता है। इन ट्रायल्स में कर्मचारियों और वॉलंटियर ने यात्रियों की भूमिका निभाई। नकली बोर्डिंग पास और सामान के साथ चेक-इन काउंटर, सुरक्षा जांच, बोर्डिंग गेट, बैगेज हैंडलिंग सिस्टम और आपात स्थिति से निपटने की तैयारियों की जांच की गई। इन मॉक ड्रिल में रोजमर्रा की समस्याओं को भी जानबूझकर शामिल किया गया, जैसे दस्तावेज गुम होना, सहायता चाहने वाले यात्री, ज्यादा बड़े बैग, फ्लाइट में देरी और सुरक्षा जांच पर भीड़। इनसे कमियां समझने और कामकाज को बेहतर बनाने में मदद मिली। एयरपोर्ट अथॉरिटी के अनुसार, ट्रायल्स के दौरान सामने आई सभी समस्याओं को दर्ज किया गया। एक समय पर 1,300 से ज्यादा मुद्दे सामने आए थे, जिन्हें बाद में सुलझा लिया गया। 25 दिसंबर को जब NMIA शुरू होगा, तब टर्मिनल, रनवे और सभी जरूरी सिस्टम पूरी तरह काम करने के लिए तैयार होंगे। सभी एजेंसियों के कर्मचारी प्रशिक्षित होंगे और यात्रियों को बिना परेशानी सफर का अनुभव मिलेगा।

## फर्जी पुलिस बनकर 1 करोड़ रुपये की ठगी

Akhilesh. Tiwari@Timesofindia.com

■ **मुंबई:** मालाड से लापता गैस डीलर की सुरक्षित खोज के बाद फर्जी पुलिस अधिकारियों की तरफ से 1 करोड़ रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। अगर पीड़ित सही-सलामत पुलिस के हाथ नहीं लगता, तो शायद यह पूरी कहानी कभी उजागर नहीं हो पाती।

**मालाड का गैस डीलर बना शिकार**

राहुल गुप्ता भारत पेट्रोलियम गैस के डीलर हैं। वह 15 दिसंबर को लापता हो गए थे। पत्नी ने दिंडोशी पुलिस स्टेशन में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई। जांच के दौरान 19 दिसंबर को राहुल को दहाणू रेलवे स्टेशन से बचा लिया गया।

राहुल ने पुलिस को बताया कि प्रवीण खेडेकर तीन-चार साल से गणपति मंडल के लिए चंदा मांगने आता था। प्रवीण ने खुद को मुसीबत में बताते हुए 2,100 रुपये मांगे। फिर सितंबर से अक्टूबर तक चार बार में 10,600 रुपये लिए। एक दिन राहुल को अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को मुंबई पुलिस का जॉइंट सीपी बताते हुए दावा किया कि प्रवीण ने हत्या की है और राहुल ने इसकी सुपारी दी है। उसने गिरफ्तारी की धमकी देते हुए 50 हजार रुपये भेजने को कहा। राहुल ने डरकर 50 हजार रुपये दे दिए। कभी हत्या, तो कभी पुलिस कमिश्नर से 'सेटिंग' का झांसा देकर 7 लाख रुपये नकद ले लिए। फर्जी पुलिस कमिश्नर बनकर 20 लाख रुपये मांगे। न देने पर एनकाउंटर करने और परिवार को नुकसान पहुंचाने की धमकी दी गई। डर में आकर राहुल ने 90 लाख रुपये तक नकद दिए और 17 बार में 15 लाख और 4.20 लाख रुपये ट्रांसफर किए।

## खेरनगर-निर्मलनगर मार्ग पर सम-विषम पार्किंग व्यवस्था लागू

### ट्रैफिक पुलिस की नई पहल, 17 जनवरी तक जारी रहेगी यह व्यवस्था

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने और आम लोगों को दुर्घटनाओं से बचाने के लिए मुंबई ट्रैफिक पुलिस ने सम-विषम पार्किंग व्यवस्था शुरू की है। बांद्रा (पूर्व) इलाके में खेरनगर इमारत नंबर 35 और निर्मलनगर इमारत नंबर 12 और 14 के बीच स्थित यह सम-विषम पार्किंग नियम लागू किए गए हैं। यह आदेश यातायात पुलिस के उपायुक्त (मुख्यालय व मध्य विभाग) डॉ. दीपाली धाटे ने जारी किया है।

यातायात विभाग के अनुसार, खेरनगर क्षेत्र में चल रहे पुनर्विकास कार्य के कारण सीमेंट, लोहे की सरिया जैसी निर्माण सामग्री लेकर आने वाले भारी वाहनों की आवाजाही बढ़ गई है। इसके अलावा सड़क के दोनों ओर स्थित व्यावसायिक दुकानों के सामने अवैध और अनियमित पार्किंग के कारण सड़क की चौड़ाई कम हो गई है। इससे बुजुर्गों, बच्चों और पैदल यात्रियों को चलने में भारी परेशानी हो रही है। पुलिस का दावा है कि इस मार्ग पर प्रतिदिन करीब 3,000 से 4,000 पैदल यात्री और 800 से 1,200 वाहन चालक आते जाते हैं। ऐसे में स्थानीय नागरिकों की असुविधा को दूर करने और जाम से निजात पाने के लिए इस प्रकार की पार्किंग व्यवस्था को अविलंब लागू करना आवश्यक महसूस किया गया। इसको देखते हुए यह नई व्यवस्था की गई है।

**व्यवस्था का विवरण:** यह आदेश 19 दिसंबर 2025 की रात 12:01 बजे से 17 जनवरी 2026 की रात 12:00 बजे तक प्रभावी रहेगा। ग्रेगोरियन कैलेंडर के अनुसार सम तारीखों (2, 4, 6) को सड़क के बाईं ओर वाहन पार्क किए जा सकेंगे। वहीं, विषम तारीखों (1, 3, 5) को सड़क के दाईं ओर वाहन पार्क करने की अनुमति होगी।

**ट्रैफिक नियमों का पालन करने की अपील:** यातायात पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस आदेश का पालन करें, ताकि सड़क पर सुगम यातायात, पैदल यात्रियों की सुरक्षा और स्थानीय निवासियों को राहत मिल सके। हालांकि, इस बारे में अधिक जानकारी के लिए मुंबई ट्रैफिक पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट पर सर्च किया जा सकता है।

**फैक्ट फाइल**

■ पैदल लोगों की होगी सुरक्षा

■ जाम से मिलेगी राहत

■ प्रतिदिन तकरीबन 3,000 से 4,000 पैदल यात्री

■ 800 से 1,200 वाहन चालकों की आवाजाही




## रिक्शा चालक करेंगे विधायक पराग शाह के ऑफिस के बाहर प्रदर्शन

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई**

घाटकोपर (पूर्व) से विधायक पराग शाह ने प्रदर्शन के दौरान कथित तौर पर ऑटो रिक्शा चालक को थप्पड़ मार दिया था। इस मामले ने तूल पकड़ लिया है। सोमवार को रिक्शा चालक विधायक के ऑफिस के बाहर विरोध प्रदर्शन करने की तैयारी में हैं।

शिव समर्थ वाहतुक सेना के पदाधिकारी संजय दुरगुडे ने बताया कि इस विषय को लेकर संगठन के अध्यक्ष के साथ बैठक की जाएगी। शुक्रवार को क्षेत्र में अवैध फेरीवालों और ट्रैफिक जाम के खिलाफ लोगों ने प्रदर्शन किया था। वल्लभ बाग लेन और तिलक रोड इलाके में प्रदर्शन में शाह भी शामिल थे। इस बीच, उन्हें एक ऑटो रिक्शा चालक गलत दिशा से आता दिखा। इस पर विधायक ने रिक्शा चालक को थप्पड़ जड़ दिया। इस घटना पर मुंबई एनसीपी (शरद पवार गुट) अध्यक्ष राखी जाधव ने कहा कि एक विधायक के तौर पर शाह की हरकत निंदनीय है। एक निर्वाचित जनप्रतिनिधि को कानून हाथ में लेना शोभा नहीं देता है। वहीं, क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय ऐडवोकेट नित्यानंद शर्मा ने कहा कि वजह कुछ भी हो, लेकिन विधायक को थप्पड़ मारने का अधिकार किसने दिया? वहीं, शाह ने कहा कि जो घटना हुई वह क्षणिक आक्रोश का नतीजा थी। मुंबई में ऑटो चालकों की अनुशासनहीनता ठीक नहीं है।



ऑटो ड्राइवर को थप्पड़ मारने का मामला

# कार्टून्स की साज़िश और टारगेट पर आपका बच्चा!



बच्चा जिद्दी हो गया है, बिना मोबाइल/टीवी देखे खाना नहीं खाता या फिर सोकर उठते ही रिमोट उठा लेता है तो सावधान हो जाएं! इसे अभी नहीं रोका तो यह माइग्रेन, सर्वाइकल और मेंटल डिसऑर्डर तक में बदल सकता है और इसका खामियाज़ा बच्चों को ज़िंदगी भर भुगतना पड़ सकता है। क्यों ऐसे बनाए जाते हैं बच्चों के लिए प्रोग्राम, क्या हो सकता है इस परेशानी का हल? बता रहे हैं **शुभम त्रिपाठी**

## न टीवी, न फोन दें



कम से कम 5 साल तक बच्चों को स्क्रीन से दूर रखा जाए।



सिर्फ मोबाइल ही नहीं, टीवी की स्क्रीन भी होती है नुकसानदायक



सिर्फ बच्चे की नहीं, इसे पूरे परिवार की परेशानी समझें

**5** साल तक के बच्चों का स्क्रीन टाइम 2.5 घंटा प्रतिदिन है। (AIIMS रायपुर की स्टडी)

**2** साल तक के बच्चों का स्क्रीन टाइम लगभग 1.2 घंटा प्रतिदिन का है फिलहाल।

**10** स्टडीज के आधार पर यह नतीजा निकाला गया। इसमें 2,857 बच्चे शामिल थे।

And the wheels on the bus go round and round...दुनियाभर में मशहूर कोकोमेलन यूट्यूब चैनल पर इस गाने को सुनते ही बच्चे खिलखिला उठते हैं। इसकी धुन ही इतनी अट्रैक्टिव है कि बच्चे घंटों तक इसे बिना रुके देख लेते हैं। हम सोचते हैं कि रंग-बिरंगे कार्टून देखकर अगर बच्चे झूम रहे हैं तो गलत ही क्या है? लेकिन कब देखते-देखते उन्हें इसकी लत लग जाती है, हमें पता ही नहीं लगता। इस वजह से उन्हें ब्रेन रॉट (दिमाग सुस्त होना) होने लगता है। बच्चों में ऐसे कार्टून शोज की लत से दुनियाभर के पैरंट्स परेशान हैं। इस पर रिसर्च भी हुई कि आखिर इनमें क्या अलग है जो बच्चे इसके मोहजाल में फंस जाते हैं? नतीजे में पता लगा कि इनकी टीम दिन-रात इसी काम में जुटी है कि कैसे बच्चे का एक-एक सेकंड का ध्यान अपनी ओर लगाकर रखे। इसके लिए बाकायदा बच्चों पर एक्सपेरिमेंट होते हैं। यह हाल तो सिर्फ एक कार्टून शो का है। आमतौर पर बच्चों के कॉन्टेंट का मकसद यही होता है कि कैसे बच्चों का पूरा फोकस उन पर ही रहे।

## इसके असर पर भी नज़र डाल लेते हैं:

**केस 1**
बीते दिनों एक विडियो वायरल हुआ जिसमें कोई बच्चा मक्खियों से घिरा होने के बावजूद भी मोबाइल फोन देखने में बिजी था। इसी विडियो में एक दूसरा बच्चा सोते-सोते भी हरकतें कुछ कर रहा था।

**केस 2**
दिल्ली के एक अस्पताल में 9 साल का बच्चा पहुंचा जो अब मोबाइल फोन के बिना स्कूल तक नहीं जाता। जब पैरंट्स ने उसे ऐसा करने से रोका तो उसने पैरंट्स पर ही हाथ उठा दिया।

**केस 3**
पिछले दिनों अस्पताल में 3 साल का एक बच्चा पहुंचा जो स्क्रीन टाइम ज्यादा होने की वजह से वर्चुअल ऑटिज़म का शिकार हो गया था। 3 साल का यह बच्चा अब तक बोल भी नहीं पाता।

**केस 4**
कुछ समय पहले एक डॉक्टर के पास 8 साल का ऐसा बच्चा इलाज के लिए पहुंचा जिसे लगातार मोबाइल फोन के इस्तेमाल की वजह से सर्वाइकल पेन की परेशानी हो गई थी।

**बच्चों में बढ़ते स्क्रीन टाइम का असर कितना खतरनाक हो सकता है, यह असल ज़िंदगी के इन उदाहरणों से समझा जा सकता है। डॉक्टरों के मुताबिक, 5 साल से ऊपर के बच्चों में अब इसका असर सामने आने लगा है। इस वजह से उनमें कई मानसिक और शारीरिक समस्याएं हो रही हैं। पिछले साल 'ब्रेन रॉट' शब्द काफी चर्चा में रहा था जो बढ़ते स्क्रीन टाइम का असर बताता है। डॉक्टर कहते हैं कि जब से मोबाइल फोन में बच्चों का कॉन्टेंट आने लगा है, तबसे यह समस्या विकराल रूप धारण कर रही है। इससे भी ज्यादा चिंता वाली बात यह है कि ज्यादा स्क्रीनटाइम का असर बचपन में पता ही नहीं लगता और जब तक इसका अहसास होता है, तब तक काफी देर हो चुकी होती है। यही हाल रहा तो 10-15 साल बाद बच्चे की पूरी ज़िंदगी पर असर पड़ेगा।**

## यह बच्चे की नहीं, पैरंट्स की समस्या है!

**मोबाइल या टीवी देखकर खाना खा रहे किसी बच्चे के पैरंट्स से पूछें तो यही जवाब मिलता है कि बच्चा बहुत जिद्दी हो गया है, बिना कार्टून देखें खाना खाता ही नहीं...**

कई बार यह कहा जाता है कि आजकल के बच्चे कहां मानते हैं, बिना मोबाइल के कुछ करते ही नहीं। हालांकि इसके कई पहलू हैं। 3 साल के हरीश का स्क्रीनटाइम रोज लगभग 4 से 5 घंटा है। मां रनी बताती हैं कि बिना मोबाइल के बेटा खाना नहीं खाता है। वह कहती हैं, 'मैं हाउसवाइफ हूं लेकिन घर के तमाम काम होते हैं जिन्हें करते हुए बच्चों को लेकर नहीं बैठ सकते। ऐसे में उसे मोबाइल देना ही पड़ता है।' हालांकि वह मानती हैं कि इसी वजह से बच्चा खुद ऐक्टिविटीज करना नहीं सीख पाया। वहीं 2 साल के बेटे की मां कविता बताती हैं कि हम अपने बच्चे को डांटकर मोबाइल वापस ले लेते हैं मगर टीवी दिखाना कई बार



जरूरी हो जाता है। इसकी एक वजह तो ये है कि हम दोनों वर्किंग हैं तो घर पर ऑफिस मीटिंग, कॉल्स, काम की वजह से फ्री टाइम की जरूरत होती है। ऐसा कई बार हुआ है कि जब मैं और बेटा खेलने लगे तो ऑफिस की कॉल आ गई। फिर मुझे उसे छोड़कर दूसरे कमरे में जाना पड़ता है। फिर खाली बैठा बच्चा टीवी ही देखने लगता है। हालांकि इसी बातचीत में पैरंट्स ने यह भी माना कि वे रोज बच्चे के साथ 2-3 घंटे का भी क्वॉलिटी टाइम नहीं बिता पाते।

## बच्चों में दिख रहीं ऐसी परेशानियां

- अटेंशन डेफिसिट हाइपरऐक्टिविटी डिसॉर्डर (ADHD): इसमें बच्चों को किसी चीज पर फोकस करने में समस्या आती है।
- वर्चुअल ऑटिज़्म : इसमें बच्चों को सामाजिक रूप से घुलने-मिलने में परेशानी होती है। छोटा बच्चा देर से बोलता है।
- ज्यादा स्क्रीन टाइम की वजह से ऐंग्जायटी और डिप्रेशन के मामले बढ़ रहे हैं।
- बच्चों का सोने-जागने का पैटर्न बिगड़ रहा है।
- सिरदर्द की समस्या आम होती जा रही है। माइग्रेन भी बढ़ रहा है।
- गर्दन-पीठ में दर्द की समस्या बढ़ रही है। बच्चों में सर्वाइकल दर्द के केस आ रहे हैं।
- फिजिकल ऐक्टिविटी कम होने की वजह से बच्चों में मोटापा भी बढ़ रहा है।
- इमोशनल स्तर पर बच्चे कमजोर हो रहे हैं।
- बच्चों में पैरासोम्निया यानी नींद में हरकतें करने की समस्या भी बढ़ रही है।

## रिझाने के लिए चटख रंग, तेजी से बदलते सीन

बच्चे की शुरुआत में टाइम पास के लिए टीवी के सामने कार्टून चलाकर बिठाया जाता है। फिर वह टाइमपास आदत बन जाता। पैरंटिंग एक्सपर्ट गीतांजलि शर्मा कहती हैं कि बच्चों का जो कॉन्टेंट तैयार होता है, वह ऐसा होता है कि लत लग जाए। चटकीले रंगों का इस्तेमाल किया जाता है, ऐसा दिलचस्प कॉन्टेंट होता है कि बच्चा उसकी ओर खींचा रहता है। इस बारे में एनिमेशन कंपनी कॉसमॉस माया में डायरेक्टर-प्रोड्यूसर धीरज बेरी (जो मोटू पतलू, टीटू, बिट्टू बहानेबाज और ईना मीना डीका जैसे पॉपुलर शो बना चुके हैं) कहते हैं, 'बच्चे ब्राइट कलर्स की ओर आकर्षित होते हैं, कुछ रंग ऐसे होते हैं जो उनके दिमाग में जल्दी बैठ जाते हैं जैसे लाल या पीला। कैरेक्टर की शेप भी बहुत मायने रखती है। ज्यादातर कार्टून में आसान शेप का इस्तेमाल किया जाता है क्योंकि ऐसी शेप को बच्चे आसानी से समझते हैं। बच्चे म्यूजिक से बहुत जल्दी कनेक्ट करते हैं। म्यूजिक अच्छा है तो बच्चा बिना बोर हुए उस चीज को दिन में कई बार देख सकता है। ध्यान रखा जाता है कि म्यूजिक बहुत कैची हो, मेलडी अच्छी हो, मूड पर पूरी तरह सेट हो रहा हो।' क्या बच्चों का कॉन्टेंट जानबूझकर ऐसे तैयार किया जाता है कि उसकी लत लग जाए? वह कहते हैं, 'जब हम कोई शो तैयार कर रहे होते हैं तो साथ में चाइल्ड स्पेशलिस्ट और साइकोलॉजिस्ट भी होते हैं जो हमें गाइड करते हैं कि इस कॉन्टेंट का बच्चों पर क्या असर पड़ सकता है। हम हमेशा मनोरंजन के साथ पॉजिटिव मेसेज देते हैं, जैसे सुबह जल्दी उठना चाहिए, गलत काम नहीं करना चाहिए वगैरह।

## सर्वाइकल, माइग्रेन, टेक-नेक भी बच्चों में

जब स्क्रीन टाइम की बात आती है तो ज्यादातर मेंटल हेल्थ की बात होती है। लेकिन एक्सपर्ट बताते हैं कि इस वजह से बच्चों की फिजिकल हेल्थ भी खराब हो रही है। बच्चों में इन वजहों से टेक-नेक (गर्दन में दर्द) की समस्या बढ़ रही है, जो बड़ों में देखी जाती थी। बच्चों की पीठ और गर्दन में अकड़न की वजह से दर्द होने लगा है। इसके अलावा बच्चे गलत पॉजिशन में घंटों बैठकर मोबाइल-टीवी देखते हैं तो शरीर के दूसरे हिस्सों पर भी असर पड़ता है। इसके अलावा चूंकि स्क्रीन टाइम फिजिकल ऐक्टिविटी को कम कर देता है तो बच्चों में मोटापे की समस्या आम होती जा रही है। इस वजह से कम उम्र में ही ब्लड प्रेशर बढ़ने लगता है जो उम्र बढ़ने के साथ-साथ दिल की सेहत पर भी असर डालता है। बढ़ते स्क्रीन टाइम की वजह से बच्चों को सिरदर्द भी होने लगा है। वहीं कुछ बच्चों में माइग्रेन की शिकायत भी पाई जा रही है। मैक्सकेयर हॉस्पिटल के पीडियाट्रिशियन डॉ. संजय जैन बताते हैं कि कुछ केस ऐसे भी आए हैं कि बच्चे दीवार में सिर मारने लगे हैं। यहां तक के मेरे पास 8 साल के बच्चे में सर्वाइकल का केस भी आया है जो कि स्क्रीन टाइम की वजह से हुआ था। इसके अलावा बच्चों की आंख में सूखापन हो रहा है और चश्मा भी लग रहा है।



## स्क्रीन की लत से ADHD, ऑटिज़्म, डिवेलपमेंट डिसॉर्डर के बढ़ रहे मामले

बच्चों के लिए बने खास तरह के कॉन्टेंट से जो लत लगती है वह बहुत नुकसान करती है। सीनियर साइकायट्रिस्ट विपुल रस्तोगी कहते हैं, 'ज्यादा स्क्रीन टाइम की वजह से आजकल बच्चों की दिलचस्पी खेलकूद या दूसरी ऐक्टिविटीज में नहीं दिख रही। बचपन में जो एडिक्शन कार्टून से शुरू हो रहा है, वह आजकल उस हद तक जा रहा है कि बच्चे वह सब भी देखते हैं जो उनके लिए नहीं है क्योंकि उन्हें स्क्रीन की लत लग चुकी है। हमारे पास ऐसे कई केस आते हैं कि बच्चा फोकस नहीं कर पाता। इस वजह से अटेंशन, ऐंग्जायटी जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं और दूसरी क्षमताएं कमजोर हो रही हैं। चिड़चिड़ापन, जिद्दी होना, नींद न आना, एनर्जी में कमी जैसी चीजें भी इसी वजह से बढ़ रही हैं। बात डिप्रेशन तक जा रही है।' गीतांजलि शर्मा कहती हैं, 'बहुत ज्यादा मोबाइल या टीवी देखने से ब्रेन रॉट की समस्या हो रही है यानी दिमाग फ्रेश नहीं बल्कि थका-थका महसूस करता है। इस वजह से बच्चों में आजकल ADHD, वर्चुअल ऑटिज़्म, न्यूरो डिवेलपमेंट डिसॉर्डर, सोशल स्किल्स न पनपना जैसी समस्याएं हो रही हैं। इस वजह से बच्चे असल दुनिया को स्वीकार नहीं कर पा रहे और यह असर बड़े बच्चों में भी दिख रहा है। वे कार्टून की तरह ही हंसते-रोते भी हैं।' पीएसआरआई अस्पताल के साइकायट्रिस्ट डॉ. परमजीत सिंह कहते हैं कि इस वजह से बच्चों में गुस्सैल प्रवृत्ति बढ़ रही है और इमोशंस के स्तर पर कमजोर हो रहे हैं। ऐसे भी बच्चे आ रहे हैं जिनका कोई दोस्त तक नहीं है। रात में सोने-दिन में जागने का टाइम बिगड़ गया है तो बायलॉजिकल रिदम डिस्टर्ब हो रही है।'

***ज्यादा स्क्रीन देखने की वजह से छोटे बच्चे असल दुनिया को स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं। यह असर बड़े बच्चों में भी दिख रहा है। अब वे हंसते-रोते भी कार्टून की तरह ही हैं। इस से बच्चों में गुस्सैल प्रवृत्ति भी बढ़ रही है।***

## यूं ही एडिक्ट नहीं बन जाते बच्चे...

**बड़ों से अलग बच्चों के लिए खासतौर पर बनाए एनिमेशन आदि के दौरान कई चीजों का रखा जाता है खास ध्यान:**

- आसान शेप वाली चीजें को दिखाया जाता है जैसे कि राउंड शेप वाला चेहरा।
- उन रंगों का इस्तेमाल किया जाता है जिनसे बच्चे अट्रैक्ट हों, जैसे लाल, पीला, हरा, गुलाबी वगैरह।
- बच्चों का फोकस बना रहे इसके लिए बैकग्राउंड और कैरेक्टर के डिजाइन अलग-अलग होते हैं।
- कार्टून के पेस (यानी कितनी तेजी से सीन बदल रहे हैं, घटनाएं हो रही हैं, कैरेक्टर रिएक्ट कर रहे हैं, शो में कितनी एनर्जी झलक रही है वगैरह) का भी ध्यान रखा जाता है।
- इस बात का खास ख्याल रखा जाता है कि उस कार्टून में ऐसी चीजें न हों जिनसे बच्चों का ध्यान उससे हटकर किसी दूसरी ओर चला जाए।
- बच्चों को म्यूजिक अट्रैक्ट करता है, इसलिए म्यूजिक का खास इस्तेमाल किया जाता है। म्यूजिक बच्चों के दिमाग में बैठ जाता है, ऐसे में इससे कार्टून की रिकॉल वैल्यू भी बनती है। उसे बच्चे बार-बार देखना चाहते हैं।
- गाने और स्क्रिप्ट के लिए बाकायदा गाइडलाइंस होती हैं, जिनमें कुछ आसान शब्दों का इस्तेमाल किया जाता है।

## एनिमेशन बनाने के बाद होती है रिसर्च

- कोई भी कार्टून शो तैयार करने के बाद बच्चों पर रिसर्च की जाती है।
- देश में अलग-अलग जगह पर बच्चों को वह कार्टून दिखाया जाता है। इन दर्शकों में अलग-अलग उम्र के लड़के-लड़कियां शामिल होते हैं।
- इस दौरान उनके साथ एक टीम बैठती है जो यह नोटिस करती है कि बच्चों का किस सीन पर क्या रिएक्शन रहा, कहां पर बच्चे चौंके, कहां उन्होंने कितना एन्जॉय किया।
- यह भी ध्यान रखा जाता है कि बच्चों का ध्यान कहां भटक रहा है और कहां पर सबका फोकस है। अगर किसी सीन पर एक भी बच्चे का ध्यान भटक रहा है तो उस सीन पर दोबारा काम किया जाता है।
- इस दौरान बच्चों की उम्मीदों का भी ध्यान रखा जाता है कि शो या कैरेक्टर से बच्चों को क्या उम्मीदें हैं और वह शो उस उम्मीद को पूरा कर रहा है या नहीं।
- इस दौरान चाइल्ड बिहेवियर एक्सपर्ट और साइकोलॉजिस्ट-साइकायट्रिस्ट से भी सलाह ली जाती है कि बच्चों के बीच क्या ट्रेंड है, उन्हें क्या पसंद आ रहा है, उनकी सोच किस तरह बदल रही है वगैरह।
- इन सबको ध्यान में रखते हुए कार्टून में बदलाव किए जाते हैं।

## रिश्ते भी हो रहे खराब

जब बच्चा स्कूल जाना शुरू करता है और पढ़ाई व दूसरी ऐक्टिविटी में परफॉर्मेंस पिछड़ जाती है तो पैरंट्स को लगता है कि वह जानबूझकर पढ़ाई नहीं कर रहा। बच्चा ज्यादा स्क्रीन देखता है तो उसका मन न पढ़ाई में लगता है और न ही खेलकूद में। सोने-जागने का पैटर्न भी बिगड़ जाता है। पैरंट्स समझते हैं कि वह मनमानी करने लगा है। वे बच्चे पर सख्ती करते हैं, इससे घर में तनाव बढ़ता है। पैरंट्स और बच्चों के बीच दूरियां बढ़ जाती हैं। इसका असर पूरी ज़िंदगी पर पड़ता है।



## जल्दी संभलें

गीतांजलि शर्मा कहती हैं कि अगर समय रहते बच्चे को स्क्रीन से दूर करके मीनिंगफुल ऐक्टिविटीज में लगाया जाए तो उसके प्रभावों को ठीक किया जा सकता है। वहीं डॉ. परमजीत कहते हैं कि कई मामलों में इन समस्याओं का इलाज हो सकता है लेकिन एक बार स्क्रीन टाइम बढ़ने के बाद स्क्रीन टाइम कम करना आसान नहीं होता। कम मामलों में पैरंट्स ऐसा कर पाते हैं। डिवेलपिंग ब्रेन में ये समस्याएं बनी रहें तो परमानेंट हो सकती हैं।

## स्क्रीन से ऐसे पा सकते हैं छुटकारा

अगर आप अपने बच्चे को स्क्रीन से दूर कर रहे हैं तो उसे इसके बदले कुछ विकल्प भी दें जिसमें उसकी दिलचस्पी हो, जैसे कि क्रिएटिव आर्ट, सिंगिंग, स्पोर्ट्स वगैरह। बच्चे को दिलचस्प विकल्प नहीं मिलेगा तो वे दोबारा मोबाइल-टीवी की तरफ जाएंगे। कुछ ऐसी चीजें करें:

- बच्चों का दिमाग कल्पनाशील होता है। ऐसे में बच्चों को कहानियां सुनाएं ताकि वे अपनी कल्पना की जरूरत पूरी कर सकें।
- बच्चों को कलरफुल ऐक्टिविटी जैसे कलर करना या ड्रॉइंग बनाना या कलरफुल बुक्स देखने में बिजी कर सकते हैं।
- उनकी ज़िंदगी से पूरी तरह स्क्रीन खत्म कर देना आज के जमाने में संभव नहीं। इसे मिनिमाइज यानी कम से कम करने के उपाय ढूंढें।
- इसे फैमिली प्रॉब्लम की तरह देखें। पहले आप खुद मोबाइल से दूर होने की कोशिश करें। वरना, बच्चे को कैसे दूर होने के लिए कहेंगे।



- बच्चों से बात करें कि क्यों उनका मोबाइल का वक्त कम किया जा रहा है ताकि वे उन चीजों को समझें और आपके दुश्मन न बन बैठें।
- यह भी न सोचें कि एक-दो बार कहने से स्क्रीन टाइम कम हो जाएगा। इसके लिए समय-समय पर उन्हें समझाना होगा।
- बच्चे को अपना क्वॉलिटी टाइम देना होगा। साथ ही घर पर खुद भी फोन से दूरी बनाकर रखनी होगी। इससे बच्चे को सही मैसेज मिलेगा।
- बच्चा कंट्रोल में नहीं आ रहा है और स्थिति हाथ से बाहर जा रही है तो काउंसलर से मदद ले सकते हैं।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 21-12-2025 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP12 User: cci Time: 12-20-2025 22:47 Color:



हार्दिक ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने एक खिलाड़ी की छवि से आगे निकल कर एक सेलिब्रिटी का दर्जा हासिल कर लिया है। वह मानसिक रूप से एक अलग ही स्तर पर है। वह एक ऐसे खेल में अजेय है जो मानसिक उलझनों से जुड़ा है। - डेल स्टेन, पूर्व पेसर, साउथ अफ्रीका



**20** मैच जीते हैं महेंद्र सिंह धोनी ने बतौर कप्तान ICC मेंस टी20 वर्ल्ड कप में। वह मेंस टी20 वर्ल्ड कप टूर्नामेंट्स में सर्वाधिक मैच जीतने वाले कप्तान हैं

## स्पोर्ट्स QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

1. ICC मेंस टी20 वर्ल्ड कप-2026 के लिए भारतीय टीम का उप-कप्तान किसे नियुक्त किया गया है?
A) ईशान किशन B) अक्षर पटेल C) हर्षित राणा D) जसप्रीत बुमराह
2. ICC मेंस टी20 वर्ल्ड कप इतिहास में बतौर कप्तान सर्वाधिक मैच किसने जीते हैं?
A) विराट कोहली B) केन विलियमसन C) इयोन मॉर्गन D) महेंद्र सिंह धोनी

**कल के जवाब**
1. B) अंकित बावने 2. B) 4

**लकी WINNER**



1. दक्ष पाल, संगम विहार, दिल्ली
2. संगीता पुरिया, लखनऊ, यूपी
3. दिनेश जैन, मलाड, मुंबई

आप अपने जवाब हमें **9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

## फटाफट खबरें

### जोशना-वीर सेमी में

■ **मुंबई:** जोशना चिनप्पा और वीर चोटरानी ने सीसीआई वेस्टर्न इंडिया स्क्वैश टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली। जोशना ने रीवा निमलकर को 11-4, 11-3, 11-5 से हराया। पुरुष वर्ग में चोटरानी ने महेश मनगांवकर को 11-9, 11-9, 12-10 से मात दी। दूसरे सेमीफाइनल में सूरज चंद और सान्या वत्स भी पहुंच गए।

### रिचर्ड को मिली कमान

■ **नई दिल्ली:** जिम्बाब्वे क्रिकेट ने तेज गेंदबाज रिचर्ड नगारवा को टेस्ट और वनडे टीम का नया कप्तान नियुक्त किया है। ब्रायन बेनेट को उपकप्तान बनाया गया है। बोर्ड ने नगारवा के अनुभव और नेतृत्व क्षमता पर भरोसा जताया। 27 वर्षीय नगारवा तीनों फॉर्मेट में कुल 200 से ज्यादा विकेट ले चुके हैं।

### आज कोलकाता 25K रन

■ **कोलकाता:** टाटा स्टील वर्ल्ड 25K कोलकाता में रविवार को वर्ल्ड चैंपियन और ओलिंपिक पदक विजेता धावक हिस्सा लेंगे। युगांडा के जोशुआ चेप्टेगेई और तंजानिया के अल्फोंस सिम्बु मैराथन के मुख्य आकर्षण होंगे। भारतीय चुनौती की अगुवाई गुलवीर सिंह और संजीवनी जाधव करेंगी।

### विमान में स्मोकिंग

■ **कराची:** FIH प्रो-लीग के दौरान अर्जेंटीना दौरे पर गए पाकिस्तान हॉकी टीम के मैनेजर अंजुम सईद मुश्किल में फंस गए हैं। रियो डी जनेरियो एयरपोर्ट पर विमान में ईंधन भरते समय धूम्रपान करते पकड़े जाने पर उन्हें विमान से उतार दिया गया। इसके चलते उन्हें दुबई जाने की अनुमति नहीं मिली।

### चयन समिति ने निरंतरता के साथ फॉर्म को भी बनाया आधार

# कप के लिए 15 धुरंधर तय

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** टी20 की मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन टीम इंडिया ने नए साल में इस ट्रॉफी को फिर से उठाने के लक्ष्य के साथ अपनी सेना सजा ली है। अजित अगरकर की अगुआई वाली राष्ट्रीय चयन समिति ने शनिवार को उन 15 नामों का ऐलान कर दिया जिनके कंधों पर यह बड़ी जिम्मेदारी होगी। टीम चयन पर नजर दौड़ाएं तो साफ है कि चयनकर्ताओं ने निरंतरता, सर्वश्रेष्ठ टीम संयोजन के अलावा 'प्रतिष्ठा के बदले फॉर्म' पर फोकस किया है। शायद इसी सोच के तहत भारतीय टेस्ट और वनडे टीम के कप्तान और प्रतिभाशाली बैटर शुभमन गिल को बाहर रखने का फैसला लिया गया।

**सूर्य की कप्तानी कायम:** बल्लेबाज के तौर पर सूर्यकुमार यादव की लगातार जारी विफलताओं को दरकिनार करते हुए उनकी नेतृत्वकर्ता की भूमिका पर चयनकर्ताओं का भरोसा कायम है। बतौर बैटर सूर्य का मौजूदा साल बेहद खराब गुजरा। साल 2025 में उन्होंने 21 मैचों की 19 टी20I पारियों में 13.62 के खराब औसत से 218 रन बनाए हैं, जिसमें एक भी अर्धशतक नहीं है। यह इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू के बाद से उनका सबसे खराब प्रदर्शन है। इसके अलावा कप्तान की दाहिनी कलाई में चोट पूरी तरह ठीक नहीं होने की बात भी सामने आई है। लेकिन, जहां तक उनकी कप्तानी की बात है तो इस फॉर्मेट में भारत को 33 पर्फेक्ट मुकाबलों में जीत दिलाने का उनका रेकॉर्ड उनके पक्ष में गया। टी20 के 'मिस्टर 360 डिग्री' कहे जाने वाले इस बैटर से टीम मैनेजमेंट को उम्मीद होगी कि वह वर्ल्ड कप के दौरान अपनी पुरानी लय में लौटेंगे।

**ईशान-रिंकू की राह खुली:** बाएं हाथ के आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन को हालिया उम्दा प्रदर्शन का इनाम मिला। ईशान फिटनेस और उपलब्धता से जुड़ी दिक्कतों के कारण साल के अधिकांश समय टी20 टीम से बाहर रहे थे। हाल में उन्होंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन किया और फाइनल में सेंचुरी जड़कर झारखंड को खिताब भी दिलाया। इससे उनकी वापसी हो गई। उनके चयन में टॉप ऑर्डर में बाएं और दाएं हाथ के बैटर्स का कॉम्बिनेशन भी काम आया। दूसरी ओर, इस साल एशिया कप जीतने वाली टीम के सदस्य रहे रिंकू सिंह की हिटिंग क्षमता को नजरअंदाज नहीं किया गया। मैच के फिनिशर के रूप में उनको जितेश शर्मा पर तरजीह मिली।

**स्पिन व तेज जोड़ी:** स्पिन के अनुकूल पिचों पर भारत के बाएं और दाएं हाथ के दो प्रमुख स्पिनर्स कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती को उम्मीद के अनुरूप बरकरार रखा है। इस फॉर्मेट में हालिया सफलताओं में इन दोनों स्पिनरों के योगदान को देखते हुए यहां कोई फेरबदल की गुंजाइश नहीं थी। वॉशिंगटन सुंदर तीसरे स्पिनर हैं जिनकी बल्लेबाजी क्षमता भी टीम के काम आ सकती है। तेज गेंदबाजी में भारत के पास जसप्रीत बुमराह, हर्षित राणा और अर्शदीप सिंह मुख्य विकल्प हैं, जबकि हार्दिक पंड्या और शिवम दुबे भी मौजूद हैं। हार्दिक और शिवम के रहते भारतीय टीम में ...



ईशान किशन



ईशान किशन पहले भी टीम में रहे हैं। उन्होंने साबित किया है कि वह यह कर सकते हैं। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में उनकी फॉर्म दिखाती है कि चयन का आधार घरेलू क्रिकेट होना चाहिए, सिर्फ IPL नहीं। - सुनील गावस्कर



मैं चीफ सिलेक्टर अजीत अगरकर और टीम मैनेजमेंट को 10 में से 10 अंक देता हूं। गिल को बाहर करना मुश्किल फैसला रहा होगा, लेकिन टीम संयोजन प्राथमिकता थी। गिल को यह फैसला सकारात्मक रूप में लेना चाहिए। - हरभजन सिंह, पूर्व स्पिनर

**NBT Lens** खबरों के अंदर की बात

### अक्षर ने और बढ़ाया अपना कद

स्पिन बोलिंग ऑलराउंडर अक्षर पटेल पर टीम मैनेजमेंट का भरोसा और बढ़ा है। शुभमन गिल के बाहर होने के बाद अक्षर को उप-कप्तान की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है। दरअसल, अक्षर न केवल चतुर लेफ्ट आर्म स्पिनर हैं, बल्कि वह बैटिंग ऑर्डर में भी विकल्प बढ़ा देते हैं, चूंकि उन्हें किसी भी नंबर पर आजमाया जा सकता है। मानसिक और तकनीकी रूप से सक्षम खिलाड़ी होने के नाते भारतीय टीम में अक्षर की अहमियत लगातार बढ़ रही है।

# यंगिस्तान और ट्रॉफी के बीच अब सिर्फ पाकिस्तान चुनौती

**भारत Vs पाकिस्तान**
U-19 मेंस एशिया कप फाइनल

■ **एजेंसियां, दुबई:** अंडर-19 एशिया कप के फाइनल में आज भारत और पाकिस्तान की टीमें आमने-सामने होंगी। आयुष म्हात्रे की कप्तानी में भारतीय टीम रेकॉर्ड 9वां खिताब जीतने के इरादे से उतरेगी और चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ अपना दबदबा कायम रखना चाहेगी। मुकाबला दुबई स्थित ICC अकैडमी में खेला जाएगा।

**अजेय रही है टीम इंडिया:** ग्रुप-ए में भारत ने सभी मैच जीतकर शीर्ष स्थान हासिल किया था, जबकि पाकिस्तान को अपनी इकलौती हार भारत के खिलाफ 90 रन से झेलनी पड़ी थी। सेमीफाइनल में भारत ने श्रीलंका को आठ विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनाई, वहीं पाकिस्तान ने गत चैंपियन बांग्लादेश को मात दी थी।

**हर विभाग में उम्दा खेल:** भारत का सफर अब तक हरफनमौला प्रदर्शन पर आधारित रहा है। बल्लेबाजी में टीम ने दो बार 400 से अधिक रन बनाए हैं। वैभव सूर्यवंशी (यूएई के खिलाफ 171 रन) और विकेटकीपर-बल्लेबाज अभिज्ञान कुंडू (मलेशिया के खिलाफ 209* रन) ने रेकॉर्ड पारियां खेलीं। मध्यक्रम में आरोन जॉर्ज के लगातार तीन अर्धशतक और विहान मल्होत्रा की स्थिरता ने टीम को मजबूती दी है। ऑलराउंडर कनिष्क चौहान ने फिनिशर की भूमिका के साथ गेंद से भी असर छोड़ा है। गेंदबाजी में तेज गेंदबाज दीपेश देवेंद्रन ने 11 विकेट लेकर आक्रमण की अगुवाई की है। भारत की नजर कप्तान आयुष और वैभव पर भी होगी। आयुष टूर्नामेंट में एक भी बड़ी पारी नहीं खेल पाए हैं, जबकि वैभव ओपनिंग मैच में चलने के बाद अगली तीन पारियों में 64 रन ही जोड़ सके हैं।

**समीर-सुभान से रहना होगा होशियार:** पाकिस्तान टीम की ताकत उनकी तेज गेंदबाजी है। अब्दुल सुभान ने पाकिस्तान के लिए 11 विकेट लिए हैं और वह टूर्नामेंट में दीपेश के साथ संयुक्त सर्वाधिक विकेट लेने वाले बोलर हैं।


भारतीय टीम के प्लेयर्स




**टेलिकास्ट:** सुबह 10:30 बजे से सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क और सोनीलिव पर

**11** विकेट लिए हैं दीपेश ने मौजूदा टूर्नामेंट में। वह पाकिस्तान के अब्दुल सुभान (11) के साथ सर्वाधिक विकेट लेने वालों की लिस्ट में टॉप पर है

**263** रन बनाए हैं अभिज्ञान कुंडू ने। वह सर्वाधिक रन बनाने वालों की सूची में दूसरे स्थान पर है। पहले स्थान पर पाकिस्तान के समीर मिन्हास (299 रन) हैं

# टीम संयोजन को मिला महत्व: सूर्य

■ **एजेंसियां, मुंबई:** भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने स्पष्ट किया कि शुभमन गिल को बाहर रखने का फैसला फॉर्म से नहीं, बल्कि सही संयोजन की जरूरत के कारण लिया गया है। सूर्यकुमार ने कहा कि टीम प्रबंधन शीर्ष क्रम में एक विकेटकीपर बल्लेबाज और मध्य-निचले क्रम में लचीलापन चाहता है। उनके फॉर्म पर किए गए सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा, 'मुझे यकीन है कि हर किसी ने अपने करियर में ऐसा दौर देखा होगा। मुझे पता है कि क्या करना है। मुझे पता है कि कहां गलती हो रही है। मेरे पास इस पर काम करने के लिए कुछ समय है।'

प्रेस कॉन्फ्रेंस से


भारतीय टी20I कप्तान सूर्यकुमार

**नंबर तीन पर खेलेंगे तिलक**

सूर्य ने बताया कि तिलक वर्मा तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे, जबकि वह खुद चौथे क्रम पर उतरना जारी रखेंगे। उन्होंने कहा, 'हम सब इस बात पर सहमत हैं कि बाएं-दाएं हाथ के बल्लेबाजों का संयोजन हमारे लिए ज्यादा अहम नहीं है। हमने तिलक के लिए नंबर तीन की जगह तय कर दी है। मैं नंबर चार पर बल्लेबाजी करना चाहता हूं और फिर पांचवें और छठे क्रम पर जो भी हमें ठीक लगे।'

# भारत के पास युवा प्रतिभाओं को परखने का अच्छा मौका

**भारत Vs श्रीलंका**
विमिंस टी20 सीरीज, पहला मैच

■ **एजेंसियां, विशाखापत्तनम:** श्रीलंका के खिलाफ आज से शुरू हो रही पांच मैचों की विमिंस टी20 सीरीज में भारतीय टीम की प्राथमिकता अगले साल होने वाले वर्ल्ड कप के लिहाज से युवा खिलाड़ियों को परखने की होगी। टीम में कप्तान हरमनप्रीत कौर, उप-कप्तान स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा और रेणुका सिंह ठाकुर जैसे अनुभवी चेहरे मौजूद हैं, लेकिन टीम अब भविष्य की स्थिरता सुनिश्चित करने पर भी फोकस कर रहा है।

**कमलिनी, वैष्णवी को मिला मौका:** इस सीरीज में युवा बल्लेबाज जी कमलिनी और बाएं हाथ की उभरती स्पिनर वैष्णवी शर्मा पर खास नजर रहेगी। 17 वर्षीय कमलिनी ने अंडर-23 टी20 ट्रॉफी, अंडर-19 वर्ल्ड कप और विमिंस प्रीमियर लीग में परिपक्व खेल दिखाकर चयनकर्ताओं को प्रभावित किया है। वहीं, वैष्णवी ने अंडर-19 वर्ल्ड कप में 17 विकेट लेकर अपनी क्षमता साबित की थी। राधा यादव की अनुपस्थिति में उन्हें एन श्री चरणी के साथ गेंदबाजी की जिम्मेदारी मिल सकती है।

स्मृति मंधाना के लिए यह सीरीज व्यक्तिगत तौर पर भी अहम होगी, जबकि हरमनप्रीत कौर ब्रेक के बाद टी20 में लय हासिल करना चाहेंगी।


भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर




**टेलिकास्ट:** शाम 7 बजे से स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क और जियोहॉटस्टार पर

### शमी करेंगे बंगाल की बोलिंग की अगुआई

■ **एजेंसियां, कोलकाता:** भारतीय टीम से बाहर चल रहे तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को आगामी विजय हजारे ट्रॉफी वनडे टूर्नामेंट के लिए बंगाल की टीम में शामिल किया गया है। शमी लंबे समय से भारतीय टीम से बाहर चल रहे हैं, लेकिन उन्होंने चोट से उबरने के बाद बंगाल की तरफ से घरेलू क्रिकेट में शानदार वापसी की। उन्होंने घरेलू क्रिकेट में वर्तमान सीजन में अभी तक सभी प्रारूप में 36 विकेट लिए हैं। अभिमन्यु ईश्वरन की कप्तानी में उतरने वाली टीम में भारतीय पेसर आकाश दीप और मुकेश कुमार भी शामिल हैं। उधर, महाराष्ट्र ने विजय हजारे के लिए शुक्रवार को टीम की घोषणा करते हुए कप्तानी ऋतुराज गायकवाड़ को सौंपी।

**विजय हजारे ट्रॉफी 2026**


मोहम्मद शमी

# जीत से 4 विकेट दूर ऑस्ट्रेलिया



जश्न मनाते हुए नाथन लियोन

■ **एजेंसियां, एडिलेड:** नाथन लियोन (3/64) और कप्तान पैट कमिंस (3/24) के दमदार प्रदर्शन ने इंग्लैंड की एशेज में बने रहने की उम्मीदों को करारा झटका देते हुए ऑस्ट्रेलिया को तीसरे टेस्ट में जीत और सीरीज में अजेय बढ़त के बेहद करीब पहुंचा दिया। रेकॉर्ड 435 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड चौथे दिन स्टंप्स तक छह विकेट पर 207 रन ही बना सका। अब उसे जीत के लिए 228 रन की दरकार है, जबकि ऑस्ट्रेलिया को केवल चार विकेट चाहिए।

**आठ रन के भीतर लिए तीन विकेट:** लियोन ने शानदार स्पेल में महज 8 रन देकर 3 विकेट चटकाए। उन्होंने उप-कप्तान हैरी ब्रूक (30) और कप्तान बेन स्टोक्स (5) को बोल्ड किया, जबकि सलामी बल्लेबाज जैक क्राउली (85) को स्टंप आउट कर इंग्लैंड के खेमे में खलबली मचा दी। क्राउली और ब्रूक ने तीसरे विकेट के लिए 68 रन जोड़कर स्कोर को 109 से 177 तक पहुंचाया था, लेकिन लियोन की एंट्री के साथ मैच का रुख पलट गया। इससे पहले 271 रन से आगे खेलते हुए ऑस्ट्रेलिया की पारी 349 रन सिमट गई।

**ऑस्ट्रेलिया Vs इंग्लैंड**
तीसरा टेस्ट, चौथा दिन

**ब्रीफ स्कोर**
**ऑस्ट्रेलिया (पहली पारी):** 371 रन **इंग्लैंड (पहली पारी):** 286 रन **ऑस्ट्रेलिया (दूसरी पारी):** 349 रन (ट्रेविस हेड 170, एलेक्स कैरी 72, जोश टंग 4/70, ब्रायडन कार्स 3/80) **इंग्लैंड (दूसरी पारी):** 207/6* (जैक क्राउली 85, जो रूट 39, पैट कमिंस 3/24, नाथन लियोन 3/64)

# सात्विक-चिराग की जोड़ी एक और सेमीफाइनल हारी

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की शीर्ष भारतीय मेंस डबल्स जोड़ी को BWF (बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन) वर्ल्ड टूर फाइनल्स के सेमीफाइनल में चीन के लियांग वी कैंग व वांग चांग ने हरा दिया। चीनी जोड़ी ने अंतिम-4 का मुकाबला 10-21, 21-17, 21-13 से 1 घंटे तीन मिनट में जीत लिया। इस तरह भारतीय जोड़ी का यह सीजन बिना किसी खिताब के खत्म हुआ। वर्ल्ड नंबर-3 भारतीय जोड़ी इस सीजन छठी बार किसी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में हारी है। इस जोड़ी ने चीन ओपन और हॉन्ग कॉन्ग ओपन के सेमीफाइनल में जीत हासिल की थी, लेकिन उन्हें इन टूर्नामेंट में फाइनल में हार का सामना करना पड़ा।

**BWF वर्ल्ड टूर फाइनल्स**


सात्विकसाईराज और चिराग शेट्टी

# विंडीज ने फॉलोऑन टाला

**न्यूजीलैंड Vs वेस्टइंडीज**
तीसरा टेस्ट, तीसरा दिन

■ **एजेंसियां, माउंट माउंगानुई:** कैवेम हॉज (109* रन, 254 बॉल, 14 फोर) के नाबाद शतक की बदौलत वेस्टइंडीज ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे और अंतिम टेस्ट के तीसरे दिन फॉलोऑन से खुद को बचा लिया। हॉज ने पारी को संभालते हुए अपना दूसरा टेस्ट शतक जमाया। उनके साथ एंडरसन फिलिप 12 रन पर क्रीज पर मौजूद थे।

**होप नहीं उतरे:** वेस्टइंडीज ने अपनी पहली पारी में छह विकेट पर 381 रन बना लिए हैं और अब भी न्यूजीलैंड से 194 रन पीछे है। मेजबान टीम ने अपनी पहली पारी आठ विकेट पर 575 रन पर घोषित की थी। ऐसे हालात में फॉलोऑन बचाना कैरेबियाई टीम के लिए अहम रहा, खासकर तब जब पहले टेस्ट में शतक लगाने वाले शाई होप अज्ञात बीमारी के कारण बल्लेबाजी के लिए उतर ही नहीं सके।

हॉज ने 224 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। वेस्टइंडीज ने सुबह बिना विकेट गंवाए 110 रन से आगे खेलना शुरू किया था, लेकिन दूसरे ओवर में ही जॉन कैंपबेल (45) आउट हो गए। नैथन डफी ने बाद में ब्रैंडन किंग (63) को भी बोल्ड किया। इसके बाद हॉज ने टेविन इमलाच (27), एलिक अथानाज (45) और जस्टिन ग्रीव्स (43) के साथ उपयोगी साझेदारियां कर टीम को मजबूती दी।


वेस्टइंडीज के बैटर कैवेम हॉज

# वावरिंका ने की घोषणा, अगले सीज़न के बाद लेंगे संन्यास

■ **एजेंसियां, लुसाने:** स्विट्जरलैंड के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी और तीन बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन स्टान वावरिंका ने साफ कर दिया है कि 2026 टूर उनका अंतिम पेशेवर सीजन होगा। वावरिंका 39 साल के हैं और 2002 में प्रोफेशनल टेनिस में कदम रखा था। उन्होंने करियर में कुल 16 एटीपी सिंगल्स खिताब जीते हैं।

**अंतिम अध्याय:** वावरिंका ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'आखिरी प्रयास। हर कहानी का एक अंत होता है। अब पेशेवर टेनिस खिलाड़ी के रूप में मेरे करियर का अंतिम अध्याय लिखने का समय आ गया है। 2026 टूर मेरा आखिरी साल होगा।' वह रोजर फेडरर के साथ 2008 बीजिंग ओलिंपिक्स में मेंस डबल्स इवेंट में गोल्ड जीत चुके हैं। वह 2014 में स्विट्जरलैंड को उसका एकमात्र डेविस कप दिलाने वाली टीम का अहम हिस्सा रहे।

**टेनिस अपडेट**


स्विट्जरलैंड के प्लेयर वावरिंका

## 12 राशियां और आपका दिन



**ARIES** (21 Mar - 19 Apr): आज आपकी राशि पर नवम भाव में चंद्रमा तथा द्वादश भाव में शनि भी आ जाएगा, इसके फलस्वरूप आज आपको कार्यक्षेत्र में नए अधिकार दिए जा सकते हैं। रचनात्मक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। पुत्र अथवा पुत्री के विवाह का प्रसंग प्रबल होकर आज के दिन फाइनल हो सकता है।

**TAURUS** (20 Apr - 19 May): आपकी राशि का स्वामी शुक्र उच्चाभिलाषी है। सप्तम भाव में बैठकर लग्न को संपूर्ण शुभ दृष्टि से देख रहा है। शुक्र सांसारिक सुख-भोगों का प्रतिनिधि है, अतः आवश्यक सामान की खरीदारी में ज्ञान तथा धन समय व्यतीत होगा। घर-परिवार के वृद्धजनों से आज के दिन बहसबाजी में न उलझें।

**GEMINI** (21 May - 21 Jun): अष्टम भाव में चंद्रमा और राशि से नवम भाग्य भाव में शुभ राशि का राहु आज आपको राज्य से सम्मान और सामाजिक प्रतिष्ठा से अभिभूत करेगा। बिजनेस में पार्टनर्स से तथा घर पर पत्नी पक्ष से पूर्ण सहयोग मिलेगा। ज्ञान भाव में कमी होगी। प्रिय वस्तु के खोने व चोरी होने का भय है, सावधान रहें।

**CANCER** (22 Jun - 22 July): आपकी राशि पर मिथुन का बृहस्पति तथा सप्तम भाव में चंद्रमा उत्तम संपत्ति और बहुत दिनों से रुके धन की प्राप्ति कराएगा। नए संबंधों में स्थायित्व बनेगा। राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में भी अच्छी सफलता मिल सकती है, प्रयत्नशील रहें। रात्रि का समय मंगल उत्सव में प्रियजनों के साथ हर्षोल्लास में बीतेगा। मानसिक तनाव के कारण कार्यों में बाधा उत्पन्न होगी।

**LEO** (23 July - 22 Aug): आज आप अपने मित्रवर्ती व अन्य लोगों की भावनाओं को पहचानें और उनके अनुसार चलने का प्रयास करें। कभी-कभार दूसरों की बात सुनने में कोई परेशानी नहीं है। दुकान या कार्यालय में भी टीमवर्क के जरिए ही आप किसी समस्या का हल निकालने में सफल होंगे।

**VIRGO** (23 Aug - 22 Sep): आपकी राशि से षष्ठम राहु संचार कर रहा है, चंद्रमा चतुर्थ केंद्र जन्म भाव में इष्ट मित्रों से निर्मूल विवाद तथा पश्चात्तापक है। आज अपने आस-पास खुशनुमा माहौल बनाने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र में भी अचानक कोई नया परिवर्तन आज आपको आश्चर्य में डाल सकता है।

**LIBRA** (23 Sep - 22 Oct): आज का दिन आपके लिए शुभ है। आज महापुरुषों से मुलाकात होगी। आज किसी से बहसबाजी में नहीं उलझेंगे तो आपके लिए फायदेमंद रहेगा। धन लाभ के अवसर दिनभर बनेंगे। नए कार्य के सभी पहलुओं पर गंभीरतापूर्वक विचार करने के उपरांत ही कुछ निर्णय लें। माता-पिता का ध्यान रखें, उनका आशीर्वाद उपयोगी है।

**SCORPIO** (23 Oct - 21 Nov): आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। बिजनेस के सिलसिले में किसी की सलाह लेने की आवश्यकता पड़ सकती है। दिन के दूसरे भाग में महिला मित्रों के साथ समय व्यतीत होगा। मामला कार्यक्षेत्र का हो या घर का आप अपने सभी उत्तरदायित्वों को सफलतापूर्वक निभा लेंगे।

**SAGITTARIUS** (22 Nov - 21 Dec): आज का दिन मिश्रित फलकारक है। आप अपनी पुरानी टेंशनों से मुक्त हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र में भी आपके सुझावों का स्वागत होगा। कुछ आवश्यक घरेलू सामान की खरीदारी करनी पड़ सकती है। अपनी जेब का खास ख्याल रखें। सायंकाल का समय परिवार के साथ व्यतीत करें।

**CAPRICORN** (22 Dec - 19 Jan): आज के दिन न चाहते हुए भी किसी यात्रा पर निकलना पड़ सकता है। ध्यान रहे कि आज के दिन की गई यात्रा सफल होगी। भाई-बहन के विवाह इत्यादि में शामिल होने का अवसर मिलेगा। आज के दिन किसी को भी उधार न दें। कोई पुराना मित्र या रिश्तेदार आज आपका मेहमान बनकर आ सकता है।

**AQUARIUS** (20 Jan - 18 Feb): राशि का स्वामी शनि द्वितीय केंद्र में राजनैतिक क्षेत्र में सफलता कारक है, सक्रिय राजनीति में भाग लेने का योग बन रहा है। प्रतिस्पर्धा में प्रतिद्वंद्वी आपसे पीछे रह जाएंगे। दिन के उत्तरार्ध में मांगलिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे। आज किसी की मदद कर सकें तो शुभ रहेगा।

**PISCES** (19 Feb - 20 Mar): राशि का स्वामी देवगुरु पिछले कई दिनों से मिथुन राशि का होकर चतुर्थ भाव में चल रहा है। चंद्रमा भी एकादश केंद्र का है, मन में उत्तम संपत्ति प्रदान करेगा। रुका हुआ धन या रुका हुआ पैसा मिल जाएगा। आज आपको कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां मिलेंगी, जिन्हें आप समय पर पूरा करेंगे। दफ्तर में आपकी ताकत से विरोधियों का मनोबल गिरेगा।

### जन्मदिन की शुभकामनाएं

यह वर्ष सिंह लग्न में प्रवेश हो रहा है। वर्ष का स्वामी सूर्य है। इस वर्ष गुरु, चंद्रमा और शुक्र मिश्रित फलकारक हैं। यद्यपि अत्यधिक सक्रियता के कारण जरा सी असावधानी भी असफलता और निराशा का कारण बन सकती है। इस दौरान आपको सभी कार्यों में विशेष सावधानी बरतनी पड़ेगी। दिसंबर में अगर आपने कार्य का समय पर निष्पादन न हो सके तो कहीं पर भी विश्वासघात हो सकता है। जनवरी 2026 में नियमित कार्यक्रमों में परिवर्तन से यथोचित लाभ होगा। फरवरी महीने की शुरुआत से लेकर मार्च महीने के अंत तक का समय स्वास्थ्य के लिए ठीक रहेगा। अपने खान-पान का भी ध्यान रखें। अप्रैल महीने में सभी काम कठिन परिश्रम और व्यय करने के बाद बन जाएंगे। मई-जून में किसी मंगल कार्य की योजना बनेगी। जुलाई में तीर्थ यात्रा का योग है। अगस्त में स्वयं के स्थान पर व्यय करना सुखद सिद्ध होगा। सितंबर से 15 अक्टूबर तक आपकी बीमारी भी दूर होगी। ग्रह-शांति के लिए मंगल शनिवार श्री सुंदरकांड का पाठ भी करते रहें। नवंबर में मनोरथ पूर्ण होंगे। **-आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा**

### कल का पंचांग
(सोमवार, 22 दिसंबर 2025)

राष्ट्रीय मिति पौष 1, शक संवत 1947, पौष, शुक्ल, द्वितीया, सोमवार, विक्रम संवत 2082। सौर पौष मास प्रविष्टे 8, रजब 1, हिजरी 1447 (मुस्लिम) तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 22 दिसंबर 2025 ई.। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, शिशिर ऋतु। राहुकाल प्रातः 7 बजकर 30 मिनट से 9 बजे तक। द्वितीया तिथि प्रातः 10 बजकर 52 मिनट तक उपरांत तृतीया तिथि का आरंभ। उत्तराषाढ़ नक्षत्र अर्धरात्रोत्तर 5 बजकर 35 मिनट तक उपरांत श्रवण नक्षत्र का आरंभ। ध्रुव योग सायं 4 बजकर 40 मिनट तक उपरांत व्याघात योग का आरंभ। कौलव करण पूर्वाह्न 10 बजकर 52 मिनट तक उपरांत गर करण का आरंभ। चंद्रमा प्रातः 10 बजकर 17 मिनट तक धनु उपरांत मकर राशि पर संचार करेगा।

**आज के व्रत और त्योहार**
उत्तरायण, शिशिर ऋतु प्रारंभ।

### सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | 5 | | | | 8 |
| | | 8 | 2 | 7 | | | | |
| 3 | | 1 | | | | | | 9 |
| | | 6 | | 2 | | | | 7 |
| 7 | | | | | | | | 1 |
| 4 | | | | 9 | | 3 | | |
| 9 | | | | | | 1 | | 6 |
| | | | | 8 | 3 | 7 | | |
| 8 | | | | 1 | | | 5 | |

### TELEVISION



big magic

| | |
|---|---|
| 09:00 बबलू डबलू | 13:30 भ से भाई |
| 10:00 चंद्रगुप्त मौर्य | 14:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा |
| 11:00 रुद्र के रक्षक | 15:00 लिटिल कृष्णा |
| 12:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा | 17:00 बबलू डबलू |
| 12:30 हम पांच | 19:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा |
| 13:00 रुद्र के रक्षक | |

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 21-12-2025 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP13 User: cci Time: 12-20-2025 22:52 Color:



## भारती बनी मां, बी प्राक के घर लौटीं खुशियां



कॉमेडियन भारती सिंह दूसरी बार मां बनी हैं। उन्होंने बेटे को जन्म दिया। वहीं, बी प्राक फिर पापा बने हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा है, 'राधेश्याम की दिव्य कृपा से, हमें 1 दिसंबर, को एक बेटे का आशीर्वाद प्राप्त हुआ है।'

# इतिहास, जासूसी और मोहब्बत की दुकान चली!

**2025 में दर्शकों ने नए जॉनर की फिल्मों को पसंद किया। इतिहास, स्पाई, रोमांस व एनिमेशन फिल्मों ने कमाल किया**

2025 REWIND

प्रशांत जैन

साल 2025 में बॉलिवुड में दर्शकों की पसंद काफी बदली-बदली नजर आई। विक्की कौशल की ऐतिहासिक जॉनर की फिल्म छावा ने साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म का खिताब अपने नाम किया, तो जासूसी जॉनर की फिल्म धुरंधर फैंस के बीच छा गई। रोमांटिक जॉनर की फिल्म सैयारा ने जेन Z को दीवाना बना दिया। जबकि एनिमेशन जॉनर की महावतार नरसिम्हा ने कामयाबी की नई इबारत लिख दी। जी हां, इस साल दर्शकों ने बॉलिवुड के परंपरागत हिट माने जाने वाले कॉमेडी, हॉरर कॉमेडी और सस्पेंस थ्रिलर की बजाय नए जॉनर को पसंद किया। बेशक दर्शकों की इस बदली पसंद का असर आने वाले दिनों में भी दिखाई देगा।

### सीक्वल की कतार से बोर हुए दर्शक

बीते सालों पर नजर डालें, तो सीक्वल और फिल्म यूनिवर्स को बॉलिवुड में सफलता का नया फॉर्मूला माना जा रहा था। लेकिन इस बार सीक्वल फिल्मों को दर्शकों ने उतना पसंद नहीं किया। यही वजह है कि सुपरहिट फिल्मों की सीक्वल फिल्में वॉर 2, हाउसफुल 5, सितारे जमीन पर, रेड 2 और थामा उम्मीद के मुताबिक जोरदार प्रदर्शन नहीं कर पाईं।

### छा गई फिल्म छावा

काफी अरसे बाद किसी ऐतिहासिक फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर जोरदार कामयाबी हासिल की। कोविड से पहले ऐतिहासिक विषयों पर बनी अजय देवगन की तान्हा जी और रणवीर सिंह व दीपिका पादुकोण की पद्मावत और बाजीराव मस्तानी ने इस जॉनर में कमाल किया था।

### धुरंधर ने किया धमाल

धुरंधर ने जासूसी जॉनर की फिल्मों के लिए मुकाबला कड़ा कर दिया है। इससे पहले स्पाई यूनिवर्स की फिल्म पठान ने जोरदार कामयाबी हासिल की थी। लेकिन उसके बाद टाइगर 3 और वॉर 2 के अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाने के चलते इस यूनिवर्स की अगली फिल्म एल्फा पोस्टपोन हो गई है।

### रोमांटिक हिट सैयारा

रोमांटिक फिल्में हमेशा से बॉलिवुड में हिट रही हैं। लेकिन बीते लंबे अरसे किसी रोमांटिक फिल्म को सुपरहिट की लिस्ट में शामिल नहीं किया गया। आखिरी बार ये जवानी है दीवानी और आशिकी 2 जैसी रोमांटिक फिल्में सुपरहिट हुई थीं। लेकिन इस साल सैयारा ने स्क्रीन पर रोमांस को फिर जिंदा कर दिया।

**₹600 करोड़ छावा (ऐतिहासिक)**





**₹337 करोड़ सैयारा (रोमांस)**

**₹503 करोड़ धुरंधर (जासूसी)**

*(कमाई जारी है)

### पसंद नहीं आईं सीक्वल फिल्में

**कोविड के बाद से बॉलिवुड में सफलता के नए फॉर्मूले के तौर सीक्वल का जबर्दस्त क्रेज है। हालांकि, इस साल दर्शकों ने सीक्वल व यूनिवर्स फिल्मों को ज्यादा भाव नहीं दिया है।**

**₹178 करोड़ रेड 2 (थ्रिलर)**

अजय देवगन की रेड की सीक्वल रेड 2 से दृश्यम फ्रेंचाइजी की तरह उम्मीद थी पर यह फिल्म वह कमाल नहीं कर पाई। रेड 2 पर दर्शकों ने इसकी प्रीक्वल रेड जितना प्यार नहीं लुटाया।



**महावतार नरसिम्हा (एनिमेशन) ₹182 करोड़**

**₹185 करोड़ वॉर 2 (एक्शन)**

स्पाई यूनिवर्स की फिल्म वॉर 2 में बॉलिवुड सुपरस्टार रितिक रोशन और तेलुगू सुपरस्टार जूनियर एनटीआर आमने-सामने थे, लेकिन कमजोर कहानी के चलते दर्शकों ने इस फिल्म को नकार दिया। इससे पहले फिल्म वॉर को दर्शकों ने काफी पसंद किया था।

**₹160 करोड़ हाउसफुल 5 (कॉमिडी)**

सुपरहिट हाउसफुल फ्रेंचाइजी की पांचवीं किस्त हाउसफुल 5 को निर्माताओं ने बड़े सितारों के साथ बड़े बजट में बनाया था। साथ ही इसके क्लाईमैक्स भी दो रखे गए थे। लेकिन अफसोस कि यह टोटका भी काम नहीं आया और बॉक्स ऑफिस पर फिल्म नहीं चली।

**₹165 करोड़ सितारे जमीन पर (ड्रामा)**

आमिर की सुपरहिट फिल्म तारे जमीन पर की स्पिरिचुअल सीक्वल सितारे जमीन पर से लोगों को जबर्दस्त सफलता की उम्मीद थी पर अफसोस कि इसने भी आमिर को निराश किया। वह बॉक्स ऑफिस में साल 2007 में आई उनकी फिल्म तारे जमीन पर जैसा प्रदर्शन करने में नाकामयाब रही।

**₹124 करोड़ थामा (हॉरर कॉमिडी)**

थामा हॉरर कॉमिडी यूनिवर्स की फिल्म स्त्री के मुकाबले काफी कमजोर साबित हुई। हालांकि निर्माताओं ने इसमें भेड़िया से लेकर सरकटा तक को शामिल किया, लेकिन अफसोस कि दर्शकों ने इसे नकार दिया।

# कसी हुई मर्डर मिस्ट्री में कड़क रहे नवाजुद्दीन

Upma.Singh@timesofindia.com



कास्टिंग डायरेक्शन से निर्देशन में कदम रखने वाले हनी त्रेहान 2020 में ओटीटी पर अपनी क्राइम थ्रिलर फिल्म रात अकेली है लेकर आए थे। इसमें इंस्पेक्टर जटिल यादव (नवाजुद्दीन सिद्दीकी) एक प्रभावशाली परिवार में हुए मर्डर की गुत्थी सुलझाते हैं। अब वह जटिल यादव फिर लौटे हैं, वहीं ज्यादा जघन्य मर्डर केस द बंसल मर्डर्स के साथ। खास बात यह है कि जटिल यहां सिर्फ कातिल का पर्दाफाश ही नहीं करते, बल्कि समाज की घिनौनी पावर पॉलिटिक्स का नकाब भी उतारते हैं।

कहानी कानपुर के प्रतिष्ठित बंसल परिवार की है, जिसके छह सदस्यों की रातोंरात हुई निर्मम हत्या से सनसनी फैल जाती है। शहर का नामी न्यूजपेपर चलाने वाला यह परिवार बड़ी बेटी मीरा (चित्रांगदा सिंह) के बेटे की बरसी के लिए फार्म हाउस में इकट्ठा हुआ है। जटिल यादव केस की तफ्तीश के लिए पहुंचते हैं तो जांच बढ़ने के साथ-साथ एक गुरु माता (दीप्ति नवल) पर परिवार की अंधभक्ति, एक भाई (संजय कपूर) के साथ बिजनेस राइवलरी, आर्थिक घपले से लेकर समाज में फैली अमीर-गरीब की खाई और ताकत के दुरुपयोग का तल्ख सच्चाइयां सामने आती हैं।

कहानी यह भी दिखाती है कि जनता का परसेप्शन या ताकतवर लोगों की इंवॉल्वमेंट कैसे किसी हाई प्रोफाइल केस का रुख मोड़ सकती है। कुल मिलाकर, फिल्म इस केस के पड़ताल के बहाने खामोशी से कई सवाल खड़े करती है। फिल्म की सेटिंग भी काफी समझदारी से की गई है। रात का सन्नाटा भरा स्याह वातावरण माहौल को और गमगीन और रहस्यमयी बनाने का काम करता है। निर्देशक हनी त्रेहान ने फिल्म को बांधकर रखा है और बेवजह के मेलोड्रामा से बचे हैं। हालांकि, इस वजह से मर्डर मिस्ट्री वाले तेज रफ्तार रोमांच की कमी भी महसूस होती है। इन्वेस्टिगेशन के दौरान कुछ सीन बेवजह लंबे हैं, जो कहानी की रफ्तार को धीमा करते हैं। साथ ही गुरु मां या संजय कपूर वाले एंगल को गहराई नहीं दी गई है। वे बस एक शक करने के लिए रखे गए लगते हैं।

ऐक्टर्स की बात करें तो हर हाल में सच की तह तक पहुंचने की जिद पालने वाले इंस्पेक्टर जटिल यादव के रूप में नवाज फिर टॉप क्लास रहे हैं। वह दिखाते हैं कि बिना हीरोइज्म का दिखावा किए भी हीरो कैसे बना जाता है। राधिका आप्टे छोटी सी भूमिका में भी असर छोड़ती हैं। वहीं, चित्रांगदा सिंह ने भी कॉम्प्लेक्स किरदार में बढ़िया अभिनय किया है। जबकि, फॉरेंसिक एक्सपर्ट डॉक्टर पणिकर के रोल में रेवती ने शानदार परफॉर्मेंस दी है। इनके अलावा, रजत कपूर, ईला अरुण, दीप्ति नवल, संजय कपूर, श्रीधर दुबे भी अपनी संक्षिप्त भूमिकाओं संग न्याय करते हैं।

**फिल्म**
**रात अकेली है: द बंसल मर्डर्स (18+)**
रेटिंग ★★★☆☆
**निर्देशक**- हनी त्रेहान
**कलाकार**- नवाजुद्दीन सिद्दीकी, चित्रांगदा सिंह, राधिका आप्टे, रेवती, दीप्ति नवल, ईला अरुण, संजय कपूर, श्रीधर दुबे आदि।
**स्ट्रीमिंग साइट** - नेटफ्लिक्स
**अवधि** -2 घंटा 16 मिनट
**जॉनर**-क्राइम, ड्रामा, थ्रिलर

**क्यों देखें**
समाज का सच दिखाती यह क्राइम थ्रिलर नवाजुद्दीन की सटीक अदाकारी के लिए देखनी चाहिए।




कानपुर। मेरठ। आगरा। गाजियाबाद। अलीगढ़। सहारनपुर। मथुरा। सतना। रीवा। छिंदवाड़ा। दतिया। खंडवा। अलवर। सीकर। धौलपुर। कोटा। अजमेर। भीलवाड़ा। पलवल। मेवात। जींद। सोनीपत। चंबा। कांगड़ा। कुल्लू। मंडी। सिरमौर। चित्तौरगढ़। रुद्रपुर। बेगूसराय। भागलपुर। भोजपुर। सिवान

## फटाफट खबरें

### बांग्लादेश में हुए जुल्म के खिलाफ मार्च

■ **NBT न्यूज, वाराणसी:** बांग्लादेश में एक हिंदू को जिंदा जलाने के खिलाफ काशी की मुस्लिम महिलाओं ने शनिवार को आक्रोश मार्च निकाला। मार्च में विशाल भारत संस्थान एवं मुस्लिम महिला फाउंडेशन की महिलाएं, बच्चे और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल रहे। लमही के सुभाष भवन से प्रेमचंद स्मृति द्वार तक निकले मार्च में महिलाओं ने बांग्लादेश की सरकार और कट्टरपंथियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद थीं।

### प्रतिष्ठा द्वादशी उत्सव पर बैठक संपन्न

■ **NBT न्यूज, अयोध्या :** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की ओर से आयोजित पौष शुक्ल द्वादशी पर आयोजित होने जा रहा प्रतिष्ठा द्वादशी उत्सव उत्साह के साथ संपन्न होगा। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को मूर्त रूप देने के लिए अयोध्या धाम के विभिन्न मठ मंदिरों के संतों और मंदिर ट्रस्ट से जुड़े कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। ट्रस्टी डॉ. डॉक्टर अनिल मिश्र ने कहा कि 29 दिसंबर से 2 जनवरी तक होने वाले उत्सव के दौरान मंदिर में नियमित दर्शन जारी रहेंगे।

# मथुरा हादसा: जांच में अफसर जिम्मेदार, DM को सौंपी रिपोर्ट

## जांच में सामने आया-जरूरी सुरक्षा इंतजाम नहीं किए गए

■ **NBT न्यूज, मथुरा:** यमुना एक्सप्रेस-वे पर हुए भीषण सड़क हादसे की जांच पूरी कर समिति ने अपनी रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंप दी है। 66 पन्नों की इस गोपनीय जांच रिपोर्ट में हादसे के लिए यमुना एक्सप्रेस-वे अथॉरिटी के अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया गया है। जांच में सामने आया है कि जिस स्थान पर हादसा हुआ, वह पहले से ही ब्लैक स्पॉट है, लेकिन इसके बावजूद वहां जरूरी सुरक्षा इंतजाम नहीं किए गए। जांच रिपोर्ट के मुताबिक घटनास्थल पर सड़क नीची और घुमावदार है। वहां न तो पर्याप्त स्ट्रीट लाइट लगी थी और न ही रिफ्लेक्टर या साफ-सुथरी रोड मार्किंग मौजूद थी। घने कोहरे में संकेतक दिखाई नहीं देते, जिससे वाहन चालकों को समय पर अंदाजा नहीं लग पाता। यही लापरवाही हादसे की बड़ी वजह बनी। इसके अलावा उस स्थान पर सीसीटीवी कैमरे भी नहीं थे, जिससे हादसे के सही क्रम की जानकारी जुटाने में दिक्कत आई।

File Photo



**यमुना एक्सप्रेस-वे पर 19 लोगों की हुई थी मौत**

कुछ दिनों पहले तड़के यमुना एक्सप्रेस-वे पर माइल स्टोन संख्या 127 के पास आगरा से नोएडा की ओर जा रहे वाहनों के बीच घने कोहरे के कारण भीषण टक्कर हो गई थी। इस हादसे में 7 बसें और 3 अन्य वाहन आपस में भिड़ गए थे। टक्कर के बाद कई वाहनों में आग लग गई, जिसमें 19 लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई, जबकि करीब 100 लोग घायल हो गए थे।

## राहत-बचाव करने वाले दो युवक होंगे सम्मानित

■ **भाषा, मथुरा:** मथुरा जिले में भीषण सड़क हादसे के बाद राहत और बचाव कार्यों में अहम भूमिका निभाने वाले दो युवकों को पुलिस प्रशासन की ओर से 'समैरिटन सिटीजन अवॉर्ड' (नेक नागरिक पुरस्कार) दिया जाएगा। पुलिस अधीक्षक सुरेश चंद्र रावत ने

*प्रशस्ति पत्र, 25-25 हजार रुपये प्रदान किए जाएंगे*

पुलिस ने बताया कि तकरीबन 100 लोगों को वाहनों से निकालकर एंबुलेंस तक पहुंचाने में मदद करने वाले योगेश सिकरवार और भूरा को 'समैरिटन सिटीजन अवॉर्ड' से नवाजा जाएगा। बताया कि यह अवॉर्ड 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर परेड ग्राउंड पर आयोजित कार्यक्रम में दिया जाएगा। 'समैरिटन सिटीजन अवॉर्ड' के तहत दोनों युवकों को प्रशस्ति पत्र के अलावा 25-25 हजार रुपये नकद प्रदान किए जाएंगे।

# BJP विधायक के खातों में मनरेगा की रकम, मुद्दा गरमाया

■ **NBT रिपोर्ट, उत्तरकाशी:** उत्तराखंड के सीमांत जिले उत्तरकाशी के पुरोला विधानसभा सीट से बीजेपी विधायक दुर्गेश्वर लाल और उनकी पत्नी के खातों में मनरेगा की धनराशि डाले जाने का मामला पूरे प्रदेश में चर्चा का विषय बना हुआ है। इस संबंध में विकासखंड कार्यालय के अधिकारियों का कहना है कि यह पूर्व में उनके जॉब कार्ड के आधार पर डाली गई है। विधायक का कहना है कि यह उनको बदनाम करने की साजिश है। वर्ष 2022 में बीजेपी के टिकट से विधायक का चुनाव जीतने वाले दुर्गेश लाल का पूर्व में मनरेगा जॉब कार्ड बना था। इसमें कई बार मजदूरी का भुगतान हुआ। अब उनके विधायक रहते भुगतान का मामला सामने आया है। 2021 से 2025 तक 11 कार्यों में दोनों को 22,962 रुपए का भुगतान होना दिखाया गया है। ब्लॉक कार्यालय में क्षेत्र के मनरेगा सहायक यशवंत ने कहा कि उनके किसी भी मस्टरोल पर हस्ताक्षर नहीं है और न ही ब्लॉक कार्यालय में इसकी फाइल और मस्टरोल मिल रहा है।

*विधायक ने कहा, यह बदनाम करने की है साजिश*

# बरेली हिंसा: 4 चार घंटे की रिमांड पर लाया गया आरोपी

■ **भाषा, बरेली:** बरेली में हुए दंगों के एक प्रमुख आरोपी और इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल (आईएमसी) से जुड़े नेता नदीम खान को पुलिस शनिवार को चार घंटे की रिमांड पर कड़ी सुरक्षा के बीच चिकित्सा जांच के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंची। पुलिस के अनुसार, जेल से अस्पताल तक पूरे रास्ते में अतिरिक्त सतर्कता बरती गई और व्यापक स्तर पर पुलिस बल की तैनाती की गई।

पुलिस ने बताया कि यह मामला 26 सितंबर को हुए बरेली दंगों से जुड़ा है, जिसमें अब तक कुल 12 मुकदमे दर्ज किए गए हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस नदीम से पूछताछ कर रही है और दंगा मामले की हर कड़ी को आपस में जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। मनुष ने बताया कि आने वाले समय में मामले से जुड़े और भी अहम खुलासे हो सकते हैं। पुलिस के अनुसार, थाना कोतवाली में लियाकत अली की शिकायत पर दर्ज एक मुकदमे की जांच के दौरान बड़ा खुलासा हुआ। जांच में सामने आया कि शिकायतकर्ता के नाम से एक पत्र वायरल किया गया था, जिस पर उसके असली हस्ताक्षर नहीं थे।

# कफ सिरप तस्करी में 'अपनों' को बचा रही योगी सरकार: कांग्रेस

■ **NBT न्यूज, वाराणसी:** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने शनिवार को वाराणसी में आरोप लगाया कि कोडीनयुक्त कफ सिरप की तस्करी मामले में योगी सरकार अपने लोगों को बचाने में जुटी है। सिरप तस्करी में शामिल सभी लोगों के अकाउंट को सार्वजनिक किया जाना चाहिए, ताकि पता चल सके कि किसे कितना पैसा, गाड़ी, फ्लैट और अन्य चीजें मिली हैं। उन्होंने सवाल किया कि गोवा में अग्निकांड के दोषी रेस्टोरेंट मालिक को विदेश से लाया जा सकता है, तो विदेश में छिपे कफ सिरप तस्करी के सरगना शुभम को गिरफ्तार कर क्यों नहीं लाया जाता।

उन्होंने कहा कि बाबा का बुलडोजर इस समय विंटर वैकेशन पर चला गया है, जिससे कफ सिरप के दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो पा रही है। मांग की कि इस मामले की जांच हाईकोर्ट के न्यायाधीश से कराई जाए, क्योंकि इस प्रकरण में बीजेपी के लोग मिले हुए हैं।

*अजय राय ने कहा, तस्करी में सभी शामिल लोगों के अकाउंट सार्वजनिक किए जाने चाहिए*

**कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
(भारत सरकार का उपक्रम)
यांत्रिक विभाग
बेलापुर भवन, सेक्टर - 11, सीबीडी बेलापुर, नवी मुंबई - 400 614
**यांत्रिक विभाग के लिए ठेकेदारों का रजिस्ट्रेशन ईओआई नोटिस नंबर: सीओ/एम/ओएंडएम/ईओआई/ई65973 दिनांक 19.12.2025**
मुख्य यांत्रिक अभियंता ने कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड के साथ परियोजना भागीदार के रूप में जुड़ने के लिए अभिरुचि स्वारस्य आमंत्रित की है। इसमें रेलवे कार्यशाला के संचालन और रखरखाव के साथ रिपेयर, पुनर्वास, उन्नयन, परिवर्तन और सब-असेंबली का निर्माण, साथ ही विभिन्न नए या मौजूदा रोलिंग स्टॉक के लिए पीओएच/आरओएच कार्य, कोच रिफर्बिशमेंट और संबंधित कार्य शामिल हैं।
अधिक जानकारी के लिए कृपया www.konkanrailway.com पर जाएं। (ईओआई दस्तावेज़ का पथ): www.konkanrailway.com → विभाग → यांत्रिक → अभिरुचि स्वारस्य (ईओआई) दस्तावेज़)। आवेदन पत्र की कीमत: रु. 15,000/- + 18% जीएसटी = रु. 17,700/- (सत्रह हजार सात सौ रुपये मात्र) (नॉन-रिफंडेबल और नॉन-ट्रांसफरेबल)।

## मनोरंजन




# उत्तराखंड में मानव-वन्यजीव संघर्ष रोकने के लिए सशक्त होंगे रेंजर लेबल के अधिकारी

## धामी बोले-जहां खेती को नुकसान कर रहे जीव, वहां सुरक्षा तंत्र होगा मजबूत

■ **NBT रिपोर्ट, देहरादून:** उत्तराखंड में मानव और वन्यजीव संघर्ष के लगातार बढ़ते मामलों को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इनसे निपटने के लिए कई जरूरी कदम उठाने की घोषणा की है। राज्य में योजनाबद्ध तरीके से सोलर फेंसिंग और सेंसर बेस्ड अलर्ट सिस्टम लगाए जाएंगे। इसके साथ ही हर जिले में आधुनिक वन्यजीव बंध्याकरण यानी नसबंदी केंद्र और रेस्क्यू और रिहैबिलिटेशन सेंटर भी खोले जाएंगे।



संघर्ष को प्रभावी तरीके से रोकने के लिए केंद्रीय वन्यजीव अधिनियम के प्रावधानों के तहत हिंसक वन्यजीवों को रोकने के अधिकार अब रेंजर लेबल के अधिकारियों को भी दिए जाएंगे। इसके लिए नियमों में जरूरत के मुताबिक बदलाव किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस मुद्दे पर उनकी केंद्रीय वन और पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव से भी बातचीत हो चुकी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के उन इलाकों में, जहां हाथी, नीलगाय, भालू, गुलदार और बंदर जैसे वन्यजीव खेती, बागवानी फसलों, सरकारी और प्राइवेट ढांचों और मानव जीवन को नुकसान पहुंचा रहे हैं, वहां सुरक्षा तंत्र मजबूत किया जाएगा। सोलर फेंसिंग और सेंसर बेस्ड अलर्ट सिस्टम से मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम किया जाएगा।

**आधुनिक नसबंदी केंद्र बनाए जाएंगे:** लंगूर, बंदर, सुअर और भालू जैसे वन्यजीवों की आबादी को कंट्रोल करने के लिए हर जिले में वन डिपार्टमेंट के तहत आधुनिक वन्यजीव नसबंदी केंद्र बनाए जाएंगे। सभी जिलों में वन्यजीवों के रेस्क्यू के लिए रिहैबिलिटेशन सेंटर खोले जाएंगे।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda
**महत्त्वपूर्ण सार्वजनिक सूचना**
ग्राहकों, पेंशनभोगियों और जन सामान्य के ध्यानार्थ...
**फ़र्ज़ी लिंक से सावधान रहें**
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के समक्ष फ़र्ज़ी और भ्रामक विज्ञापनों के मामले आए हैं, जिनमें बैंक के नाम, लोगो और शीर्ष अधिकारियों की तस्वीरों का उपयोग करते हुए विशेष कार्ड, पेंशन लाभ, छूट या अनिवार्य रूप से आवेदन करने की आवश्यकता की सूचना दी गई है। ऐसे विज्ञापन धोखाधड़ीपूर्ण उद्देश्यों से प्रेरित हैं और बैंक ऑफ़ बड़ौदा द्वारा जारी नहीं किए गए हैं।
बैंक ग्राहकों से कभी भी अनौपचारिक लिंक के माध्यम से आवेदन करने के लिए नहीं कहता है और इस तरह के माध्यमों द्वारा व्यक्तिगत विवरण, कार्ड की जानकारी, ओटीपी या लॉगिन क्रेडेंशियल नहीं मांगता है।
ग्राहकों से हमारा अनुरोध है कि वे संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें, अज्ञात ऐप डाउनलोड न करें या कोई संवेदनशील जानकारी साझा न करें।
प्रामाणिक जानकारी के लिए, कृपया बैंक ऑफ़ बड़ौदा की आधिकारिक वेबसाइट, सत्यापित संचार माध्यमों, शाखाओं या संपर्क केंद्र पर ही जाएं।
टोल फ्री नंबर पर कॉल करें (24x7): 1800 5700 / 5000
https://bankofbaroda.bank.in

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 21-12-2025 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP14 User: cci Time: 12-20-2025 22:49 Color:



**NBT AI टाइम मशीन**

### पहली बार किसी विडियो को 1 बिलियन व्यूज

आज ही के दिन, 21 दिसंबर 2012 को कोरियन रैपर Psy का गाना 'गंगनम स्टाइल' इतिहास में दर्ज हो गया। यह यूट्यूब पर एक बिलियन व्यूज पाने वाला दुनिया का पहला विडियो बना। यह गाना 15 जुलाई 2012 को रिलीज हुआ था। Psy कोरिया में पहले से मशहूर थे, लेकिन इसी गाने ने उन्हें पूरी दुनिया में पहचान दिलाई। यह विडियो इंटरनेट पर वायरल कंटेंट की ताकत और अनिश्चितता का बड़ा उदाहरण बना।



### सोशल मीडिया की ताकत और बढ़ेगी

ChatGPT के अनुसार, भविष्य में इंटरनेट और सोशल मीडिया कंटेंट की ताकत और बढ़ेगी। गाने, विडियो और ट्रेंड कुछ ही घंटों में दुनिया भर में फैल जाएंगे। भाषा और देश की सीमाएं और कमजोर होंगी। आर्टिफिशयल इंटेलिजेंस और एल्गोरिदम यह तय करेंगे कि क्या वायरल होगा। नए कलाकार बिना बड़े मंच के भी वैश्विक पहचान बना पाएंगे। दर्शकों की पसंद तेजी से बदलेगी और डिजिटल प्लैटफॉर्म ही मनोरंजन की दिशा तय करेंगे।



AI Image

**SPEED News**

**बांग्लादेश की स्थापना के लिए 1971 के मुक्ति संग्राम के दौरान मुक्ति वाहिनी के प्रमुख नेता, रिटायर्ड एयर वाइस मार्शल ए. के. खांडकर का शनिवार को निधन हो गया।**

File



AI Image



**इंग्लैंड में दो साल पहले कबड्डी टूर्नामेंट में हुई लड़ाई के दौरान हथियार लहराने के दोषी तीन भारतीय मूल के लोगों को कोर्ट ने 11 साल जेल की सजा सुनाई है।**

**दक्षिणी यूक्रेन के ओडेसा में बंदरगाह के बुनियादी ढांचे पर रूसी मिसाइल हमले में आठ लोग मारे गए और 27 घायल हो गए। इस दौरान पार्किंग एरिया में ट्रकों में भी आग लग गई।**



File



**सूडान में ड्रोन हमले में संयुक्त राष्ट्र के छह शांति सैनिकों की मौत हो गई। यमन में 10 हिरासत में। घटना ने UN कर्मियों की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं।**

**SPEED News पर आप अपनी राय हमें 9220747220 पर वट्सऐप करके बताएं।**

# दरवाज़े किए बंद, पेट्रोल छिड़का, मासूम ज़िंदा जली

**बांग्लादेश हिंसा: BNP नेता के घर में आग लगाई गई** | **दो बहनें 50-60 फीसदी तक झुलसीं, हालत बेहद गंभीर** | **हमलावरों की तलाश जारी, पुलिस ने अब शुरू की जांच**

Photos: AFP/PTI

■ आईएएनएस, ढाका

**बांग्लादेश में** जारी राजनीतिक अशांति के बीच लक्ष्मीपुर जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। उपद्रवियों ने बांग्लादेश नैशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के एक स्थानीय नेता के घर में आग लगा दी, जिससे सात साल की बच्ची की जिंदा जलकर मौत हो गई, जबकि परिवार के तीन अन्य सदस्य गंभीर रूप से झुलस गए। यह घटना शनिवार तड़के की है।

स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पीड़ित बीएनपी नेता और व्यवसायी बेलाल हुसैन हैं, जो भवानीगंज यूनियन बीएनपी के सहायक संगठन सचिव बताए जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार, उपद्रवियों ने हुसैन के टिन-शेड वाले घर को चारों ओर से घेर लिया। आरोप है कि हमलावरों ने घर के दोनों दरवाजे बाहर से बंद कर दिए और पेट्रोल डालकर आग लगा दी।

घटना के समय घर के अंदर पूरा परिवार सो रहा था। आग की चपेट में आने से सात साल की आयशा अख्तर की मौके पर ही मौत हो गई। उसकी दो बड़ी बहनें- 16 वर्षीय सलमा अख्तर और 14 वर्षीय सामिया अख्तर- करीब 50 से 60 प्रतिशत तक झुलस गईं। बेलाल हुसैन भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

**परिजनों की आंखोंदेखी:** बेलाल की मां हाजेरा बेगम ने बताया कि उन्होंने खिड़की से देखा कि उपद्रवी घर को घेरकर आग लगा रहे थे। दोनों दरवाजे बाहर से बंद थे। मैं कुछ नहीं कर पाई। उन्होंने बताया कि बेलाल किसी तरह दरवाजा तोड़कर बाहर निकलने में सफल रहे। उनकी पत्नी नजमा अपने चार महीने के बच्चे अबीर और छह साल के बेटे हबीब के साथ बाहर निकल आईं, लेकिन तीनों बेटियां एक कमरे में फंसी रह गईं। पुलिस अधिकारी ने कहा कि हम मामले की जांच कर रहे हैं। यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि घटना के पीछे कौन लोग हैं और उनका मकसद क्या था।



**जनाजे में जुटी भीड़**...बांग्लादेश की राजधानी ढाका में शनिवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच प्रमुख युवा नेता शरीफ उस्मान हादी के जनाजे की नमाज अदा की गई, जिसके लिए बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए। हादी की मौत होने के बाद देश में अशांति फैल गई है।



**ढाका का शाहबाग चौराहा**... हादी की मौत के बाद जुटी थी भीड़

## अवामी लीग का आरोप, यह सुनियोजित आतंकवादी हमला

■ आईएएनएस, ढाका

**बांग्लादेश की** अवामी लीग ने देश के विभिन्न हिस्सों में मीडिया, सांस्कृतिक संस्थानों और कूटनीतिक प्रतिष्ठानों पर हुए हमलों की कड़ी निंदा की है। पार्टी ने इन घटनाओं को 'सुनियोजित आतंकवादी हमला' करार देते हुए कहा कि इससे लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की आजादी पर बड़ा खतरा पैदा हो गया है।

**मीडिया, सांस्कृतिक संस्थानों पर हुए हमले**

अवामी लीग के अनुसार, इन हमलों में देश के प्रमुख अखबार प्रोथोम आलो और द डेली स्टार के कार्यालयों को निशाना बनाया गया। इसके अलावा राष्ट्रीय सांस्कृतिक संस्था छायानट, चटगांव और खुलना स्थित भारतीय सहायक उच्चायोग कार्यालय, भारतीय सांस्कृतिक केंद्र और बंगबंधु स्मारक संग्रहालय के बचे ढांचे पर भी हमले किए गए। पार्टी ने यह भी दावा किया कि इसी दौरान सांप्रदायिक नफरत की एक घटना में एक हिंदू युवक की बेरहमी से हत्या कर दी गई।

### थरूर का पत्रकार सुरक्षा पर ज़ोर

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने बांग्लादेश में हिंसा और मीडिया पर हमले पर चिंता जताई। उन्होंने ऑफिसों में आगजनी को प्रेस की आजादी और बहुलवादी समाज पर हमला बताया। वीजा सेवाओं का निलंबन छात्रों और परिवारों पर असर डालता है। अंतरिम सरकार से कहा कि भीड़तंत्र हावी न हो, पत्रकारों और राजनयिक मिशनों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। यूनुस से व्यक्तिगत दखल की मांग की।



### प्रेस क्लब ऑफ इंडिया ने पत्रकारों पर हुए हिंसक हमलों की निंदा की

■ **NBT रिपोर्ट:** प्रेस क्लब ऑफ इंडिया (PCI) ने बांग्लादेश में मीडिया संस्थानों और पत्रकारों पर हुए हिंसक हमलों पर गहरी चिंता जताते हुए कड़ी निंदा की है। पीसीआई ने कहा कि डेली प्रोथोम आलो और द डेली स्टार के कार्यालयों पर हमले, तोड़फोड़ और आगजनी की घटनाएं बेहद गंभीर हैं। साथ ही, न्यू एज के एडिटर और एडिटर्स काउंसिल के अध्यक्ष, वरिष्ठ पत्रकार नुरुल कबीर के उत्पीड़न को भी अस्वीकार्य बताया गया है। पीसीआई के अनुसार, अंतरिम सरकार के सत्ता में आने के बाद बांग्लादेश में 100 से अधिक पत्रकारों की हत्या के आरोपों में गिरफ्तार किया गया है, जिन्हें बिना मुकदमे के जेल में रखा गया है। संगठन ने इन पत्रकारों की तत्काल रिहाई की मांग की है।



पीसीआई ने कहा कि स्वतंत्र और जिम्मेदार पत्रकारिता लोकतांत्रिक व्यवस्था की बुनियाद है।

### भारत ने कुछ मिशनों में वीज़ा सेवाएं सस्पेंड कीं

■ **NBT रिपोर्ट:** बांग्लादेश में बिगड़ती सुरक्षा स्थिति के मद्देनजर भारत ने एहतियाती कदम उठाते हुए खुलना और राजशाही स्थित अपने सहायक उच्चायोगों में वीजा सेवाएं अस्थायी रूप से सस्पेंड कर दी हैं। TOI की रिपोर्ट के अनुसार, अधिकारियों ने बताया कि प्रदर्शनकारियों के इन मिशनों की ओर मार्च करने और धमकियां देने के बाद जमीनी हालात के आकलन के आधार पर यह फैसला लिया गया। इसके साथ ही ढाका स्थित भारतीय उच्चायोग की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

### हिंदुओं पर हमलों के खिलाफ भारत में प्रदर्शन



**कार्रवाई की मांग**... बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर कथित हमलों के विरोध में शनिवार को कोलकाता में लोगों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए कार्रवाई की मांग की।

## PM मोदी का खाड़ी देशों में सम्मान, भारत की विदेश नीति का बढ़ा मान

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** अपने हालिया ओमान दौरे के वक्त पीएम मोदी को गुरुवार को वहां के सर्वोच्च नागरिक सम्मान ऑर्डर ऑफ ओमान से सम्मानित किया गया। हालांकि इससे पहले छह में से पांच खाड़ी देशों ने पीएम मोदी को अपने सर्वोच्च पुरस्कार दिए हैं और ओमान इस सिलसिले की ताजा कड़ी है।

इससे पहले पीएम मोदी को 2019 में यूएई के ऑर्डर ऑफ जायद, 2016 में सऊदी अरब के किंग अब्दुलअजीज सैश, 2019 में बहरीन के किंग हमाद ऑर्डर ऑफ द रिनेसेन्स (फर्स्ट क्लास) और 2024 में कुवैत के ऑर्डर ऑफ मुबारक अल-कबीर के सम्मान से नवाजा जा चुका है। बीते एक दशक में खाड़ी देशों को लेकर भारत की आउटरीच और प्राथमिकता विदेश नीति में साफ तौर से देखी जा सकती है। खासतौर से पीएम मोदी ने इस संबंध में अपनी व्यक्तिगत कूटनीति की झलक भी दिखलाई है। साल 2014 के बाद इस क्षेत्र में कई अहम साझेदारियों की ओर बढ़ा है। बीते सालों में पीएम की ओर से खाड़ी सहयोग परिषद देशों के 15 दौरे अहम साबित हुए।

**मोदी की डिप्लोमैटिक केमिस्ट्री ने संबंध और मजबूत किए**

File



पीएम मोदी को हाल ही में ओमान का सर्वोच्च नागरिक सम्मान दिया गया।

### कुवैत में भी है मजबूत कनेक्शन

कई देशों के राष्ट्राध्यक्षों के साथ पीएम मोदी की निजी डिप्लोमैटिक केमिस्ट्री भी देखने को मिली। चाहे वो संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति के साथ व्यक्तिगत विश्वास हो या फिर सऊदी के सुल्तान के साथ रणनीतिक सामंजस्य। बहरीन के किंग हमद बिन ईसा अल खलीफा, कुवैत के अमीर शेख मेशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबाह, ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक और कतर के अमीर शेख तमिम बिन हमद अल थानी, सभी के साथ पीएम मोदी के रिश्ते सहज और साझे विश्वास पर आधारित हैं।

### 'कोई देश मर्ज़ी नहीं थोप सकता'

PTI



पुणे साहित्य महोत्सव में जयशंकर

■ **पीटीआई, पुणे:** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि आज दुनिया भारत को पहले की तुलना में कहीं अधिक सकारात्मक और गंभीर नजर से देखती है। यहां एक समारोह में जयशंकर ने बताया कि वैश्विक आर्थिक और राजनीतिक व्यवस्था बदल रही है और अब कोई भी देश अपनी मर्जी थोप नहीं सकता।

## एपस्टीन फाइलों में भारतीय आयुर्वेद का हुआ जिक्र

Epstein

AP



■ **पीटीआई, न्यू यॉर्क:** अमेरिकी न्याय विभाग की ओर से जारी की गई जेफरी एपस्टीन (Jeffrey Epstein) से जुड़ी फाइलों में भारत के आयुर्वेद और मसाज तकनीकों का उल्लेख सामने आया है। दस्तावेजों में इन्हें 'डिटॉक्सिफिकेशन' से जुड़ी पद्धतियों के रूप में बताया गया है। न्याय विभाग ने ये हजारों फाइलें सार्वजनिक कीं।

फाइलों में शामिल एक दस्तावेज में कहा गया है कि पश्चिमी देशों में कई प्रैक्टिशनर भारत की 5,000 साल पुरानी प्राकृतिक चिकित्सा प्रणाली आयुर्वेद पर आधारित मसाज और अन्य उपचार अपना रहे हैं। एक लेख में तिल के तेल से मसाज को डिटॉक्स से जोड़ा गया है। दस्तावेजों में कई नामी चेहरों की कुछ तस्वीरें पहली बार सामने आई हैं, जो दशकों पहले एपस्टीन के साथ की गई यात्रा की हैं। दस्तावेजों में कॉल लॉग, इंटरव्यू की कॉपियां भी शामिल हैं।

**अमेरिकी न्याय मंत्रालय ने तस्वीरें भी जारी कीं**




## अमेरिका का सीरिया में ISIS के 70 से ज़्यादा ठिकानों पर हवाई हमला

File



सीरिया के राष्ट्रपति शरा से ट्रंप ने वाइट हाउस में मुलाकात की थी।

Alpyu.Singh@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** अमेरिका ने सीरिया में आतंकी संगठन ISIS के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है, जिसे ऑपरेशन हॉकआई का नाम दिया गया है। इस ऑपरेशन में ISIS के 70 से अधिक ठिकानों को निशाना बनाया गया। यह हमला पिछले सप्ताह पालमिरा में दो अमेरिकी नैशनल गार्ड सदस्य और एक अन्य की मौत के जवाब में किया गया। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने इसे अमेरिका का बदला बताया। एक महीने पहले सीरियाई राष्ट्रपति अहमद अल-शरा ने वाइट हाउस का दौरा किया था, जो 80 वर्षों में किसी सीरियाई राष्ट्रपति का पहला दौरा था। इस दौरान ट्रंप ने कहा कि उनकी कोशिश है कि सीरिया ISIS के खिलाफ अमेरिकी गठबंधन में सक्रिय भागीदारी करे। शरा की वाइट हाउस यात्रा के एक दिन बाद, दमिश्क में यूएस दूतावास ने घोषणा की कि सीरिया अब 'ग्लोबल कोएलिशन टू डिफीट ISIS' का सदस्य बन गया है। विशेषज्ञों के अनुसार हाल के दौर में अमेरिका और सीरिया के संबंध बेहतर हुए हैं और रणनीतिक रूप से दोनों देशों के लिए यह महत्वपूर्ण है।

**अमेरिकी सैनिकों की मौत के बाद ऑपरेशन किया**

### असद के बाद शरा की नई रणनीति

बशर अल असद के सत्ता से हटने के बाद, राष्ट्रपति अहमद अल-शरा उन देशों से रिश्ते सुधारने की कोशिश कर रहे हैं जो असद के दौर में सीरिया से दूर हो गए थे। सऊदी अरब में शरा-ट्रंप मुलाकात इसी सिलसिले की कड़ी थी। शरा ने UN महासभा को संबोधित किया था। विशेषज्ञों के अनुसार, यह असद के 13 साल के गृहयुद्ध के बाद सीरिया की पहली प्रभावी उपस्थिति है।

### 'अंतरराष्ट्रीय पहचान, नियंत्रण है रणनीति'

जानकार अनिल त्रिगुणायत के अनुसार, ISIS के खिलाफ लड़ाई साझा है। शरा का नेतृत्व अमेरिका की एंटी-ISIS नीति से मेल खाता है और हालिया रिश्तों के सुधार से उन्हें फायदा हुआ है। हालांकि, सीरिया पर उनकी पूरी पकड़ नहीं है। बागी गुटों पर नियंत्रण न होने के कारण शरा अपनी पकड़ मजबूत करने और सीरिया की अंतरराष्ट्रीय छवि को सुधारने की कोशिश कर रहे हैं।

SINCE 1986
JOINT & SPINE CLINIC
NON SURGICAL PAIN MANAGEMENT
Orthopedic & Physiotherapy
जॉइंट & स्पाईन क्लिनिक

उम्र से संबंधित घुटने का घिसना (Wear & Tear) गठिया (Rheumatoid Arthritis), एसीएल और पीसीएल लिगामेंट और मेनिस्कस का फटना (ACL and PCl ligament and Meniscus tear), गाउट (यूरिक एसिड में वृद्धि), ऑपरेशन के बाद का दर्द। कई मरीज़ घुटने के प्रतिस्थापन के बाद भी दर्द का अनुभव करते रहते हैं। खेल की चोटें, घुटनों का टूटना, देर तक खड़े न रह पाना, घुटनों में सूजन

Senior Orthopedic Surgeon
Pain Management Specialist
Rheumatologist

503, कोहिनूर स्पेशलिटी क्लिनिक, पाँचवीं मंजिल, सेंट्रल टावर, कोहिनूर स्क्वायर, शिवसेना भवन के सामने, दादर

दर्द से राहत की ओर




बिना सर्जरी, बिना किसी दुष्प्रभाव के

क्या आप घुटनों की समस्याओं से पीड़ित हैं? क्या आपके घुटनों का लचीलापन, झुकने की क्षमता और भार वहन करने की क्षमता कम हो गई है? अगर आप सीढ़ियाँ चढ़ने में अत्यधिक कठिनाई, दैनिक गतिविधियों में भाग लेने में असमर्थता, पाँच मिनट भी खड़े न रह पाने, घुटनों में तेज दर्द आदि से राहत चाहते हैं, तो आज ही नी क्लिनिक जाएँ।




मुंबई
(प्रत्येक सोमवार)
सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक
8767090409
9370155293

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 21-12-2025 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP2 User: ccl Time: 12-20-2025 23:10 Color:





**05** प्रभागों में 2017 के बीएमसी चुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार ने जीत दर्ज की थी।

# हम अपने दम पर लड़ेंगे चुनाव: कांग्रेस आप वर्षों से हार रहे, फिर हारेंगे: UBT

## कांग्रेस प्रभारी रमेश चेन्निथला की घोषणा, कार्यकर्ताओं की इच्छा अकेले लड़ने की



शनिवार को मुंबई कांग्रेस पॉलिटिकल अफेयर्स कमिटी की बैठक हुई। बैठक में रमेश चेन्निथला के अलावा मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष वर्षा गायकवाड, ऑल इंडिया कांग्रेस कमिटी के सेक्रेटरी यू.बी. वेंकटेश, सांसद चंद्रकांत हंडोरे, पूर्व मंत्री नसीम खान और पूर्व मंत्री व विधायक असलम शेख सहित अन्य नेता उपस्थित थे।

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रभारी रमेश चेन्निथला ने साफ कर दिया है कि मुंबई महानगरपालिका का चुनाव कांग्रेस अपनी ताकत पर लड़ेगी। उन्होंने दावे के साथ कहा कि पार्टी चुनाव लड़ने की तैयारी में लग गई है। जल्द ही पार्टी अपना घोषणापत्र (मैनिफेस्टो) जारी करेगी। उधर, चेन्निथला की घोषणा के बाद उद्धव सेना के प्रवक्ता आनंद दुबे ने कहा कि मुंबई में कांग्रेस को गंभीरता से लेने की जरूरत नहीं है। पिछले 30 साल से वह बीएमसी चुनाव हार रही है। इस बार फिर हारेगी।

चेन्निथला ने कहा कि बीएमसी में हुए कथित घोटालों को लेकर एक चार्जशीट जारी की जाएगी। चेन्निथला ने कहा कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव महाविकास आघाडी के तहत लड़े थे, लेकिन कार्यकर्ताओं की इच्छा है कि स्थानीय स्वराज्य संस्थाओं के चुनाव अकेले लड़े जाएं। इसी को ध्यान में रखते हुए कांग्रेस ने बीएमसी चुनाव अकेले लड़ने का निर्णय लिया है। शनिवार को मुंबई कांग्रेस पॉलिटिकल अफेयर्स कमिटी की बैठक हुई। बैठक में रमेश चेन्निथला के अलावा मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष व सांसद वर्षा गायकवाड, ऑल इंडिया कांग्रेस कमिटी के सेक्रेटरी यू.बी. वेंकटेश, सांसद चंद्रकांत हंडोरे, पूर्व मंत्री नसीम खान, पूर्व मंत्री व विधायक असलम शेख, अमीन पटेल, ज्योति गायकवाड सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

बैठक के बाद चेन्निथला ने पत्रकारों से कहा कि स्थानीय निकाय के चुनाव जमीनी स्तर पर होते हैं और जनता से जुड़े मुद्दों पर कांग्रेस पूरी मजबूती के साथ उतरेगी।

### 'प्रकाश आंबेडकर से फोन पर बात हुई'

वंचित बहुजन आघाडी के साथ गठबंधन के बारे में पार्टी प्रभारी चेन्निथला ने कहा कि प्रकाश आंबेडकर से फोन पर बात हुई है। जल्द ही उनसे मिलने के लिए कांग्रेस एक प्रतिनिधिमंडल जाएगा। प्रकाश आंबेडकर से बात करने के बाद जो निर्णय लिया जाएगा, वह सूचित किया जाएगा।

### BJP की धार्मिक राजनीति को जनता नकार देगी: वर्षा

मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष वर्षा गायकवाड ने कहा कि बीजेपी के धार्मिक राजनीति और दोहरे मापदंड को जनता खारिज कर देगी। गायकवाड ने कहा कि जब भी चुनाव आते हैं, बीजेपी धार्मिक राजनीति करना शुरू कर देती है। उन्होंने कहा कि जहां बीजेपी की मुंबई इकाई के प्रमुख अमित साटम का दावा है कि एनसीपी (एपी) के नवाब मलिक अस्वीकार्य हैं, वहीं अजित पवार के नेतृत्व वाली पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे वरिष्ठ बीजेपी नेता आशीष शेलार से बातचीत करते हैं। बीजेपी कहती है कि नवाब मलिक अस्वीकार्य हैं, फिर भी उनकी (विधायक) बेटी सना मलिक बीजेपी सरकार के पक्ष में वोट देती हैं।

### नवी मुंबई: MVA के साथ मिलकर लड़ेगी NCP (SP)

■ NBT न्यूज, नवी मुंबई: राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के प्रदेश अध्यक्ष शशिकांत शिंदे ने नवी मुंबई मनपा चुनाव महाविकास आघाडी के साथ मिलकर लड़ने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि आघाडी में एनसीपी, शिवसेना और कांग्रेस के अलावा मनसे, वंचित बहुजन आघाडी और आम आदमी पार्टी के साथ चर्चा चल रही है। शनिवार को हमने करीब 60 इच्छुक उम्मीदवारों का साक्षात्कार किया है, लेकिन टिकट का अंतिम निर्णय सीटों का बंटवारा होने के बाद किया जाएगा। वहीं, एनसीपी (एसपी) जिला अध्यक्ष मंगेश आमले ने कहा कि हम महाविकास आघाडी में बड़ा भाई या छोटा भाई बनकर लड़ने की बजाय जुड़वां भाई बनकर मैदान में उतरेंगे। हम लोकतंत्र को जीवित रखने के लिए चुनाव लड़ रहे हैं।



शिंदे ने कहा कि मनसे सहित अन्य से बातचीत जारी है।

## शिंदे सेना के बाद BJP की नजर NCP (AP) पर

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: बीजेपी प्रदेश कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में अजित पवार की NCP के कई दिग्गज नेता बीजेपी में शामिल हो गए। पुणे और पिंपरी चिंचवड में बीजेपी और NCP (AP) के अलग-अलग चुनाव लड़ने की संभावना है। उधर, राज्य में सत्ताधारी महायुति के घटक दलों के बीच तनातनी जारी है। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की नाराजगी के बाद भी बीजेपी उनकी पार्टी के लोगों को अपनी पार्टी में शामिल कर रही है। अब बीजेपी की तिरछी नजर अजित पवार की एनसीपी पर पड़ी है। पुणे और पिंपरी-चिंचवड में एनसीपी के नेताओं को बीजेपी ने अपनी पार्टी में शामिल कर लिया। पुणे और पिंपरी-चिंचवड पर पवार परिवार का दबदबा रहा है। उनके दबदबे को खत्म करने के लिए बीजेपी दोनों ही एनसीपी के मजबूत नेताओं को बीजेपी अपनी पार्टी में शामिल कर रही है। मनपा चुनाव से ऐन पहले अजित पवार की पार्टी के 8 पूर्व नगरसेवक बीजेपी में शामिल हो गए। स्थायी समिति के पूर्व अध्यक्ष व एनसीपी की नेता उषा वाघेरे, पूर्व उपमहापौर प्रभाकर वाघेरे, राजू मिसाल, पूर्व चेयरमैन प्रशांत शितोले के अलावा पूर्व नगरसेवक समीर मासुलकर, जलिंदर शिंदे, प्रसाद शेट्टी, विनोद नढे के साथ-साथ उद्धव सेना के सिटी प्रेसिडेंट संजोग वाघेरे का बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष चव्हाण ने स्वागत किया है।

पिंपरी चिंचवड में 8 पूर्व नगरसेवक BJP में शामिल





बीजेपी में शामिल होने वाले एनसीपी नेताओं का बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण ने स्वागत किया।

### उद्धव सेना के सुभाष भोईर BJP में

कल्याण ग्रामीण के पूर्व विधायक सुभाष भोईर शनिवार को अपने कई समर्थकों के साथ बीजेपी में शामिल हो गए। भोईर उद्धव सेना के लिए महत्वपूर्ण थे। प्रदेश अध्यक्ष चव्हाण ने कहा कि ठाणे जिले में सामाजिक क्षेत्र में काम करने वाले और वहां की समस्याओं को जानने वाले सुभाष भोईर उद्धव सेना के पदाधिकारियों के साथ बीजेपी में शामिल हुए हैं। गठबंधन में काम करने वाले भोईर से उनके करीबी रिश्ते हैं और उनके बीजेपी में आने से संगठन मजबूत होगा।

### जनता की मांग

#### प्रभाग 110 में जल निकासी न होना सबसे बड़ी समस्या

बीएमसी के वॉर्ड 110 के अंतर्गत आने वाले तुलसी पाड़ा क्षेत्र में कई समस्याएं है, लेकिन सबसे बड़ी समस्या जल निकासी न होने की है। श्रद्धा ईवोक से लेकर आयडियल हाई स्कूल तक सबसे बड़ी समस्या यह है कि बरसात में जल निकासी नहीं हो पाती। यदि आधा घंटे भी तेज बरसात हुई, तो श्रद्धा ईवोक से लेकर आगे सब जल मग्न हो जाता है। वहां से नगरसेवक का चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों से अनुरोध है कि वे इस समस्या का हल करने का वादा करें।

-जयगोविंद मिश्रा, मुंबई

#### भेजें वॉर्ड की समस्याएं

आपके वॉर्ड या प्रभाग के क्या मुद्दे है? क्या समस्याएं है, जिनके समाधान की आप अपने नवनिर्वाचित नगरसेवक से उम्मीद रखते है, हमें अपने नाम, वॉर्ड और प्रभाग के साथ लिख भेजें वॉट्स ऐप नंबर 9967397376 पर। हम उन्हें नवभारत टाइम्स (NBT) के माध्यम से 'जनता की मांग' कॉलम के तहत पहुंचाएंगे निकाय चुनाव उम्मीदवार तक।

### आया राम, गया राम

#### समर्थकों सहित संदीप तिवारी ने जॉइन की उद्धव सेना

■ एनबीटी न्यूज, मीरा-भाईंदर: मीरा-भाईंदर में BJP नेता संदीप तिवारी ने पार्टी से बगावत करते हुए उद्धव सेना जॉइन कर ली। मातोश्री में हुए इस प्रवेश कार्यक्रम में उनके साथ सैकड़ों समर्थक और कार्यकर्ता भी उद्धव सेना में शामिल हुए। इस अवसर पर पूर्व सांसद राजन विचारे, जिलाप्रमुख प्रभाकर म्हात्रे भी मौजूद थे। संदीप तिवारी इससे पहले BJP उत्तर भारतीय मोर्चा सहित कई महत्वपूर्ण पद पर रह चुके हैं और संगठन में उनकी मजबूत पकड़ मानी जाती रही है। आगामी मनपा चुनावों को लेकर उन्होंने प्रभाग क्रमांक 10 से चुनाव लड़ने की इच्छा जताई थी, लेकिन पार्टी के भीतर टिकट को लेकर अनिश्चितता और अंदरूनी राजनीति के चलते उन्होंने नया राजनीतिक रास्ता चुना।



### इलेक्शन ब्रीफ

#### गठबंधन के लिए की BJP से बात: म्हस्के

नवी मुंबई मनपा चुनाव के लिए विभिन्न दलों के कार्यकर्ताओं ने तैयारियां शुरू कर दी है, लेकिन बीजेपी और शिवसेना के इच्छुक उम्मीदवारों में काफी असमंजस है। शिंदे सेना के इच्छुक उम्मीदवारों को शनिवार को पार्टी के पैनल की तरफ से साक्षात्कार किया गया। इस दौरान पार्टी की तरफ से दावा किया गया कि लगभग 500 लोगों ने चुनाव लड़ने की इच्छा जताई है, जबकि सीटें सिर्फ 111 ही हैं। इस बारे में सांसद नरेश म्हस्के ने कहा कि वरिष्ठ नेताओं के स्तर पर महायुति के लिए चर्चा किया गया है, लेकिन अब तक नवी मुंबई में कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। मैंने खुद बीजेपी जिला अध्यक्ष राजेश पाटिल को फोन कर महायुति के लिए चर्चा शुरू करने की मांग की है और उनका सकारात्मक जवाब मिला है।

#### नवी मुंबई: 27 गांवों के लोग कर सकते है मतदान का बहिष्कार



नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट को अब तक लोकनेता दिबा पाटिल का नाम नहीं दिए जाने से पनवेल तालुका के 27 गांवों के लोग नाराज है। उन्होंने आगामी सभी चुनावों में मतदान का बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। इसमें स्थानीय स्वराज्य संस्थाएं, मनपा, विधानसभा और लोकसभा चुनाव शामिल है। इस संबंध में 27 गांवों के प्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी और पनवेल के तहसीलदार को पत्र सौंपा है। इस मौके पर 27 गांव परियोजना प्रभावित सामाजिक संस्था के अध्यक्ष नंदराज मुंगाजी ने कहा कि एयरपोर्ट के लिए पनवेल तालुका के कई गांवों की जमीन और मकान अधिग्रहित किए गए थे। लेकिन केंद्र सरकार ने अब तक नामकरण नहीं किया है, जिससे हम सभी काफी निराश है।

#### भिवंडी: आयुक्त के दलों को दिशा-निर्देश

भिवंडी मनपा के आम चुनाव में मनपा आयुक्त तथा चुनाव अधिकारी द्वारा सभी राजनीतिक दलों की एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें मनपा आयुक्त ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मनपा चुनाव से संबंधित दिशा निर्देश दिया। इस बैठक में सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, चुनाव निर्णय अधिकारी, पुलिस विभाग सहित मनपा के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### सुना है कि...

#### असमंजस में उम्मीदवार, प्रचार शुरू करें या नहीं

बीएमसी चुनाव की घोषणा हो चुकी है। लेकिन उद्धव सेना और मनसे के संभावित उम्मीदवारों में बेचैनी है, क्योंकि दोनों दलों के नेताओं का मिलना-जुलना जारी है, लेकिन अब तक दोनों दलों के बीच गठबंधन पर मुहर नहीं लगी है। संभावित उम्मीदवार इस असमंजस में हैं कि यह सीट उनके खाते में आएगी या दूसरी पार्टी को मिल जाएगी। इसलिए मनसे और उद्धव सेना के ज्यादातर उम्मीदवार अभी तक प्रचार नहीं शुरू कर पाए हैं।

#### यूपी-बिहार के नेताओं की मांग, BJP सबसे आगे

बीएमसी चुनाव में यूपी-बिहार के नेताओं को भी प्रचार के लिए लाने की तैयारी है। BJP, कांग्रेस और सपा के उम्मीदवार यूपी-बिहार से नेताओं को अपने-अपने एरिया में प्रचार के लिए संपर्क कर रहे हैं। यूपी-बिहार के नेताओं की सबसे ज्यादा मांग बीजेपी में है। मुंबई में अकेले चुनाव लड़ने जा रही कांग्रेस के नेता भी यूपी-बिहार से नेताओं को बुलाने की तैयारी कर रहे हैं। BJP के एक नेता ने बताया कि बीएमसी चुनाव में यूपी-बिहार के नेताओं के प्रचार से हमें काफी फायदा होगा। धूमकेतु

### 'एक बार वोट करें, हम लेंगे 5 साल का जिम्मा'

■ Nbt न्यूज, कल्याण: कल्याण-डोंबिवली मनपा चुनाव की घोषणा के बाद राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इसी कड़ी में बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण ने डोंबिवली में एक बड़ी सभा को संबोधित करते हुए मनपा चुनाव में बीजेपी को भारी मतों से जिताने की अपील की। उन्होंने कहा कि एक बार बीजेपी को वोट दीजिए और पांच सालों की पूरी जिम्मेदारी मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस लेंगे। फडणवीस ऐसा कह चुके हैं। रविंद्र चव्हाण ने कहा कि महाराष्ट्र को प्रगति की राह पर आगे ले जाने के लिए हर स्थानीय स्वराज्य संस्था को मजबूत करना जरूरी है और इसके लिए सही विचारधारा वाली पार्टी को सत्ता में लाना आवश्यक है।

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष चव्हाण ने की डोंबिवली में सभा

### भिवंडी का कांग्रेस से भरोसा उठा: यादव

■ NBT न्यूज, भिवंडी: भिवंडी शहर का विकास केवल समाजवादी पार्टी के माध्यम से ही संभव है। यही कारण है कि भिवंडी शहर में सपा से टिकट मांगने वालों की भारी भीड़ उमड़ रही है। यह बातें सपा के महाराष्ट्र प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भिवंडी मनपा चुनाव प्रभारी अनय यादव ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही। उन्होंने कहा है कि इस बार मनपा में समाजवादी पार्टी पूर्ण बहुमत के साथ सत्ता में आएगी। यहां के नागरिकों का कांग्रेस पार्टी से भरोसा उठ गया है। पार्टी स्वच्छ छवि वाले उम्मीदवार उतारेगी, जिससे पहली बार मनपा में समाजवादी पार्टी का महापौर बनेगा।

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष चव्हाण ने की डोंबिवली में सभा

### फ्लैश बैक



2017 के बीएमसी चुनाव में बीजेपी के प्रवीण शाह ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 19,556 से अधिक मतों से हराया था। इसे अपने आप में बीएमसी के इतिहास में एक रेकॉर्ड मार्जिन जीत मानी जाती है। उनके प्रतिद्वंद्वी को सिर्फ 3304 वोट मिले थे।

## अंबरनाथ में बोगस वोटर, लाठीचार्ज, झूमा-झपटी

■ NBT न्यूज, अंबरनाथ: अंबरनाथ नगर परिषद चुनाव से पहले बीजेपी के एक उम्मीदवार के कार्यालय पर हुई गोलीबारी की घटना से माहौल तनावपूर्ण हो गया। अंबरनाथ में सत्ताधारी बीजेपी और शिंदे सेना इस चुनाव में आमने-सामने है। बीजेपी के एक पदाधिकारी और कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया है कि शिवसेना ने 200 से अधिक ऐसी महिलाओं को एक बारात घर में ठहराया है, जो स्थानीय नहीं है और संभवतः फर्जी मतदान कराने के लिए ऐसा किया गया है। पुलिस उपायुक्त सचिन गोरे ने बताया कि इस संबंध में पुलिस को शिकायत मिली है और मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि बारात घर के अंदर अंबरनाथ से बाहर की 208 महिलाएं पाई गई है। पुलिस और निर्वाचन विभाग के कर्मचारी उनके पहचान पत्रों और अन्य दस्तावेजों की जांच कर रहे है।

जानकारी के अनुसार, अंबरनाथ में 6 से 7 जगहों पर बोगस वोटर, लाठीचार्ज, धक्का-मुक्की और EVM बंद होने की घटनाएं हुईं। पुलिस स्टेशन में केस दर्ज करने और वोटिंग समय खत्म होने के बाद आरोपियों को नोटिस देकर छोड़ दिया गया। अंबरनाथ में करीब 54.55 % मतदान हुआ।

तनावपूर्ण माहौल, करीब 54.55 % मतदान



### 'वोटिंग से एक दिन पहले पैसे बांटे'

पैनल नंबर 28 में BJP के दो पदाधिकारियों पर वोटर्स को पैसे बांटने का आरोप है। जानकारी के अनुसार, NCP कार्यकर्ताओं ने पकड़कर फ्लाइंग स्क्वॉड को सौंप दिया। पुलिस ने बताया कि इन दोनों BJP पदाधिकारियों के खिलाफ शिवाजी नगर पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया गया है।

### राउत ने की राज ठाकरे से मुलाकात

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: बीएमसी चुनाव की बीच शनिवार को उद्धव सेना के सांसद संजय राउत ने मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे से उनके निवास स्थान पर मुलाकात की। जानकारी के अनुसार बैठक में बीएमसी चुनाव में गठबंधन और सीट बंटवारे को लेकर दोनों नेताओं में चर्चा हुई। बैठक के दौरान राज के साथ मनसे नेता बाला नांदगावकर और नितिन सरदेसाई भी उपस्थित थे। जबकि उद्धव सेना की ओर से अनिल परब, वरुण सरदेसाई आदि उपस्थित थे। बताया जा रहा है कि दोनों दलों के बीच मराठी बहुल क्षेत्रों में सीट बंटवारे को लेकर गतिरोध बरकरार है।

## शिंदे बोले—गठबंधन पर CM से करूंगा चर्चा

### मीरा-भाईंदर में सभा: गठबंधन पर असमंजस, सरनाईक बोले-अकेले लड़ने को तैयार

■ अमित तिवारी, मीरा-भाईंदर: मीरा-भाईंदर मनपा चुनाव को लेकर BJP और शिवसेना (शिंदे गुट) के बीच गठबंधन पर सस्पेंस अभी भी बना हुआ है। शनिवार को मीरा-भाईंदर में आयोजित एक बड़ी सभा में एकनाथ शिंदे ने गठबंधन को लेकर स्थिति स्पष्ट होने की उम्मीद जगाई थी, लेकिन उनके भाषण के बाद भी असमंजस की स्थिति जस की तस बनी रही। शिंदे ने कहा कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव की तर्ज पर ही मनपा चुनाव में भी गठबंधन होना चाहिए। हालांकि, उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि यदि स्थानीय स्तर पर सहमति नहीं बन पाती है, तो वे इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से सीधे चर्चा करेंगे। मीरा-भाईंदर में शिवसेना का भगवा फहराना स्वर्गीय बालासाहेब ठाकरे का सपना था। शिंदे के पूरे भाषण में वर्तमान सरकार से ज्यादा उनके मुख्यमंत्री कार्यकाल के दौरान किए गए विकास कार्यों का उल्लेख सुनने को मिला।



#### विरार में भी शिवसैनिकों को किया संबोधित

मनपा चुनाव की तैयारियों के बीच एकनाथ शिंदे ने विरार में भी शिवसैनिकों को संबोधित किया। कार्यकर्ता सम्मेलन में उन्होंने संगठन की मजबूती, अनुशासन और बूथ स्तर पर सक्रियता पर जोर दिया। शिंदे ने कहा कि शिवसेना कार्यकर्ता ही पार्टी की असली ताकत है और उन्हीं के दम पर आगामी मनपा चुनाव में सफलता हासिल की जाएगी।

#### प्रताप सरनाईक ने लगाया व्यवधान डालने का आरोप

सभा में शिंदे सेना विधायक व परिवहनमंत्री प्रताप सरनाईक ने BJP और खास तौर पर विधायक नरेंद्र मेहता पर अप्रत्यक्ष रूप से गठबंधन में अड़ंगा डालने का आरोप लगाया। सरनाईक ने स्पष्ट शब्दों में 50-50 फॉर्मूले पर गठबंधन की बात रखी और चेतावनी दी कि यदि गठबंधन नहीं होता है, तो शिंदे सेना अकेले दम पर चुनाव लड़ने के लिए पूरी तरह तैयार है और मनपा पर भगवा फहराएगी।

#### महापौर पद पर ठोका दावा

शिंदे सेना ने इस अवसर पर महापौर पद पर भी खुलकर दावा ठोक दिया। मीरा-भाईंदर विधानसभा प्रमुख विक्रमप्रताप सिंह ने कहा कि आगामी मनपा चुनाव में शिवसेना का ही कोई शिवसैनिक महापौर बनेगा। उन्होंने दावा किया कि मीरा-भाईंदर में पहले की तुलना में अब शिवसेना का संगठन कहीं अधिक मजबूत हुआ है।

## एस्ट्रोन्यूमरो मिरर

■ **प्रश्न: पंचम भाव में चंद्रमा शुभ होता है या अशुभ?** - विश्वास कुमार मिश्रा

**उत्तर:** सद्गुरुश्री कहते हैं कि कुंडली का पंचम भाव बुद्धि, संतान, रचनात्मकता और पूर्व पुण्य का सूचक है। यदि इस भाव में चंद्रमा स्थित हो, तो जातक सामान्यतः सदाचारी, संवेदनशील और धार्मिक प्रवृत्ति का होता है। ऐसे व्यक्ति विद्या, कला, खेल और मनोरंजन में विशेष रुचि रखते हैं। इनका मन कल्पनाशील होता है और जीवन में इन्हें आकस्मिक लाभ, निवेश से सफलता तथा संतान सुख प्राप्त होता है। जीवनसाथी के सौभाग्य से भी इन्हें लाभ मिलता है। देवी उपासना इनके लिए विशेष फलदायी सिद्ध होती है।

■ **प्रश्न: दिन के समय मुझे बार-बार कामुक विचार परेशान करते है। जिनसे अपनापन होता है, वही दुःख का कारण बनते है। जन्म समय स्पष्ट नहीं है। यह स्थिति किस ग्रह के प्रभाव से बनती है?** -सुषमा तिवारी

**उत्तर:** सद्गुरुश्री के मतानुसार ऐसी प्रवृत्तियां कुंडली में मंगल की अशांत या दुर्बल स्थिति का संकेत देती हैं। अत्यधिक कामुक विचार, बार-बार संबंध बदलने की प्रवृत्ति, मित्र और शत्रु में भेद न कर पाना, अपराधियों के प्रति आकर्षण, शीघ्र क्रोधित हो जाना या भाई-बहनों से मनमुटाव, ये सभी विकृत मंगल के लक्षण है। ऐसे जातकों में शारीरिक शिथिलता, असंतोष और कभी-कभी आक्रामक प्रवृत्ति भी देखी जाती है। प्रेम विवाह जैसे निर्णयों में इन्हें विशेष आत्ममंथन की आवश्यकता होती है।

■ **प्रश्न: पराक्रम भाव में सूर्य का प्रभाव शुभ माना जाए या अशुभ?** -गीतिका मेहता

**उत्तर:** सद्गुरुश्री कहते हैं कि कुंडली के तृतीय भाव में स्थित सूर्य व्यक्ति को साहसी, पराक्रमी और आत्मनिर्भर बनाता है। ऐसे जातक रचनात्मक क्षेत्रों जैसे लेखन, कला, संगीत और काव्य में विशेष सफलता प्राप्त करते हैं। सूर्य की दृष्टि भाग्य भाव पर पड़ने से व्यक्ति धार्मिक प्रवृत्ति का और भाग्यशाली होता है। यद्यपि सूर्य यदि शत्रु राशि या नीच राशि तुला में हो, तो भाई-बहनों से मतभेद और पराक्रम में कमी देखी जाती है।

■ **प्रश्न: नए घर में प्रवेश के लिए वर्ष का कौन सा समय उपयुक्त माना गया है?** -नीरज कुलश्रेष्ठ

**उत्तर:** शास्त्रों के अनुसार माघ, फाल्गुन, वैशाख और ज्येष्ठ मास नए आवास में प्रवेश के लिए श्रेष्ठ माने गए हैं। इसके विपरीत आषाढ़, श्रावण, भाद्रपद, आश्विन और पौष माह को सामान्यतः गृह प्रवेश के लिए अनुकूल नहीं माना गया है। यह विभाजन ऋतु, ग्रह स्थिति और प्रकृति के संतुलन को ध्यान में रखकर किया गया है।



सद्गुरुश्री दयाल
(डॉ. स्वामी आनंदजी)
(आध्यात्मिक गुरु एवं ज्योतिष चिंतक)

**ज्ञान का पिटारा**

यदि अष्टम भाव में मंगल या शनि, या दोनों की पूर्ण दृष्टि हो तो प्रायः यह संकेतक होता है कि जीवन में किसी गंभीर दुर्घटना का जोखिम हो सकता है।

**इसे भी आजमाएं**

यदि घर के आग्नेय कोण में स्नानगृह हो, तो गृह में क्लेश की संभावना बढ़ती है। यदि उसे स्थानांतरित करना संभव न हो, तो वहां लाल रंग की टाइल्स एवं लाल रंग के प्रकाश का उपयोग वास्तुनुसार कष्टों की शांति में सहायक माना गया है।

**बात पते की**

**लग्न भाव**

जन्म कुंडली का प्रथम भाव, जिसे लग्न, तनु भाव अथवा उदय भाव भी कहा जाता है, ज्योतिष की तकनीकी संरचना में वह केंद्रीय अक्ष है, जिस पर संपूर्ण कुंडली की गणना और व्याख्या आश्रित रहती है। जन्म-क्षण में पूर्व क्षितिज पर उदित होने वाली राशि ही लग्न कहलाती है, वही इस भाव की राशि-स्वामी (लग्नेश) के माध्यम से पूरे जीवन की दिशा निर्धारित करती है। तकनीकी दृष्टि से प्रथम भाव शरीर, स्वास्थ्य, आयु, व्यक्तित्व, आत्मबल, और जीवन-ऊर्जा (Vitality) का सूचक है। लग्न में स्थित ग्रह प्रत्यक्ष रूप से व्यक्ति के स्वभाव, शारीरिक गठन और मानसिक प्रवृत्तियों को प्रभावित करते हैं। शुभ ग्रह यहां हो, तो कांति, साहस और आत्मविश्वास की आहट आती है; पाप ग्रह हो तो संघर्ष, अस्थिरता अथवा शारीरिक कष्टों का सुराग मिलता है, हालांकि यह सब ग्रहों की दशा, दृष्टि और योगों पर निर्भर करता है। लग्नेश की स्थिति अत्यंत निर्णायक मानी जाती है। यदि लग्नेश केंद्र या त्रिकोण में, स्व-राशि, उच्च या मित्र राशि में हो, तो कुंडली को बल प्राप्त होता है और व्यक्ति जीवन में स्थायित्व व नेतृत्व-क्षमता हासिल करता है। इसके विपरीत, नीच, अस्त या षष्ठ-अष्टम-द्वादश में स्थित लग्नेश आत्मबल को क्षीण कर सकता है। प्रथम भाव से ही भाव-चक्र का क्रम आरंभ होता है; अतः यह कुंडली का आधार है। यही भाव बताता है कि जातक जीवन को कैसे व्यतीत करेगा, सक्रिय योद्धा की भांति या अंतर्मुखी साधक की तरह।

नोट: अगर, आपकी कोई समस्या है, तो आप अपनी जन्म तारीख, जन्म समय और जन्म स्थान के साथ अपना सवाल nbtmumbai@timesofindia.com पर मेल कर सकते हैं। Subject: NBT Astro Numero जरूर लिखें। चुनिंदा सवालों के जवाब छापे जाएंगे।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 21-12-2025 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMP3 User: ajay.karekar Time: 12-20-2025 20:38 Color:


SanRaj Family Ventures Pvt Ltd

प्रस्तुत

सहयोगी संस्था

JAISWAL YOUTH FEDERATION

BAYLEAF FOUNDATION

# श्री राम कथा समिति, मुंबई

के तत्वाधन में आयोजित

# श्री राम कथा



-: भव्य रथ यात्रा :-
शनिवार, 3 जनवरी 2026
-: समय :-
सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक

-: कथा :-
3 से 11 जनवरी 2026
समय :- दोपहर 4.00 बजे से सायं 7.00 बजे तक

-: कथा स्थान :-
लक्ष्मी सरस्वती ग्राउंड, महाराजा अग्रसेन मार्ग, बांगुर नगर, गोरेगांव वेस्ट, मुंबई

## ९ दिवस कथा प्रसंग

| | |
|---|---|
| 3 जनवरी | श्री रामकथा महिमा |
| 4 जनवरी | श्री शिवपार्वती विवाह |
| 5 जनवरी | श्री राम जन्मोत्सव |
| 6 जनवरी | बाल लीला |
| 7 जनवरी | धनुषभंग व श्री सिताराम विवाह महोत्सव |
| 8 जनवरी | केवट प्रेम |
| 9 जनवरी | श्री राम मंगल यात्रा व भरत चरित्र पूर्वार्ध |
| 10 जनवरी | भरत चरित्र उत्तरार्ध व शबरी प्रेम |
| 11 जनवरी | सुंदरकांड व श्री राम राज्याभिषेक |

प्रेममूर्ति पूज्य
संत श्री प्रेमभूषणजी महाराज
के कृपा पात्र

LIVE
Pujya Rajan Jee

## पूज्य श्री. राजन जी महाराज

की अमृतवाणी से

आयोजक



श्री राजदीप गुप्ता | श्री चंद्रकांत गुप्ता | श्रीमती चमेलीदेवी गुप्ता | श्री संदीप गुप्ता | श्री राहुल पाण्डेय

**आप सभी भक्तजनों से विनम्र निवेदन है कि, इस दिव्य कथा के अवसर पर सपरिवार पधारकर श्रीराम भक्तिरस का लाभ अवश्य प्राप्त करें।**

## -: निवेदक :-



- **श्री प्रदीप जायसवाल** — अध्यक्ष - जायसवाल यूथ फेडेरशन, मुंबई
- **श्री जयनारायण तिवारी** — संस्थापक - बेलीफ फाउंडेशन
- **श्री दीपक जायसवाल** — अध्यक्ष - बेलीफ फाउंडेशन
- **श्री सुभाषचंद्र जयसवाल** — सदस्य - सरस्वती देवी चैरिटेबल ट्रस्ट
- **श्री डॉ. सुनील यादव** — सदस्य - सरस्वती देवी चैरिटेबल ट्रस्ट
- **श्री रंजू सिंह** — सदस्य - सरस्वती देवी चैरिटेबल ट्रस्ट
- **श्री अजित सिंह** — ओशिवरा जिला मंत्री - विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल

Join us on pujya_rajan_jee | shreeramkathamumbai | jyf.jaiswalyouthfederation

# जीवन साथी
दिल का रिश्ता



## वधू चाहिए

### जाति आधारित

#### अग्रवाल-बिंसा

**SM4** Maglik Goel, Oct-86, 5'7", Never Married, B.Com, Veg + T.Tottler, W.H. Mgr in Delhi, seeks Homely / Service Girl M.No. 9136164727, 8076085373.

#### ब्राह्मण

**BRAHMIN** Boy 1974 Nvr Married pure Veg, MBA MCA own computer Inst. at Chennai seeks Nvr married Brahmin girl # 9245117765 /9597781031

**H'SOME** 44/5'11" knkj B.Tech(C.S),M.B.A (London), properties Delhi NCR, Lko worked mnc, now self company Glint India technologies 108 noida 40LPA, never married. 9415142535

**MANGLIK** Handsome Punjabi Saraswat Brahmin Boy June1996 / 5'8" / B.Com./ Business Analyst / Job / Delhi Call 8076604272 , 9540404441

**चाहिए** सुंदर सुशील वधू बिना दहेज गौड़ ब्राह्मण मांगलिक दिल्ली वासी वर के लिए, 34 / 5'8" / शेखपुरा / लिमिटेड कंपनी में नौकरी 8 लाख सालाना # 9801559601

#### कायस्थ

**ALLIANCE invited for UK based Srivastava boy 29/5'7" Clinical Scientist Father Tax consultant 9560396574.**

#### जाटव

**DELHI** based JATAV h'some boy (Manglik), DOB 09.01.94, height 5'10", working in BSF Inspector preferred same caste beautiful girl. # 9350252384

### धर्म आधारित

#### हिंदू

**CASTE** no bar. Pretty match - working / not working, veg, grad / PG / diploma holder between age 34 - 42, for smart, pious Brahmin boy 5'7", handsome, looks much younger, teetotaller, post grad, well-placed with good income, own house & car. No dowry. WhatsApp 9943590127

**SM4** Hindu NAI boy, 5'10", Nov 97, BTech wrkng in MNC, 11L, Delhi based educated family, own house, father in govt service 9891606058

#### सिख

**LLM,** MBA, 5'9", Dec 1998, Advocate, only Son, Delhi based Looking for well educated working Sikh Girl. Contact: 9899117799

### जनरल

#### कास्ट नो बार (जाति का कोई बंधन नहीं)

**ब्राह्मण** 1996 जन्म, कद 5'8" BMS कॉर्पोरेट कंपनी में कार्यरत हेतु वधू चाहिए (जाति बंधन नहीं) 9224455971 ( मुंबई )

**SEP** 1989, 5'6", Gaud Brahmin, M.Tech, employed in reputed MNC (Noida), Rs 10 LPA. Seeking edu working girl from a cultured family. 9425734201

**NEVER** married,N.Mglk,Delhi bsd Pb Kh hsome boy,8.9.86/5'9" conv edu, grad, b'man (owner SME & shops), 30 Lpa, edu well of fmly. 9810301389, 7065629632

**SM4** Upper Caste Hindu 1995 Born 5'7" Fair MBA Boy. Working with MNC in Mumbai. 12 Lacs PA. Contact : 9326650473

**WANTED** B'ful wkng girl for brahmin boy 90 born 5'7" B tech MBA wkng in Health Ministry profile & photo must. M. 9818900308/8368894428

**SM** for jatav SC boy/30/5'5, IAS(allied) wrkg. Indian Railway Traffic Service (IRTS) posted Mumbai parents civil servants . # 9920269460

#### सामान्य

#### अग्रवाल

**LOOKING** for suitable match for Agarwal boy 5'.8" /July 1997/Fair/B.Com/ having own Business/ Mumbai based. Contact 9820034513

#### जाट

**MCA** JAT boy JUL 79/5'5 IT Consultant, 7-figure LPA, Own house Father, Retd. Engr Seeks Educated girl. Caste no bar M: 9873285013

#### राजपूत

**CHAUHAN** Rajput (Vats Gotra), Single Boy, 5'-8"/23, Working MNC Bank, Salary 45000, Rental Income 30000, looking B'ful Bride # 9560175050


bharat matrimony
Biggest Matrimony Service for Indians
भारत की सबसे बड़ी विवाह सेवा
अभी ऐप डाउनलोड करें
पंजीकरण मुफ़्त है!
25 साल से भारतीयों की नंबर 1 पसंद

TO PLACE A PERSONAL ANNOUNCEMENT IN THIS SECTION CALL: 9867505472




## वर चाहिए

### जाति आधारित

#### ब्राह्मण

**ALLIANCE** invited for Brahmin girl, Aug 1992, Fair, 5'4". Senior Auditor earning annual package 25-30 LPA. From a respected upper middle-class family. Seeking well-settled, suitable groom. Contact: 9869284632.

**M4** Brahmin (Katyayan Gotra) B'ful, slim 26/5'4" M.Arch, Wkg MNC from South Del bsd status fmly. Seeks PQ, Educated, Well Settled, Maithil BR boy from reputed fmly. W'App 9810326780

**DELHI** Based Match for Gaur Brahmin, Fair, Veg Girl B.A. B.ed 5'2, 37. Family Seeks Qualified, Well Settled, Teetotler Boy. Call 8130518949

### धर्म आधारित

#### हिंदू

**SQM4** beautiful Shakyawar (Kori) unmarried girl Oct-1987/5'8" B. Tech & MBA, Cyber Security (IT) Senior professional working in MNC @ Mumbai, Caste no bar. Email: nshakyawar2025@gmail.com WhatsApp 8779651250

### कार्य आधारित

#### डॉक्टर्स

**MD/MS** BRAHMIN M4 MBBS, MS OPTHALMOLOGY (Studying)GARHWALI BRAHMIN GIRL 1995/5'3" FROM A DOCTOR'S FAMILY 9411536600 7983038968

#### एमबीए/सीए

**SM4** Bengali Kayasta /29/150 B.Tech, PGP (ISB), wkg reputed MNC Mumbai, Mgmt Consultant. Parents retired settled in Mumbai. 9969620439

### वर चाहिए - भाषा आधारित

#### बंगाली

**SM4,** B'ful Bengali Kayasta 31Yrs, 5'6" Dentist (MDS) Working Reputed Hospital in Blore, Seeks Well Settled Groom WhatsApp: 8884055989

### सलाह

पाठकों को किसी भी विज्ञापन पर कार्य करने से पहले उन्हें पूरी तरह से पूछताछ करने की सलाह दी जाती है। यह अखबार विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जाने वाले उनकी स्थिति, आयु और दूल्हे/दुल्हन की आय की जिम्मेदारी नहीं लेता है। इस मामले में कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।

# विवाह विशेष

TIMES interact — Connecting People. Connecting Needs.
READER ENGAGEMENT INITIATIVE


DESIGNER Fancy Sarees
31 YEAR at your service
Makar SANKRANTI
10% Special Offer
Salonee CHANDERIWALA
HOUSE OF EXCLUSIVE FANCY SAREES
(NO BRANCHES)
COLLECTION RANGE IN
• Embroidery Sarees • Upaada Silk • Banarsi Weaves
• Silk Kota • Cotton Sarees • Kota Sarees • Tissue Kota
• Summer Crepe • Row Mango Silk • Super Net
• Chanderi Silk • Kathmandu Silk • Chapa Silk • Kataan Silk
• Tissue & appliqué magic in 4 stunning colours!
Shop No 7/B, Sahayadri Building, S.V. Road, Opp Bajaj Hall, Malad (W), Mumbai - 64
Mob.: 80802 84377 / 99307 87205
Sunday Open: Timing: 10.30 am to 8.30 pm | Thursday Closed

Rishtey By Chandgothia
खास अग्रवाल समाज के लिए
सम्पर्क करें:
कृष्णकुमार एन. चांदगोठिया
9820132178
7506149540
022-46042645
Sambhandh starts from above 100
Office No. 10 & 11, Divya Smruti Bldg, Opp. Toyota Showroom, Link Road, Malad (W), Mumbai-4000 64
Email: krishnachandgothia@gmail.com
100% Percent transperancy and privacy


**शादी-ब्याह और गहनों का नाता सदियों पुराना है, जो समय बीतने के साथ और भी अटूट हो गया है। जब बात खास मौकों पर अपनी खूबसूरती में चार चांद लगाने की हो, तो नजरें सबसे पहले लेटेस्ट ज्वेलरी ट्रेंड्स पर ही टिकती हैं। आज के समय में ज्वेलरी मार्केट में वैरायटी की कोई कमी नहीं है; खासकर डिजाइनर कलेक्शंस ने लोगों को ऐसे बेहतरीन विकल्प दिए हैं, जो न केवल उनकी पसंद को नया विस्तार देते हैं, बल्कि उन्हें एक खास और जुदा अंदाज भी प्रदान करते हैं।**


SubhLagan — A BOND OF TRUST
प्रवीण कीलनिया
अपने लाडले-लाडलियों के रिश्तों के लिए एक बार अवश्य पधारिये!
(केवल हिंदू समाज के लिए)
info@subhlagan.com | www.subhlagan.com
अंधेरी (प.) - स्मन : 9920233244, 022-40601111
वडाला (प.) - बनवारी : 9167344068, 022-24164335
दिल्ली - रोहित : 9987314956, 011-35008404
कोलकाता - प्रवीण : 9748794123, 9830082203
जयपुर - विकी : 7357069118, 0141-4108434

Radha Krishna
हम आपको Selected Biodata ही देंगे!
आपको तीन अलग-अलग लोगों से Cross जानकारी करनी है।
ताकि रिश्ता अच्छी जगह रिश्ता हो जाए
Bajoria (Agrawal)
9320411776





## आपके ब्राइडल लुक को निखार देंगी ये जूलरी

Amul.Rastogi@timesofindia.com



वेडिंग सीजन में लोग अपने लुक को लेकर काफी सीरियस दिखने लगते हैं, खासकर महिलाएं। ऐसे में उन्हें अपने अपनी ड्रेस के साथ जूलरी को मेनटेन रखने की जरूरत होती है। फैशन एक्सेसरीज में जूलरी सबसे ऊपर आती है, इसलिए एक अच्छी जूलरी आपको किसी सितारे की तरह पार्टीज में चमकने का मौका देती है। ऐसे में आपको भी स्टाइलिश दिखने के लिए स्टाइलिश जूलरी को कैरी करने की जरूरत होती है।

दुलहन हैं या फिर दुलहन की सहेली, हर कोई हर एक फंक्शन में आकर्षक नजर आना चाहता है। इसमें एक अहम भूमिका जूलरी की भी होती है। वैसे तो बेहतरीन जूलरीज का चुनाव करना कठिन होता है, लेकिन एक बार आपको ट्रेंड का पता चल जाए तो खरीदना आसान हो जाता है। अगर आप एक ऐसी जूलरी की तलाश में हैं, जिसे इस वेडिंग सीजन फ्लॉन्ट कर सकें? अगली बार शॉपिंग पर जाने से पहले इन पांच जूलरी ट्रेंड पर एक बार जरूर नजर डालें।

### लेयर्स में फैशन का है ट्रेंड

आपने 2021 में भी देखा होगा कि बॉलीवुड दीवाज लेयर्ड नेकलेस और लेयर्ड ब्रेसलेट्स पहन कर स्पॉट हुई हों। ऐसा ही वर्तमान ट्रेंड्स में भी देखा जा सकेगा। अब लगभग हर बड़ा जूलरी ब्रांड अपने सब ब्रांड्स लेकर आया है, जो मिनिमलिस्टिक जूलरी को प्रमोट कर रहे हैं।

### कलरफुल स्टोन का किलर लुक

इस मौसम में एक स्टेटमेंट लुक तैयार करने के लिए आप बड़े और कलरफुल स्टोन से बनी जूलरीज का चुनाव कर सकती हैं। रूबी रेड और सैफायर ब्लू से लेकर शानदार एमरल्ड ग्रीन कलर के स्टोन लगी जूलरीज को आजमा सकती हैं।

### रॉयल लुक देते हैं पर्ल्स

अगर आपको अपना लुक रॉयल दिखाना है, तो आपको जूलरी में पर्ल्स को शामिल करना चाहिए। साथ ही इन्हें प्लेन डार्क कंट्रास्ट ड्रेस के साथ शामिल करने की जानकार राय देते हैं। इसके साथ ही पर्ल्स ने फिर से ट्रेंड में वापसी कर ली है। अब आप उन चंकी पर्ल ईयररिंग्स को चुन सकती हैं, जो आपके सादे से आउटफिट में सुंदरता जोड़ने का काम करती हैं। ओवरसाइज्ड जूलरीज से लेकर बेहद नाजुक जूलरीज तक को आप अपने कलेक्शन में जोड़ें।

### डायमंड की बात है निराली



हीरे की अपनी एक ब्यूटी होती है। इसका वाइट, शैम्पेन या रोज-कट आपका मूड बना देगा, तो क्यों ना इससे अपने जूलरी बॉक्स को एक नई चमक दी जाए। अगर आपकी नजर डायमंड के ब्राइडल कलेक्शन पर है तो जरूर खरीदें। आपकी ब्यूटी इस जूलरी के साथ ज्यादा निखरकर आएगी।

### ब्राइडल चोकर

लेडीज, बेहद सुंदर और मोहक दिखने वाले इस जूलरीज को जितना जल्दी हो सके खरीद लें, क्योंकि यह कभी भी आउट ऑफ ट्रेंड नहीं होती है। अपने लहंगे से मैच करते हुए एक हैवी ब्राइडल चोकर पहनें। अपने लुक को और ग्लैमरस बनाने के लिए इसके साथ लॉन्ग नेकपीस चुनें। ऐसी जूलरी जो वेस्टर्न वियर और ट्रेडिशनल दोनों पर चल जाए वो पसंद की जाएगी और इनमें चोकर शामिल हो सकते हैं। जहां तक हेयर एक्सेसरीज को लेकर बात है तो इस साल हमें बहुत ज्यादा हेयर जूलरी देखने को नहीं मिलेगी। ट्रेडिशनल फंक्शन में भी स्टाइल कुछ अलग हो सकते हैं।

### इयररिंग्स हों दमदार

जहां एक ओर स्टेटमेंट इयररिंग्स ने इस साल भी अपनी जगह बनाए रखेंगे, वहीं डेली ऑफिस वियर जूलरी इयररिंग्स बदल सकते हैं। अब वो ट्रेंड नहीं रहेगा जहां हर ड्रेस के हिसाब से इयररिंग्स बदले जाएं। हां, ये अलग-अलग लोगों के हिसाब से बदल सकता है, लेकिन अगर एक एवरेज देखें, तो कंफर्ट को ध्यान में रखकर जूलरी डिजाइनिंग होगी।

### भारी भरकम जूलरी से बचें

जूलरी फैशन अब छोटे साइज में बदलने वाला है। छोटे साइज के मंगलसूत्र, नेक पीस, ब्रेसलेट्स आदि कुछ ऐसे होंगे जो हैंडी रहेंगे। दरअसल, समय के साथ फैशन स्टेटमेंट भी बदल गया है और अब डेलिकेट जूलरी को लेकर अलग-अलग फैशन डिजाइनर भी काम कर रहे हैं। कई सारे बड़े डिजाइनर्स भी अब डेलिकेट और इंटिमेट जूलरी को लेकर आगे बढ़ रहे हैं।

### ज्यादा चमकीली जूलरी से बचें

अभी जो ट्रेंड चल रहा है, उसमें स्टोन्स तो ट्रेंडी रहेंगे, लेकिन बहुत ज्यादा ब्लिंग नहीं होगा। स्टोन्स, ऑक्सिडाइज्ड, रोज गोल्ड जूलरी का ट्रेंड बढ़ सकता है। बहुत ज्यादा चमकदार और बड़े नेकलेस अब ट्रेंड से बाहर होते दिखेंगे। हालांकि कुछ खास ओकेजन पर वो चल सकते हैं, लेकिन अधिकतर नॉर्मल टोन वाली जूलरी ही चलेगी।

जो भी हो, लेकिन यह सच है कि जूलरी आपकी खूबसूरती को निखारने में अहम भूमिका निभाती है। हां, इसके स्वरूप में समय के साथ-साथ बदलाव होते रहे हैं, लेकिन इसने अपना मूल स्वभाव बरकरार रखा है। यही है कि लोग आज भी इसे पसंद करते हैं।


मुम्बई अग्रवाल सामूहिक सम्मेलन
पैसा/करियर के लिए संपूर्ण जीवन है, युवावस्था सीमित समय के लिए है !!!
बीती युवावस्था वापस नहीं आ सकती !!!
AGE :20 AGE :30 AGE :40
विशिष्ट अग्रवाल युवक-युवती परिचय सम्मेलन
दि. 10-11 जनवरी 2026
संपर्क : 9699 054 544 | 9920 646 646

BOOK YOUR MATRIMONIAL ADS
FOR BOOKING PLEASE CONTACT:
Jitendra Boricha 9820 137 295 | Jitesh Dominic 9867 407 521
TO BOOK ONLINE LOG ON TO
Ads.timesofindia.com
EXCLUSIVE OFFERS AND ASSISTANCE
SCAN TO BOOK

## फटाफट खबरें

### INS सिंधुघोष 40 साल बाद सेवामुक्त

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: भारतीय नौसेना में 40 वर्ष की सेवा के बाद आईएनएस सिंधुघोष को मुंबई में सेवामुक्त कर दिया गया। इसके लिए नौसेना डॉकयार्ड पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। पश्चिमी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन मुख्य अतिथि थे। पनडुब्बी को अंतिम विदाई लेफ्टिनेंट कमांडर रजत शर्मा के नेतृत्व में दी गई। पनडुब्बी के दूसरे कमांडिंग ऑफिसर रहे कैप्टन के.आर. अजरेकर (सेवानिवृत्त) को गेस्ट ऑफ ऑनर थे।

### इसरो के अध्यक्ष नारायणन सम्मानित

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: इसरो के अध्यक्ष वी. नारायणन को गीतांजलि ग्लोबल अवॉर्ड फॉर साइंस ऐंड टेक्नॉलजी और गीतांजलि ग्लोबल अवॉर्ड फॉर बिजनेस वेदांत के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल को दिया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष पंकज चितलांगिया ने बताया कि चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की संस्था गीतांजलि एक्सप्रेस का वार्षिक अधिवेशन विले पार्ले (पूर्व) में आयोजित किया गया है। अधिवेशन का विषय 'वेल्थ, वॉर, ऐंड विजडम' है।

### मुआवजे को लेकर किया जवाब तलब

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: बॉम्बे हाई कोर्ट ने राज्य सरकार से महाराष्ट्र राज्य मानवाधिकार आयोग (SHRC) की पीड़ितों को मुआवजा देने संबंधी सिफारिशें पेंडिंग होने के मामले में जवाब मांगा है। कोर्ट ने सरकार के संबंधित विभाग को चार हफ्ते में हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने यह निर्देश एक जनहित याचिका पर सुनवाई के बाद दिया है। करीब 136 सिफारिशें पेंडिंग हैं, जिस पर कोर्ट ने चिंता जाहिर की है।

### श्री खाटू श्याम जीवन नाटिका का होगा मंचन

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की ओर से ठाणे (पश्चिम) में खाटू श्याम जीवन नाटिका का मंचन होगा। इस कार्यक्रम में मुंबई के अग्रवाल समाज का जमावड़ा होगा। ठाणे इकाई के चेयरमैन महेश बंशीधर अग्रवाल ने यह जानकारी दी है।

# यूट्यूबर के डीपफेक से किया गया साइबर फ्रॉड

## विडियो से निवेश करवाया, यूट्यूबर ने की शिकायत

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई

डीपफेक तकनीक के जरिए यूट्यूबर पायल धरे के नाम और उसके चेहरे का इस्तेमाल कर साइबर ठगों ने कई लोगों के साथ साइबर फ्रॉड किया है। राज्य साइबर पुलिस ने बताया कि पायल जैसी दिखने वाली लड़की का फर्जी विडियो और वॉयस क्लिप बनाकर निवेश और प्रमोशन के नाम पर लोगों से पैसे ऐंठे गए। कई पीड़ितों ने सोशल मीडिया पर इसकी शिकायतें साझा कीं, जिसके बाद मामला सामने आया। पायल ने भी इसकी शिकायत दर्ज कराई है।

राज्य साइबर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और सोशल मीडिया से फर्जी कंटेंट हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पायल धरे इन्फ्लुएंसर और यूट्यूबर हैं। उन्हें सोशल मीडिया पर पायल गेमिंग के नाम से जाना जाता है। इंस्टाग्राम पर पायल के 40 लाख फॉलोअर्स हैं और 2024 में मोदी से मिलने वाली वह एकमात्र गेमर यूट्यूबर थीं।

**आकर्षक लाभ का प्रचार कर फ्रॉड**

राज्य साइबर पुलिस के जांच अधिकारियों ने बताया कि साइबर ठगों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) आधारित डीपफेक टूल्स का इस्तेमाल कर पायल की आवाज और चेहरे से मिलते-जुलते विडियो तैयार किए। इनको इंस्टाग्राम, टेलीग्राम और वॉट्सऐप पर शेयर कर फर्जी निवेश योजना व आकर्षक लाभ का प्रचार किया गया।



**क्या है डीपफेक फ्रॉड?**

डीपफेक फ्रॉड वह अपराध है, जिसमें AI की मदद से किसी व्यक्ति का चेहरा, आवाज या विडियो इस तरह बदला या बनाया जाता है कि वह असली लगे। इसका इस्तेमाल ठगी, बदनामी, ब्लैकमेलिंग और फर्जी प्रमोशन के लिए किया जाता है।

**डीपफेक फ्रॉड से रहें सतर्क**

- किसी भी विडियो या ऑडियो की ऑथेंटिसिटी जांचें।
- निवेश या प्रमोशन लिंक पर क्लिक करने से पहले ऑफिशल अकाउंट की जांच करें।
- हो सके तो, संदिग्ध कंटेंट की संबंधित मूल स्रोत से रिपोर्ट करें।
- टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन और मजबूत पासवर्ड रखें।
- डीपफेक फ्रॉड को लेकर सतर्क रहें।

> **मेरी सालों की पहचान और मेहनत का गलत इस्तेमाल किया गया है। यह सिर्फ मेरे साथ नहीं, किसी के भी साथ हो सकता है। मैं सभी से अपील करती हूं कि किसी भी विडियो या मैसेज पर आंख मूंदकर भरोसा न करें। मैंने इसकी शिकायत राज्य साइबर पुलिस के मुखिया यशस्वी यादव से की है।**
>
> - पायल धरे, यूट्यूबर

## आचार संहिता के बाद हटाए गए 6,300 अवैध बैनर

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: मुंबई में आदर्श आचार संहिता लगते ही बीएमसी प्रशासन ने अवैध बैनरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए 5 दिन में 6,300 बैनर हटाए हैं।

बता दें कि मुंबई के कई इलाके अवैध राजनीतिक होर्डिंग, बैनर, पोस्टर और झंडों से पट चुके थे। BMC के मुताबिक, 1,449 स्थानों पर दीवारों, पब्लिक प्लेसेस, टॉइलेट्स, कार्यालयों और प्रवेश द्वारों पर लिखे गए नामों को कागज से ढक दिया है। इस दौरान, 3,864 बैनर, 624 होर्डिंग, 837 पोस्टर, 901 झंडे और 121 स्थानों पर दीवारों पर किए गए राजनीतिक प्रचार को हटाया गया।




# जांच में देरी, तो पुलिसकर्मियों से सख्ती

## राज्य सरकार ने हाई कोर्ट को दी जानकारी, सर्कुलर जारी

Krishna.Shukla@Timesofindia.com

■ मुंबई: राज्य सरकार ने बॉम्बे हाई कोर्ट को सूचित किया है कि शिकायत पर प्रारंभिक जांच समय पर पूरी न करने वाले पुलिसकर्मियों से सख्ती से निपटा जाएगा। नियमानुसार, जांच 14 दिन में पूरी होनी चाहिए, लेकिन पुलिस समयसीमा का सम्मान नहीं करती। इसके लिए विशेष पुलिस महानिरीक्षक (लॉ ऐंड ऑर्डर) ने सर्कुलर जारी किया है, जो सभी पुलिसकर्मियों पर लागू होगा। राज्य के महाधिवक्ता मिलिंद साठे ने हाई कोर्ट को यह जानकारी दी है।

राज्य की पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर 18 दिसंबर 2025 को इस संबंध में सर्कुलर जारी किया गया है। इसमें सभी पुलिसकर्मियों को प्रारंभिक जांच से जुड़े प्रावधान का पालन करने के लिए कहा गया है। कानूनी प्रावधान की अनदेखी और जांच में सुस्ती पर कारण बताओ नोटिस जारी कर कार्रवाई होगी। पिछली सुनवाई पर कोर्ट ने काशिमीरा पुलिस स्टेशन द्वारा प्रारंभिक जांच से जुड़े बीएनएसएस कानून का पालन न करने के खुलासे पर नाराजगी जाहिर की थी।


AI

**ASG को पैरवी के लिए बुलाया था**

याचिका में उक्त पुलिस स्टेशन को एक शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज करने का निर्देश देने की मांग की गई थी। पुलिस को यह शिकायत अक्टूबर 2025 में दी गई थी पर पुलिस ने इस पर निर्णय नहीं किया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोर्ट ने राज्य के महाधिवक्ता और अडिशनल सॉलिसिटर जनरल (ASG) अनिल सिंह को पैरवी के लिए बुलाया था।

## यौन उत्पीड़न की विक्टिम को मिलेगा मुआवजा

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: बॉम्बे हाई कोर्ट के दखल पर यौन उत्पीड़न का शिकार महिला को राज्य सरकार मुआवजा देने के लिए तैयार हो गई है। कोर्ट ने राज्य के गृह विभाग को इस संबंध में कंपनसेशन स्कीम के तहत निर्णय लेने का निर्देश दिया था। सरकारी वकील ने कहा कि सरकार विक्टिम को चार लाख रुपये मुआवजा देगी। इस पर कोर्ट ने कहा कि एक लाख रुपये विक्टिम के खाते में जमा किया जाए, बाकी फिक्स डिपॉजिट करें।

> एक लाख रुपये तत्काल देने और बाकी डिपॉजिट के निर्देश

## ऑनलाइन पेमेंट से दादर के ज्वेलर को लगाया चूना

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: दादर (पूर्व) इलाके में सोने-चांदी के एक व्यापारी से ऑनलाइन भुगतान का फर्जी स्क्रीनशॉट दिखाकर 37,600 रुपये की ठगी की गई है। पीड़ित ज्वेलर की शिकायत पर पुलिस ने महिला के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने आरोपी की पहचान ध्वनी गौर के रूप में की है।

> स्क्रीनशॉट दिखाकर महिला ने की 37,600 रुपये की ठगी

शिकायतकर्ता विनोद बाबूलाल जैन की दादर-पूर्व स्थित लोकप्रकाश भवन में जनता ज्वेलर्स शॉप है। जैन के अनुसार, 22 अगस्त को महिला ने दुकान से 3.35 ग्राम की बालियां और 0.25 ग्राम की नथ खरीदी। दोनों आइटम्स का बिल 37,600 रुपये बना। महिला ने दो तोले के मंगलसूत्र का ऑर्डर भी दिया, जो आठ दिन बाद तैयार होना था। पीड़ित के मुताबिक, महिला ने भुगतान के लिए ऑनलाइन NFT के जरिए 1.40 लाख रुपये ट्रांसफर करने का दावा किया और एक स्क्रीनशॉट दिखाया। आरोप है कि स्क्रीनशॉट में टोटल अमाउंट और बैलेंस से जुड़ी जानकारी छिपाई गई थी। भुगतान हो जाने के भरोसे जैन ने महिला को सोने की बालियां और नथ दे दीं और बिल रसीद भी बना दी। जब जैन को पता चला कि उनके बैंक खाते में कोई रकम क्रेडिट नहीं हुई, तो उन्होंने महिला से संपर्क किया, लेकिन वह बैंक बंद होने और बाद में भुगतान होने की बात कहकर टालती रही।

## महाराष्ट्र स्त्री मुक्ति परिषद का 3 को सम्मेलन

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: महाराष्ट्र स्त्री-मुक्ति आंदोलन के 50 वर्ष पूरे होने पर तीन दिवसीय राज्यस्तरीय सम्मेलन की शुरुआत शनिवार से हुई। सम्मेलन का उद्घाटन सांसद सुप्रिया सुले ने किया। इसमें राज्य के 31 जिलों से 800 से अधिक महिला और ट्रांसजेंडर हुए। 92 महिला संगठनों ने सक्रिय भागीदारी की है। एक साल में महिलाओं की समस्याओं पर किए गए काम और सेफ्टी ऑडिट की जानकारी देते हुए रिपोर्ट साझा की। ऐडवोकेट इंदिरा जयसिंह ने कहा कि, महात्मा गांधी और डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर ने देश में महिलाओं को अधिकारों के लिए लड़ना सिखाया।

## मछली सुखाने की जगह के विवाद पर कमिटी गठित

### कोर्ट ने कहा, कमिटी 10 दिन मे निकाले समस्या

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: बॉम्बे हाई कोर्ट ने खार में मछली सुखाने की जगह से जुड़े विवाद के निपटारे के लिए तीन सदस्यीय कमिटी गठित की है। कमिटी में नगर विकास विभाग के अडिशनल प्रिंसिपल सेक्रेटरी, उपनगर कलेक्टर और SRA के सीईओ को शामिल किया गया है। कमिटी को 10 दिन में समस्या का समाधान निकालने के लिए कहा गया है। कमिटी जब तक मामले का निपटारा नहीं कर देती, तब तक जमीन को यथावत रखा जाए।

जस्टिस गिरीश कुलकर्णी और जस्टिस आरती साठे की बेंच ने कहा कि जिस जगह को लेकर विवाद है, उसका मालिकाना हक सरकार के पास है। सरकार की जिम्मेदारी है कि वह अपनी जमीन की सुरक्षा करे। दरअसल, जिस भूखंड को लेकर विवाद है, वहां पर झोपड़पट्टी है। इस जमीन से सटी खुली जगह का इस्तेमाल खार दांडा के मछुआरे मछली सुखाने के लिए करते थे। अब इस जगह पर प्रस्तावित स्लम स्कीम के तहत रीडिवेलपमेंट की तैयारी है। मछली सुखाने की जगह स्लम घोषित करने के खिलाफ मछुआरों की दो वेलफेयर सोसायटी ने कोर्ट में याचिका दायर की है। 10 जनवरी को याचिका पर अगली सुनवाई है। याचिका में कहा गया है कि एसआरए में जमीन को स्लम घोषित करने से 1,300 परिवार प्रभावित होंगे।

